राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति, छत्तीसगढ़

भारत सरकार

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

पर्यावास भवन, सेक्टर–19, नवा रायपुर अटल नगर, जिला–रायपुर (छ.ग.)

ई–मेल : seaccg@gmail.com

विषय:– <u>राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति (एस.ई.ए.सी.), छत्तीसगढ़ की दिनांक 11/08/2023 को संपन्न 484वीं बैठक का कार्यवाही विवरण</u>

——00——

राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति (एस.ई.ए.सी.), छत्तीसगढ़ की 484वीं बैठक दिनांक 11/08/2023 को डॉ. बी.पी. नोन्हारे, अध्यक्ष, राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में समिति के निम्नलिखित सदस्यों ने भाग लिया:–

1. डॉ. शैलेश कुमार जाधव, सदस्य, राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति
2. श्री एम.के. चन्द्राकर, सदस्य, राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति
3. श्री विकास सिंह ठुग, सदस्य, राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति
4. डॉ. मनोज कुमार चोपकर, सदस्य, राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति
5. श्री डी. राहुल वेंकट, सदस्य सचिव, राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति

समिति द्वारा एजेण्डा में सम्मिलित विषयों पर निम्नानुसार विचार किया गया:–

एजेण्डा आइटम क्रमांक–1: **483वीं बैठक दिनांक 10/08/2023 के कार्यवाही विवरण के अनुमोदन के संबंध में।**

राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति (एस.ई.ए.सी.), छत्तीसगढ़ की 483वीं बैठक दिनांक 10/08/2023 को संपन्न हुई थी। समिति को अवगत कराया गया कि बैठक का कार्यवाही विवरण तैयार किया जा रहा है, जिसे समिति के समक्ष शीघ्र प्रस्तुत किया जाएगा। उक्त स्थिति से समिति सहमत हुई।

एजेण्डा आइटम क्रमांक–2: **औद्योगिक परियोजनाओं संबंधी प्रकरणों के प्रस्तुतिकरण उपरांत पर्यावरणीय स्वीकृति / टीओआर/अन्य आवश्यक निर्णय लिया जाना।**

1. **मेसर्स इंद्रमणी स्टील्स (प्रोप्रा.–श्री संजीव कुमार जायसवाल), टेकारी इण्डस्ट्रीयल इस्टेट, ग्राम–टेकारी, तहसील व जिला–रायपुर (सचिवालय का नस्ती क्रमांक 2368)**

ऑनलाईन आवेदन – प्रपोजल नम्बर – एसआईए/ सीजी/ आईएनडी1/418217/ 2023, दिनांक 04/04/2023 द्वारा टी.ओ.आर. हेतु आवेदन किया गया है।

प्रस्ताव का विवरण – यह क्षमता विस्तार का प्रकरण है। परियोजना प्रस्तावक द्वारा टेकारी इण्डस्ट्रीयल इस्टेट, ग्राम–टेकारी, तहसील व जिला–रायपुर स्थित खसरा क्रमांक 328/2 एवं 324/2, कुल क्षेत्रफल–0.28 हेक्टेयर में क्षमता विस्तार के तहत् रोलिंग एवं इण्डक्शन मिल क्षमता 2,000 टन प्रतिवर्ष से 3,600 टन प्रतिवर्ष हेतु आवेदन

किया गया है। विस्तार हेतु परियोजना का विनियोजन लागत 2.586 करोड़ होगा एवं परियोजना का कुल विनियोजन 5.086 करोड़ होगा।

तदानुसार परियोजना प्रस्तावक को एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के ज्ञापन दिनांक 03/05/2023 द्वारा प्रस्तुतीकरण हेतु सूचित किया गया।

बैठक का विवरण –

(अ) समिति की 443वीं बैठक दिनांक 11/05/2023

प्रस्तुतीकरण हेतु श्री एस.आर. देवांगन, अधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित हुए। समिति द्वारा पाया गया, प्रस्तुत जानकारी का अवलोकन एवं परीक्षण करने पर पाया गया कि परियोजना हेतु कुल क्षेत्रफल 1.328 हेक्टेयर के स्थान पर त्रुटिवश 0.28 हेक्टेयर का उल्लेख करते हुए परियोजना प्रस्तावक द्वारा आवेदन किया गया है।

समिति द्वारा विचार विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से परियोजना प्रस्तावक के ऑनलाईन आवेदन में त्रुटि होने के कारण से ऑनलाईन आवेदन को डि-लिस्ट / निरस्त किये जाने की अनुशंसा की गई तथा ई.आई.ए. नोटिफिकेशन 2006 (यथा संशोधित) के तहत पालन करते हुए पुनः आवेदन करने की अनुशंसा की गई।

राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आकलन प्राधिकरण (एस.ई.आई.ए.ए.), छत्तीसगढ़ को तदानुसार सूचित किया जाए।

2. **मेसर्स स्वाति इस्पात प्राईवेट लिमिटेड, ग्राम–[illegible], तहसील व जिला–रायपुर (अभिलेखागार का नस्ती क्रमांक 2361)**

ऑनलाईन आवेदन – प्रपोजल नम्बर – एसआईए/ सीजी/ आईएनडी1/424838/ 2023, दिनांक 04/04/2023 द्वारा टी.ओ.आर. हेतु आवेदन किया गया है।

प्रस्ताव का विवरण – परियोजना प्रस्तावक द्वारा ग्राम–[illegible], तहसील व जिला–रायपुर स्थित खसरा क्रमांक 397, 398, 395, 399, 431/3, 431/7, 434/2, 433, 434/1-8, 434 एवं 434/18, कुल क्षेत्रफल–2.408 हेक्टेयर, रि-रोलिंग स्टील प्रोडक्ट्स (सभी प्रकार के स्टील आईटम्स एवं सेक्शन, एंगल, चैनल्स, जोईस्ट्स, फ्लैट्स, पाईप्स, स्ट्रक्चर्स, टी.एम.टी. बार्स आदि)–60,000 टन प्रतिवर्ष एवं फेब्रिकेशन ऑफ टॉवर पार्ट्स, इलेक्ट्रिकल पोल्स, सब स्टेशन एवं रेलवे स्ट्रक्चर्स एवं पार्ट्स – 18,000 टन प्रतिवर्ष के लिए टी.ओ.आर. हेतु आवेदन किया गया है। परियोजना का विनियोजन लागत 8 करोड़ होगा।

तदानुसार परियोजना प्रस्तावक को एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के ज्ञापन दिनांक 03/05/2023 द्वारा प्रस्तुतीकरण हेतु सूचित किया गया।

बैठक का विवरण –

(अ) समिति की 443वीं बैठक दिनांक 11/05/2023

प्रस्तुतीकरण हेतु श्री दिनेश कुमार [illegible], अधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित हुए। समिति द्वारा पाया गया, प्रस्तुत जानकारी का अवलोकन एवं परीक्षण करने पर निम्न स्थिति पाई गई–

1. **जल एवं वायु सम्मति –**

- क्षेत्रीय कार्यालय, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, रायपुर द्वारा रि-रोलिंग स्टील प्रोडक्ट्स (सभी प्रकार के स्टील आईटम्स एवं सेक्शन, एंगल,

राउण्ड्स, स्क्वेयर्स, फ्लैट्स, चैनल्स, एंगल्स, टी.एम.टी. बार्स आदि)–60,000 टन प्रतिवर्ष एवं फेब्रिकेशन ऑफ टॉवर पार्ट्स, इलेक्ट्रिकल पोल्स, सब स्टेशन एण्ड रेल्वे स्ट्रक्चर्स एण्ड पार्ट्स – 18,000 टन प्रतिवर्ष हेतु जल एवं वायु सम्मति नवीनीकरण दिनांक 09/07/2018 को जारी की गई। जिसकी वैधता दिनांक 31/07/2023 तक है।

- पूर्व में जारी सम्मति के शर्तों के पालन में की गई कार्यवाही की बिन्दुवार जानकारी प्रस्तुत नहीं की गई है। समिति का मत है कि पूर्व में जारी जल एवं वायु संचालन सम्मति के पालन हेतु छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल से पालन प्रतिवेदन प्राप्त कर प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है।

- प्रस्तुतीकरण के दौरान परियोजना प्रस्तावक द्वारा बताया गया कि पूर्व में रोलिंग मिल हेतु सम्मति वर्ष 2008 में प्राप्त की गई थी, जिसमें ईंधन के रूप में फर्नेस ऑयल का उपयोग किया जाना बताया गया है। तत्पश्चात् एम.एस. पाईप फेब्रिकेशन हेतु सम्मति वर्ष 2008 में प्राप्त की गई थी। कालांतर रोलिंग मिल में ईंधन के रूप में फर्नेस ऑयल इसके स्थान पर कोल गैसीफायर हेतु संशोधित सम्मति वर्ष 2012 में प्राप्त की गई। समिति का मत है कि उपरोक्त सम्मति की प्रति ई.आई.ए. के समक्ष प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है।

2. **निकटतम स्थित सुविधाओं संबंधी जानकारी –**

- समीपस्थ आबादी उरला 400 मीटर की दूरी पर स्थित है। निकटतम शहर रायपुर 5 कि.मी., निकटतम रेल्वे स्टेशन रायपुर 8.4 कि.मी. की दूरी पर स्थित है। स्वामी विवेकानंद विमानतल, माना, रायपुर 16 कि.मी. की दूरी पर स्थित है। राष्ट्रीय राजमार्ग 2.2 कि.मी. एवं खारून नदी 3.8 कि.मी. दूर है।

- परियोजना प्रस्तावक द्वारा 10 किलोमीटर की परिधि में अंतर्राज्यीय सीमा, राष्ट्रीय उद्यान, अभयारण्य, पारिस्थितिकीय संवेदनशील क्षेत्र या घोषित जैवविविधता क्षेत्र स्थित नहीं होना प्रतिवेदित किया है।

3. **भूमि संबंधी विवरण** :– पूर्व में भूमि श्री ओमप्रकाश अग्रवाल के नाम पर थी। तत्पश्चात् दिनांक 10/01/2008 को भूमि की मेसर्स स्वास्तिक इस्पात प्राईवेट लिमिटेड के नाम पर हस्तांतरित की गई। भूमि एग्रीमेंट की प्रति प्रस्तुत कि गई है।

4. **लेण्ड यूसेज ब्रेकअप –**

S.No.	Land use	Area (SQM)
1.	Rolling Mill Shed Area	4,175.20
2.	Raw Material Area	1,350.80
3.	Finished Goods Area	1,228.00
4.	Fabrication Shed Area	1,535.00
5.	Coal Yard Area	706.46
6.	Parking Area	982.40
7.	Neutralization Tank Area	1,426.24
8.	Green Belt Area	7,417.12
9.	Office Area	180.00

10	Road Area	4,885.40
11	Open Area	911.30
Total		24,588.91

5. रॉ-मटेरियल –

Raw Material	Quantity (TPA)	Source	Mode of Transport
Billets/ Ingots	63,000	Open Market	By Road

6. मटेरियल बैलेन्स–

INPUT	
Material	TPA
Billets	63,000
OUTPUT	
Re-rolled steels product	60,000
Mill Scale	1600
End Cutting	1400

7. प्रस्तावित इकाई संबंधी जानकारी –

S. No.	Particular	Proposed
1.	Unit	Regularization of Re-heating Rolling Mill
2.	Products	Re-rolled products – 60,000 TPA
S. No.	Particular	Proposed
1.	Unit	Regularization of Fabrication Mill
2.	Products	Fabrication Products – 18,000 TPA

8. वायु प्रदूषण नियंत्रण व्यवस्था – प्रस्तावित कार्यकलाप हेतु उच्च दक्षता का बैग फिल्टर लगाया गया है एवं 30 मीटर ऊंचाई की चिमनी स्थापित होना बताया गया है। स्थापित चिमनी से पार्टिकुलेट मैटर का उत्सर्जन 30 मिलिग्राम/सामान्य घनमीटर रखा जाता है। फ्यूजिटिव डस्ट उत्सर्जन नियंत्रण हेतु जल छिड़काव की व्यवस्था है।

9. ठोस अपशिष्ट अपवहन व्यवस्था – रोलिंग मिल से मिल स्केल– 1,600 टन प्रतिवर्ष एवं एण्ड कटिंग – 1,400 टन प्रतिवर्ष अपशिष्ट के रूप में उत्पन्न होता है। मिल स्केल एवं एण्ड कटिंग को समीपस्थ स्टील प्लांट इकाई को विक्रय किया जाता है। साथ ही यूज्ड ऑयल 0.2 किलोलीटर प्रतिवर्ष जनित होता है, जिसका उपयोग मशीनों में लुब्रिकेशन के लिए किया जाता है।

10. जल प्रबंधन व्यवस्था –

- जल स्त्रोत एवं खपत –परियोजना हेतु प्रारंभ में कुल 28 घनमीटर (वन टाईम) जल की आवश्यकता होती है। परियोजना हेतु प्रति दिवस कुल 28 घनमीटर प्रतिदिन (औद्योगिक उपयोग हेतु 18 घनमीटर प्रतिदिन, घरेलू उपयोग हेतु 4 घनमीटर प्रतिदिन एवं ग्रीन बेल्ट एवं डस्ट सप्रेशन हेतु 6 घनमीटर प्रतिदिन) उपयोग किया जाता है। जल की आपूर्ति भू-जल से की जाती है। भू-जल की उपलब्धता हेतु केन्द्रीय ग्राउण्ड वाटर अथॉरिटी से अ

ग्राउंडवाटर अथॉरिटी हेतु दिनांक 23/01/2021 द्वारा जारी अनुमति पत्र की प्रति प्रस्तुत की गई है।

- **जल प्रदूषण नियंत्रण व्यवस्था** – औद्योगिक प्रक्रिया से दूषित जल उत्पन्न होता है। कूलिंग उपरांत प्राप्त दूषित जल को ठंडा कर पुनः कूलिंग हेतु उपयोग में लाया जाता है। घरेलू दूषित जल के उपचार हेतु सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित है। शून्य निस्त्रावण की स्थिति रखी जाती है।

- **भू–जल उपयोग प्रबंधन** – परियोजना स्थल सेंट्रल ग्राउण्ड वाटर बोर्ड के अनुसार क्रिटिकल जोन में आता है। जिसके अनुसार–

  (अ) वृहद एवं मध्यम उद्योगों को कम से कम 50 प्रतिशत दूषित जल का पुनर्चक्रण एवं पुनःउपयोग किया जाना है।

  (ब) ग्राउण्ड वाटर निकासी हेतु अपनाई गई तकनीक तथा रेनवाटर हार्वेस्टिंग /आर्टिफिशियल जल रिचार्ज के आधार पर भू–जल निकाले जाने की अनुमति सेंट्रल ग्राउण्ड वाटर बोर्ड द्वारा दिये जाने का प्रावधान है। अतः उद्योग द्वारा परिसर में रेनवाटर हार्वेस्टिंग व्यवस्था की जाना आवश्यक है।

- **रेन वॉटर हार्वेस्टिंग व्यवस्था** – रेन वॉटर हार्वेस्टिंग व्यवस्था की विस्तृत विवरण/जानकारी फाईनल ई.आई.ए. रिपोर्ट के साथ प्रस्तुत किया जाना प्रस्तावित है।

11. **विद्युत आपूर्ति स्त्रोत** – परियोजना हेतु कुल 6 मेगावॉट विद्युत की आवश्यकता होती है। विद्युत की आपूर्ति छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कम्पनी लिमिटेड से की जाती है।

12. **वृक्षारोपण संबंधी जानकारी** – हरित पट्टिका के विकास हेतु कुल क्षेत्रफल के 0.83 हेक्टेयर (33 प्रतिशत) क्षेत्र में 2,080 नग पौधे रोपित किया जाना प्रस्तावित है। वर्तमान में उद्योग परिसर के भीतर 200 नग पौधे रोपित किये गए है।

13. प्रस्तुतीकरण के दौरान परियोजना प्रस्तावक द्वारा बताया गया कि बेसलाईन डाटा कलेक्शन का कार्य 01 मार्च 2022 से प्रारंभ किया गया। उक्त के संबंध में 10/03/2022 को सूचना दी गई।

14. भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा जारी अधिसूचना क्रमांक का.आ. 3250(अ), दिनांक 20/07/2022 के अनुसार " The Central Government hereby directs that all the standalone re-rolling units or cold rolling units, which are in existence and in operation as on the date of this notification, with valid Consent to Establish (CTE) and Consent to Operate (CTO) from the concerned State Pollution Control Board or the Union territory Pollution Control Committee, as the case may be, shall apply online for grant of Terms of Reference (ToR) followed by Environment Clearance and the said units shall be granted Standard Terms of Reference as per item 3(a) of the said notification and shall be exempted from the requirement of public consultation.

    Provided that the application for the grant of ToR shall be made within a period of one year from the date of this notification." का उल्लेख है।

समिति द्वारा विचार विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा जारी अधिसूचना क्रमांक का.आ. 3250(अ), दिनांक 20/07/2022 के अनुसार स्टैण्डर्ड टर्म्स ऑफ रिफरेंस (टीओआर)

ऑफ ई.आई.ए./ई.एम.पी. रिपोर्ट ऑफ प्रोजेक्ट्स/एक्टिविटीज रिक्वायरिंग एनवायरमेंट क्लियरेंस अण्डर ई.आई.ए. नोटिफिकेशन, 2006 में वर्णित श्रेणी 3(ए) का स्टैण्डर्ड टी.ओ.आर. (विथ पब्लिक हियरिंग) मेटलर्जिकल इण्डस्ट्रीज (फेरस एण्ड नॉन-फेरस) हेतु निम्न अतिरिक्त टी.ओ.आर. के साथ जारी किये जाने की अनुशंसा की गई–

i. Project proponent shall submit the plant layout plan alongwith KML file.

ii. Project proponent shall submit certified compliance report from Chhattisgarh Environment Conservation Board of air and water consent.

iii. Project proponent shall submit all the air and water consent copy issued by Chhattisgarh Environment Conservation Board.

iv. Project proponent shall submit details of air pollution control equipments with stack height calculation and pollution emission level calculation.

v. Project proponent shall submit the coal consumption details at the time consent issued by board and as per the applied proposal.

vi. Project proponent shall submit coal gasifier capacity at the at the time consent issued by board and as per the applied proposal.

vii. Project proponent shall submit the details of waste water generated from the fabrication unit during acid treatment, water washing, galvanizing etc. Project proponent shall also submit the waste water treatment facility.

viii. Project proponent shall submit the details of solid waste generation from the fabrication unit.

ix. EIA study shall be done at minimum 8 no. of stations for data collection considering the pre-dominant wind direction.

x. Project proponent shall submit the copy of panchnama and photographs of every monitoring station.

xi. Project proponent shall submit calculation regarding total storm water received in the premises, potential of rain water harvesting and quantity to be harvested along with details of proposed structures in EIA report.

xii. Project proponent shall submit details of Traffic impact study report.

xiii. Project proponent shall submit details of DG set alongwith stack height calculation.

xiv. The project proponent shall submit an undertaking that there is no court case pending relating to this project before any Court of Law in India.

xv. The project proponent shall submit an undertaking in the form of an affidavit stating that there is no violation of Notification S.O. 804(E) dated 14/03/2017 issued by Ministry of Environment, Forest and Climate Change, Government of India and the direction given by Hon'ble Supreme Court of India in the matter of Common Cause vs Union of India order dated 02.08.2017.

xvi. Project proponent shall submit the details of plantation undertaken during the current year & shall submit the details of proposed plantation incorporating the plant cost, fertilizer cost, irrigation cost, maintenance cost for atleast 5 years and the details alongwith photographs in the EIA report.

xxii. Project proponent shall submit CER proposals of plantation with details of works alongwith their estimates including land cost and incorporating the plant cost, fertilizer cost, irrigation cost and maintenance cost for atleast 5 years & incorporate in the EIA report.

राज्य स्तरीय पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण (एस.ई.आई.ए.ए.), छत्तीसगढ़ को तदानुसार सूचित किया जाए।

एजेण्डा आयटम क्रमांक–3 : परियोजना प्रस्तावकों द्वारा प्रेषित वांछित जानकारी/दस्तावेज प्राप्त प्रकरणों में अवलोकन पश्चात् विचार कर पर्यावरणीय स्वीकृति / टीओआर / अन्य आवश्यक निर्णय लिया जाना।

1. **मेसर्स बलरामपुर सेण्ड क्वारी (बी–2) (प्रो.– श्रीमती कुसुमलता साहू), ग्राम–बलरामपुर, तहसील–बलरामपुर, जिला–बस्तर (सचिवालय का नस्ती क्रमांक 1958)**

ऑनलाईन आवेदन – प्रपोजल नम्बर – एसआईए/ सीजी/ एमआईएन/ 261xxx/2022, दिनांक 04/03/2022 द्वारा पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु आवेदन किया गया है।

प्रस्ताव का विवरण – यह प्रस्तावित रेत (गौण खनिज) खदान है। खदान ग्राम–बलरामपुर, तहसील–बलरामपुर, जिला–बस्तर स्थित नदी और खसरा क्रमांक – 184, कुल क्षेत्रफल–2.88 हेक्टेयर में प्रस्तावित है। उत्खनन मशीनरी नहीं से किया जाना प्रस्तावित है। खदान की अधिकतम उत्खनन क्षमता–17,800 घनमीटर प्रतिवर्ष है।

तदानुसार परियोजना प्रस्तावक को एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के ज्ञापन दिनांक 23/06/2022 द्वारा प्रस्तुतीकरण हेतु सूचित किया गया।

बैठकों का विवरण –

(अ) समिति की 412वीं बैठक दिनांक 28/06/2022

प्रस्तुतीकरण हेतु श्री ओंकार सिंह, अधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित हुए। समिति द्वारा नस्ती, प्रस्तुत जानकारी का अवलोकन एवं परीक्षण करने पर निम्न स्थिति पाई गई–

1. **पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति संबंधी विवरण**– इस खदान को पूर्व में पर्यावरणीय स्वीकृति जारी नहीं की गई है।
2. **ग्राम पंचायत का अनापत्ति प्रमाण पत्र** – रेत उत्खनन के संबंध में ग्राम पंचायत बलरामपुर का दिनांक 26/11/2018 का अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया गया है।
3. **विवादित/सीमांकित** – कार्यालय कलेक्टर, खनिज शाखा से प्राप्त प्रमाण पत्र अनुसार यह खदान विवादित/सीमांकित नहीं घोषित है।
4. **उत्खनन योजना** – खदान प्लान प्रस्तुत किया गया है, जो खनि अधिकारी, जिला–दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा के ज्ञापन क्रमांक 660/खनिज/उ.यो./2021–22 दंतेवाड़ा, दिनांक 06/02/2022 द्वारा अनुमोदित है।
5. **500 मीटर की परिधि में स्थित खदान** – कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जगदलपुर, जिला–बस्तर के ज्ञापन क्रमांक 303–बी/खनिज/खलि.2/रेत खदान/2022 जगदलपुर, दिनांक 25/02/2022 के अनुसार आवेदित खदान से 500 मीटर के भीतर संचालित 1 खदान, क्षेत्रफल 1.12 हेक्टेयर है।

6. **200 मीटर की परिधि में स्थित सार्वजनिक क्षेत्र/संरचनाएं** – कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जगदलपुर, जिला–बस्तर के ज्ञापन क्रमांक 302–बी/खनिज/सा.लि.3/रेत खदान/2022 जगदलपुर, दिनांक 25/02/2022 द्वारा जारी प्रमाण पत्र अनुसार उक्त खदान के 200 मीटर की परिधि में कोई भी सार्वजनिक क्षेत्र जैसे राष्ट्रीय राजमार्ग, राजमार्ग, पुल, बांध, स्कूल, अस्पताल, मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारा, श्मशान एवं एनीकट आदि प्रतिबंधित क्षेत्र स्थित नहीं है।

7. **एल.ओ.आई. का विवरण** – एल.ओ.आई. श्रीमती कुसुमलता साहू के नाम पर है, जो कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा), जिला–बस्तर के ज्ञापन क्रमांक 3036/खनिज/सा.लि.3/रिवर्स ऑक्शन (रेत)/2022 जगदलपुर, दिनांक 14/01/2022 द्वारा जारी की गई, जिसकी अवधि 6 माह हेतु वैध है। समिति का मत है कि एल.ओ.आई. की वैधता वृद्धि के संबंध में जानकारी/दस्तावेज प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है।

8. **वन विभाग का अनापत्ति प्रमाण पत्र** – लीज सीमा से निकटतम वन क्षेत्र की वास्तविक दूरी संबंधी जानकारी, वन विभाग से जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है।

9. **डिस्ट्रिक्ट सर्वे रिपोर्ट** – वर्ष 2018 की डिस्ट्रिक्ट सर्वे रिपोर्ट (District Survey Report) की प्रति प्रस्तुत की गई है।

10. **महत्वपूर्ण संरचनाओं की दूरी** – निकटतम आबादी ग्राम–[illegible] 1.26 कि.मी. एवं स्कूल ग्राम–[illegible] 2.5 कि.मी. की दूरी पर स्थित है। राष्ट्रीय राजमार्ग 10.83 कि.मी. एवं राजमार्ग 38 कि.मी. दूर है।

11. **पारिस्थितिकीय/जैवविविधता संवेदनशील क्षेत्र** – परियोजना प्रस्तावक द्वारा 10 कि.मी. की परिधि में अंतर्राज्यीय सीमा, राष्ट्रीय उद्यान, अभयारण्य, केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा घोषित क्रिटिकली पोल्यूटेड एरिया, पारिस्थितिकीय संवेदनशील क्षेत्र या घोषित जैवविविधता क्षेत्र स्थित नहीं होना प्रतिवेदित किया है।

12. **खनन स्थल पर नदी के पाट की चौड़ाई एवं खदान की नदी तट से दूरी** – आवेदन अनुसार खनन स्थल पर नदी के पाट की चौड़ाई – अधिकतम 150 मीटर, न्यूनतम 118 मीटर तथा खनन स्थल की औसत लंबाई – 368 मीटर खनन स्थल की चौड़ाई – अधिकतम 23 मीटर, न्यूनतम 21 मीटर दर्शाई गई है। खदान की नदी तट के किनारे से दूरी अधिकतम 25 मीटर, न्यूनतम 18 मीटर है।

13. **खदान स्थल पर रेत की मोटाई** – आवेदन अनुसार स्थल पर रेत की गहराई – 3 मीटर तथा रेत खनन की प्रस्तावित गहराई – 2 मीटर दर्शाई गई है। अनुमोदित माईनिंग प्लान अनुसार खदान में माईनेबल रेत की मात्रा – 17,600 घनमीटर है। रेत उत्खनन हेतु प्रस्तावित स्थल पर वर्तमान में उपलब्ध रेत परत की मोटाई जानने के लिए, प्रस्तावित स्थल पर 1 गड्ढा (पिट) खोदकर उसकी वास्तविक गहराई का मापन कर, खनिज विभाग से प्रमाणित जानकारी प्रस्तुत की गई है। इसके अनुसार रेत की उपलब्ध औसत गहराई 2 मीटर है। रेत की वास्तविक गहराई हेतु पंचनामा प्रस्तुत किया गया है।

14. समिति के संज्ञान में यह तथ्य आया कि प्रस्तुत पंचनामा में रेत की गहराई 2 मीटर बताया गया है। उक्त से यह स्पष्ट नहीं हो रहा है कि प्रस्तावित स्थल पर

सर्वेक्षण में बैड रॉक (Bed Rock) के ऊपर अवस्थित रेत की मोटाई कितनी है? अतः रेत की वास्तविक गहराई का मापन कर, खनिज विभाग से प्रमाणित कराकर दस्तावेज प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है।

15. **खनन क्षेत्र में रेत स्तर के लेवल्स** – रेत उत्खनन हेतु प्रस्तावित क्षेत्र में 25 मीटर गुणा 25 मीटर के ग्रिड बिन्दुओं पर दिनांक 10/02/2022 को रेत स्तर के वर्तमान लेवल्स (Levels) लेकर, उन्हें खनिज विभाग से प्रमाणीकरण उपरांत फोटोग्राफ्स सहित जानकारी/दस्तावेज प्रस्तुत किये गये हैं।

16. **कॉर्पोरेट पर्यावरणीय दायित्व (C.E.R.)** – परियोजना प्रस्तावक द्वारा मेघरी शासकीय प्राथमिक शाला (क्र–1) एवं मेघरी शासकीय प्राथमिक शाला (क्र–2) का समिति के समक्ष सी.ई.आर. (Corporate Environment Responsibility) के तहत राशि व्यय किये जाने हेतु संयुक्त प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है। समिति का मत है कि सी.ई.आर. (Corporate Environment Responsibility) के तहत सी.ई.आर. राशि का व्ययवार विस्तृत परियोजना प्रस्ताव (Detail Project Report) प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है।

17. **वृक्षारोपण कार्य** – वृक्षारोपण (नदी तट पर कुल 40 नग पौधे) हेतु प्रस्तुत प्रस्ताव अनुसार पौधों के लिए राशि 1,200 रूपये, फेंसिंग के लिए राशि 18,000 रूपये, खाद के लिए राशि 450 रूपये, सिंचाई तथा रख–रखाव के लिए राशि 2,04,960 रूपये, इस प्रकार प्रथम वर्ष में कुल राशि 2,24,610 रूपये एवं आगामी 2 वर्ष हेतु कुल राशि 3,88,880 रूपये पंचवर्षीय व्यय का विवरण प्रस्तुत किया गया है। साथ ही समिति का मत है कि नदी के घाट में वृक्षारोपण किये जाने की दशा में बाढ़ की अधिकतम सीमा (Maximum Flood level) को ध्यान में रखते हुये नदी के किनारे (River Bank) वृक्षारोपण किया जाए।

18. रेत उत्खनन मैनुअल विधि से एवं भराई का कार्य लोडर द्वारा कराया जाना प्रस्तावित है।

19. परियोजना प्रस्तावक द्वारा 2 मीटर की गहराई तक उत्खनन की अनुमति चाही है। अनुमोदित उत्खनन योजना में उत्खनन किए जाने वाले क्षेत्र की वार्षिक रेत पुनर्भरण संबंधी अध्ययन कार्य एवं तत्संबंधी आंकड़ों का समावेश नहीं किया गया है। अतः उक्त के संबंध में जानकारी प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है।

समिति द्वारा सम्यक् विवेचना से निम्नानुसार निर्णय लिया गया था:–

1. एस.ओ.आई. की सीमा पुष्टि के संबंध में जानकारी/दस्तावेज प्रस्तुत किया जाए।
2. लीज सीमा से निकटतम जल क्षेत्र की वास्तविक दूरी संबंधी जानकारी हेतु वन विभाग से जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रति प्रस्तुत किया जाए।
3. परियोजना प्रस्तावक को प्रस्तावित स्थल पर सर्वेक्षण में बैड रॉक (Bed Rock) के ऊपर अवस्थित रेत की मोटाई संबंधी जानकारी (दस्तावेज सहित) प्रस्तुत किया जाए।
4. उत्खनन योजना में उत्खनन किए जाने वाले क्षेत्र की वार्षिक रेत पुनर्भरण संबंधी अध्ययन कार्य एवं तत्संबंधी आंकड़ों का समावेश खनिज विभाग से प्राप्त कर जानकारी/दस्तावेज प्रस्तुत किया जाए।
5. प्रस्तावित खनन क्षेत्र की ऊंचाई की जानकारी (अधिकतम एवं न्यूनतम सहित) प्रस्तुत की जाए।

6. मेसर्स बजरंगबली सेण्ड क्वारी (बी-1) एवं मेसर्स बजरंगबली सेण्ड क्वारी (बी-2) का समिति के समक्ष सी.ई.आर. (Corporate Environment Responsibility) के तहत् पौधा रोपण वन निर्माण हेतु संयुक्त प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है। समिति का मत है कि सी.ई.आर. (Corporate Environment Responsibility) के तहत् सी.ई.आर. राशि का व्ययवार विस्तृत परियोजना प्रस्ताव (Detail Project Report) प्रस्तुत किया जाए।

उपरोक्त समस्त पूर्ण जानकारी/दस्तावेज प्रस्तुत किये जाने पश्चात आगामी कार्यवाही की जावेगी।

तदानुसार एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के ज्ञापन दिनांक 16/08/2022 के परिपेक्ष्य में परियोजना प्रस्तावक द्वारा दिनांक 31/03/2023 को जानकारी/दस्तावेज प्रस्तुत किया गया।

(ब) समिति की अगली बैठक दिनांक 11/05/2023

समिति द्वारा नस्ती, प्रस्तुत जानकारी का अवलोकन एवं परीक्षण करने पर निम्न स्थिति पाई गई:-

1. एल.ओ.आई. की वैधता वृद्धि बाबत् न्यायालय संचालक, भौमिकी तथा खनिकर्म, नवा रायपुर अटल नगर के पुनरीक्षण प्रकरण क्रमांक 04/2023 द्वारा जारी पारित आदेश दिनांक 22/03/2023 की प्रति प्रस्तुत की गई है जिसके अनुसार **"उपरोक्त विवेचना के आधार पर पुनरीक्षण प्रकरण स्वीकार करते हुये, छत्तीसगढ़ गौण खनिज साधारण रेत (उत्खनन एवं व्यवसाय) नियम, 2019 के नियम 7(4) परन्तुक के तहत् उक्त प्रकरण में पर्यावरण स्वीकृति प्राप्त करने एवं उत्खनन पट्टा स्वीकृति की कार्यवाही पूर्ण करने हेतु अतिरिक्त समयावधि प्रदान करते हुए प्रकरण कलेक्टर, जिला बस्तर को प्रत्यावर्तित किया जाता है।"** ऐसा बताया गया है। समिति द्वारा पाया गया कि खनिज विभाग द्वारा रेत खदान उत्खनिपट्टा अवधि 02 वर्ष की स्वीकृति हेतु एल.ओ.आई. जारी किया गया है।
2. कार्यालय वन मण्डलाधिकारी, जगदलपुर बस्तर, जिला-जगदलपुर के ज्ञापन क्र./मा.चि.अ./80 जगदलपुर, दिनांक 09/01/2023 से जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र अनुसार आवेदित क्षेत्र निकटतम वन क्षेत्र की सीमा से 5 कि.मी. की दूरी पर है।
3. परियोजना प्रस्तावक को प्रस्तावित स्थल पर वर्षाकाल में बेड रॉक (Bed Rock) के ऊपर आवर्धित रेत की मोटाई संबंधी जानकारी (छायाचित्र सहित) प्रस्तुत नहीं किया गया है।
4. उत्खनन योजना में उत्खनन किए जाने वाले क्षेत्र की वार्षिक रेत पुनर्भरण संबंधी अध्ययन कार्य एवं तत्संबंधी आंकड़ों का सत्यापन खनिज विभाग से प्राप्त कर जानकारी/दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया है।
5. प्रस्तावित खनन क्षेत्र की औसत लंबाई 282 मीटर है।
6. परियोजना प्रस्तावक द्वारा मेसर्स बजरंगबली सेण्ड क्वारी (बी-1) एवं मेसर्स बजरंगबली सेण्ड क्वारी (बी-2) का सी.ई.आर. (Corporate Environment Responsibility) के तहत् पौधा रोपण वन निर्माण हेतु संयुक्त निम्नानुसार विस्तृत प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है:-

Capital Investment (in Lakh Rupees)	Percentage of Capital Investment to be Spent	Amount Required for CER Activities (in Lakh Rupees)	Amount Proposed & Details for CER Activities (in Lakh Rupees)	
			Particulars	CER Fund Allocation (in Lakh Rupees)
18	2%	0.36	Following activities at Nearby Village: Rajawand	
			Pavitra Van Nirman	5.72
			Total	5.72

7. सी.ई.आर. के अंतर्गत "पवित्र वन निर्माण" के तहत् (पीपल, नीम, आम, अर्जुन, बेल, जामुन आदि) वृक्षारोपण हेतु प्रस्तुत प्रस्ताव अनुसार 750 नग पौधों के लिए राशि 27,000 रूपये, फेंसिंग के लिए राशि 66,000 रूपये, खाद के लिए राशि 6,000 रूपये, सिंचाई के लिए राशि 1,20,000 रूपये तथा रख-रखाव आदि के लिए राशि 1,34,000 रूपये, इस प्रकार प्रथम वर्ष में कुल राशि 3,53,000 रूपये तथा द्वितीय वर्ष में कुल राशि 2,19,300 रूपये हेतु चरणबद्ध व्यय का विवरण प्रस्तुत किया गया है। इस प्रकार 2 वर्षों में कुल राशि 5,72,300 रूपये व्यय होगा, जिसमें से आवेदित खदान द्वारा अधिकतम रूप से राशि 2,86,150 रूपये व्यय किया जाएगा। सी.ई.आर. के तहत् "पवित्र वन निर्माण" हेतु ग्राम पंचायत रजावण्ड की सहमति उपरांत चयनित स्थान (खसरा क्रमांक 882, क्षेत्रफल 0.45 हेक्टेयर) के संबंध में जानकारी प्रस्तुत की गई है।

समिति का मत है कि सी.ई.आर. के अंतर्गत "पवित्र वन निर्माण" के तहत् किये जाने वाले वृक्षारोपण का रख-रखाव आवेदित खदान द्वारा आगामी 5 वर्षों तक सुनिश्चित किया जाए।

8. सी.ई.आर. कार्य एवं नदी तट में वृक्षारोपण कार्य के मॉनिटरिंग एवं पर्यवेक्षण हेतु त्रि-पक्षीय समिति (प्रोपराइटर/प्रतिनिधि, ग्राम पंचायत के पदाधिकारी/प्रतिनिधि एवं जिला प्रशासन या छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल के पदाधिकारी/प्रतिनिधि) गठित किया जाना आवश्यक है। साथ ही सी.ई.आर. एवं नदी तट में वृक्षारोपण का कार्य पूर्ण किये जाने के उपरांत गठित त्रि-पक्षीय समिति से सत्यापित कराया जाना आवश्यक है।

9. रेत उत्खनन मैनुअल विधि से एवं भराई का कार्य लोडर द्वारा कराया जाना प्रस्तावित है। समिति का मत है कि लोडर जैसे यंत्र भारी वाहन की श्रेणी के है। अतः भराई का कार्य मैनुअल विधि से कराई जावे।

10. परियोजना प्रस्तावक द्वारा 2 मीटर की गहराई तक उत्खनन की अनुमति चाही है। अनुमोदित उत्खनन योजना में उत्खनन किए जाने वाले क्षेत्र की वार्षिक रेत पुनर्भरण संबंधी अध्ययन कार्य एवं तत्संबंधी आंकड़ों का समावेश नहीं किया गया है। [illegible] नदी छोटी नदी है तथा इसमें वर्षाकाल में सामान्यतः 1 मीटर गहराई से अधिक रेत का पुनर्भरण होने की संभावना है।

समिति द्वारा विचार विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से निम्नानुसार निर्णय लिया गया:-

1. आवेदित खदान (ग्राम-बजावण्ड) का रकबा 0.88 हेक्टेयर है। खदान की सीमा से 500 मीटर की परिधि में स्वीकृत/संचालित खदानों का कुल क्षेत्रफल 5 हेक्टेयर या उससे कम होने के कारण यह खदान बी-2 श्रेणी की मानी गयी।

2. परियोजना प्रस्तावक रेत खदान क्षेत्र में आगामी 1.5 वर्षों में सिल्टेशन स्टडी अध्ययन (Siltation Study) करायेगा, ताकि रेत के पुनर्भरण (Replenishment) संबंधी सही आंकड़े, रेत उत्खनन का नदी, नदीतल, स्थानीय वनस्पति, जीव एवं सूक्ष्म जीवों पर प्रभाव तथा नदी के पानी की गुणवत्ता पर रेत उत्खनन के प्रभाव की सही जानकारी प्राप्त हो सके।

3. लीज क्षेत्र की सतह का बेसलाईन डाटा –

i. रेत उत्खनन प्रारंभ करने के पूर्व उपरोक्तानुसार निर्धारित चिन्ह बिन्दुओं पर नदी में रेत की सतह के स्तरों (Levels) का सर्वे कर, उसके आंकड़े तत्काल एस.ई.आई.ए.ए., छत्तीसगढ़ को प्रस्तुत किये जावें।

ii. पोस्ट–मानसून (अक्टूबर/नवम्बर माह) में रेत उत्खनन प्रारंभ करने के पूर्व इन्हीं चिन्ह बिन्दुओं में माईनिंग लीज क्षेत्र तथा लीज क्षेत्र के अपस्ट्रीम एवं डाउनस्ट्रीम में 100 मीटर तक तथा खदान लीज के बाहर / नदी तट (दोनों ओर) से 100 मीटर तक के क्षेत्र में नदी सतह के स्तरों (Levels) का सर्वे पूर्व निर्धारित चिन्ह बिन्दुओं पर किया जावेगा।

iii. इसी प्रकार रेत खनन उपरांत मानसून के पूर्व (मई माह के अंतिम सप्ताह/जून के प्रथम सप्ताह) इन्हीं चिन्ह बिन्दुओं पर रेत सतह के लेवल्स (Levels) का मापन किया जाएगा।

iv. रेत सतह के पूर्व निर्धारित चिन्ह बिन्दुओं पर रेत सतह के लेवल्स Levels के मापन का कार्य आगामी 3 वर्ष तक निरंतर किया जाएगा। पोस्ट–मानसून के आंकड़े दिसम्बर 2023, 2024, 2025 एवं प्री–मानसून के आंकड़े अगस्त 2023, 2024, 2025 तक अनिवार्य रूप से एस.ई.आई.ए.ए., छत्तीसगढ़ को प्रस्तुत किए जावेंगे।

4. समिति द्वारा विचार विमर्श उपरांत परियोजना प्रस्तावक मेसर्स बालाजीपुर सेण्ड क्वारी (बी–2) (प्रो.– श्रीमती कुसुमलता साहू), पार्ट ऑफ खसरा क्रमांक – 184, ग्राम–बलरामपुर, तहसील–बलरामपुर, जिला–बस्तर, कुल लीज क्षेत्रफल 0.80 हेक्टेयर क्षेत्र के कुल 60 प्रतिशत क्षेत्रफल में ही रेत उत्खनन अधिकतम 1 मीटर की गहराई तक सीमित रखते हुए, कुल 4,800 घनमीटर प्रतिवर्ष रेत उत्खनन हेतु पर्यावरणीय स्वीकृति, खदान पट्टे के निष्पादन की तारीख से दो वर्ष तक की अवधि हेतु **परिशिष्ट–01** में वर्णित शर्तों के अधीन दिये जाने की अनुशंसा की गई। रेत की खुदाई श्रमिकों द्वारा (Manually) की जाएगी। रिवर बेड (River Bed) में भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित होगा। लीज क्षेत्र में स्थित रेत खुदाई गड्ढे (Excavation pits) से लोडिंग प्वाईंट तक रेत का परिवहन ट्रैक्टर ट्रॉली द्वारा किया जाएगा।

5. प्रस्तावित स्थल पर वर्षाकाल में बेड रॉक (Bed Rock) के ऊपर अवस्थित रेत की मोटाई संबंधी जानकारी (फोटोग्राफ सहित) एस.ई.आई.ए.ए., छत्तीसगढ़ में अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करने की शर्त के अधीन पर्यावरणीय स्वीकृति की सशर्त अनुशंसा की जाती है।

6. उत्खनन सीजन में उत्खनन किए जाने वाले क्षेत्र की वार्षिक रेत पुनर्भरण संबंधी अध्ययन कार्य एवं तत्संबंधी आंकड़ों का संबंधित खनिज विभाग से प्राप्त कर जानकारी/दस्तावेज को एस.ई.आई.ए.ए., छत्तीसगढ़ में अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करने की शर्त के अधीन पर्यावरणीय स्वीकृति की सशर्त अनुशंसा की जाती है।

7. सस्टेनेबल सेण्ड माईनिंग मैनेजमेंट गाईडलाईन्स, 2016 (Sustainable Sand Mining Management Guidelines 2016) एवं इन्फोर्समेंट एण्ड मॉनिटरिंग गाईडलाईन्स फॉर सेण्ड माईनिंग, 2020 (Enforcement & Monitoring Guidelines for Sand Mining) के अनुसार पालन सुनिश्चित किया जाए।

8. इन्फोर्समेंट एण्ड मॉनिटरिंग गाईडलाईन्स फॉर सेण्ड माईनिंग, 2020 (Enforcement & Monitoring Guidelines for Sand Mining) की तरह 60 प्रतिशत क्षेत्र में उत्खनन कार्य किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

राज्य स्तरीय पर्यावरण समाघात आंकलन प्राधिकरण (एस.ई.आई.ए.ए.) छत्तीसगढ़ को तदानुसार सूचित किया जाए।

2. मेसर्स [illegible] (टेकाढोढ़ा ऑर्डिनरी स्टोन क्वारी), ग्राम–टेकाढोढ़ा, तहसील–भानुप्रतापपुर, जिला–कांकेर (प्रतिवेदक का नस्ती क्रमांक 1704)

ऑनलाईन आवेदन – प्रपोजल नम्बर – एसआईए/सीजी/एमआईएन/214886/2021, दिनांक 12/06/2021 को ऑनलाईन प्रस्तुत की गई। परियोजना प्रस्तावक द्वारा प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन में कमियाँ होने के कारण दिनांक 20/07/2021 द्वारा जानकारी प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया। परियोजना प्रस्तावक द्वारा वांछित जानकारी दिनांक 07/08/2021 को ऑनलाईन प्रस्तुत की गई।

प्रस्ताव का विवरण – यह प्रस्तावित साधारण पत्थर (गौण खनिज) खदान है। खदान ग्राम–टेकाढोढ़ा, तहसील–भानुप्रतापपुर, जिला–कांकेर स्थित पार्ट ऑफ खसरा क्रमांक 11, कुल क्षेत्रफल–2 हेक्टेयर में प्रस्तावित है। खदान की अधिकतम उत्पादन क्षमता–12,000 टन (8,000 घनमीटर) प्रतिवर्ष है।

तदानुसार परियोजना प्रस्तावक को एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के ज्ञापन एवं ई–मेल दिनांक 26/08/2021 द्वारा प्रस्तुतीकरण हेतु सूचित किया गया।

बैठकों का विवरण –

(अ) समिति की [illegible] बैठक दिनांक 01/09/2021:

प्रस्तुतीकरण हेतु श्री विवेक श्रीवास्तव, अधिकृत प्रतिनिधि [illegible] के माध्यम से उपस्थित हुए। समिति द्वारा नस्ती, प्रस्तुत जानकारी का अवलोकन एवं परीक्षण करने पर निम्न स्थिति पाई गई–

1. **पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति संबंधी विवरण**– इस खदान को पूर्व में पर्यावरणीय स्वीकृति जारी नहीं की गई है।
2. **ग्राम पंचायत का अनापत्ति प्रमाण पत्र** – उत्खनन के संबंध में ग्राम पंचायत [illegible] का दिनांक 16/03/2002 का अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया गया है।
3. **उत्खनन योजना** – क्वारी प्लान (इनक्लूडिंग प्रोग्रेसिव माईन क्लोजर प्लान एवं क्वारी क्लोजर प्लान) प्रस्तुत किया गया है, जो खनि अधिकारी, जिला–कांकेर के ज्ञापन क्रमांक 430/खनि.लि./खनिज/2018–19 कांकेर, दिनांक 20/08/2018 द्वारा अनुमोदित है।
4. **500 मीटर की परिधि में स्थित खदान** – कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा), जिला–उत्तर बस्तर कांकेर के ज्ञापन क्रमांक 1087/खनिज/उ.प./2019–20

कांकेर, दिनांक 25/02/2020 के अनुसार आवेदित खदान से 500 मीटर के भीतर अवस्थित अन्य खदानों की संख्या निरंक है।

5. **200 मीटर की परिधि में स्थित सार्वजनिक क्षेत्र/संरचनाएं** – कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा), जिला–उत्तर बस्तर कांकेर के ज्ञापन क्रमांक 1396/खनिज/उ.प./2019-20 कांकेर, दिनांक 25/02/2020 द्वारा जारी प्रमाण पत्र अनुसार उक्त खदान से 200 मीटर की परिधि में कोई भी सार्वजनिक क्षेत्र जैसे मंदिर, मरघट, स्कूल, अस्पताल, पुल, बांध, एनीकट, राष्ट्रीय राजमार्ग, राजमार्ग एवं जल आपूर्ति आदि प्रतिबंधित क्षेत्र स्थित नहीं है।

6. **भूमि एवं लीज का विवरण** – यह शासकीय भूमि है। लीज श्री प्रमोद चोपड़ा के नाम पर है। लीज अवधि 10 वर्ष अर्थात् दिनांक 01/05/2002 से 30/04/2012 तक थी। परियोजना प्रस्तावक द्वारा बताया गया कि उक्त उत्खनिपट्टा में उत्खनन कार्य वर्ष 2004 से वर्तमान दिनांक तक उत्खनन कार्य नहीं किया गया है तथा दिनांक 08/05/2018 को माननीय उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़ के आदेश उपरांत उत्खनन कार्य वर्तमान दिनांक तक बंद होना बताया गया एवं पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त करने के उपरांत पट्टा निष्पादन हेतु अनुबंध निष्पादन के बाद ही उक्त उत्खनिपट्टे में उत्खनन कार्य प्रारंभ किया जाएगा। इस बाबत् शपथ पत्र प्रस्तुत किया गया है।

7. **डिस्ट्रिक्ट सर्वे रिपोर्ट** – वर्ष 2019 की डिस्ट्रिक्ट सर्वे रिपोर्ट (District Survey Report) की प्रति प्रस्तुत की गई है।

8. **वन विभाग का अनापत्ति प्रमाण पत्र** – कार्यालय वनमण्डलाधिकारी, पूर्व भानुप्रतापपुर वनमंडल, भानुप्रतापपुर के ज्ञापन क्रमांक/मा.चि./2344 भानुप्रतापपुर, दिनांक 03/04/2002 से जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया गया है। कार्यालय वनमण्डलाधिकारी से जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र की अद्यतन प्रति प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है।

9. **महत्वपूर्ण संरचनाओं की दूरी** – निकटतम आबादी ग्राम–टेका डोंगरी 0.26 कि.मी., स्कूल ग्राम–टेकाडोंगरी 0.8 कि.मी. एवं अस्पताल कच्चे 2 कि.मी. की दूरी पर स्थित है। राष्ट्रीय राजमार्ग 32 कि.मी. एवं राजमार्ग 0.26 कि.मी. दूर है।

10. **पारिस्थितिकीय/जैवविविधता संवेदनशील क्षेत्र** – परियोजना प्रस्तावक द्वारा 10 कि.मी. की परिधि में अंतर्राज्यीय सीमा, राष्ट्रीय उद्यान, अभयारण्य, केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा घोषित क्रिटिकली पोल्यूटेड एरिया, पारिस्थितिकीय संवेदनशील क्षेत्र या घोषित जैवविविधता क्षेत्र स्थित नहीं होना प्रतिवेदित किया है।

11. **खनन क्षेत्र एवं खनन का विवरण** – जियोलॉजिकल रिजर्व लगभग 4,46,000 टन (2,40,000 घनमीटर), माईनेबल रिजर्व लगभग 3,22,832 टन (1,61,318 घनमीटर) एवं रिकवरेबल रिजर्व लगभग 3,06,600 टन (1,53,260 घनमीटर) है। लीज की 7.5 मीटर चौड़ी सीमा पट्टी (उत्खनन के लिए प्रतिबंधित क्षेत्र) का क्षेत्रफल 4,288 वर्गमीटर है। ओपन कास्ट सेमी मेकेनाईज्ड विधि से उत्खनन किया जाएगा। उत्खनन की प्रस्तावित अधिकतम गहराई 12 मीटर है। बेंच की ऊंचाई 1.5 मीटर एवं चौड़ाई 1.5 मीटर है। खदान की प्रस्तावित आयु 28 वर्ष है। लीज क्षेत्र में क्रशर स्थापित किया जाना प्रस्तावित नहीं है। जैक हैमर से ड्रिलिंग एवं ब्लास्टिंग किया जाएगा। खदान में वायु प्रदूषण नियंत्रण हेतु पानी का छिड़काव किया जाएगा। वर्षवार प्रस्तावित उत्खनन का विवरण निम्नानुसार है–

वर्ष	प्रस्तावित उत्खनन (टन)
प्रथम	12,000
द्वितीय	12,000
तृतीय	12,000
चतुर्थ	12,000
पंचम	12,000

12. **जल आपूर्ति** – परियोजना हेतु आवश्यक जल की मात्रा 8 घनमीटर प्रतिदिन होगी। खदान में विभिन्न क्रियाकलापों (धूल निवारण, वृक्षारोपण) हेतु जल की आपूर्ति आसपास स्थित निष्क्रिय खदानों में एकत्रित जल एवं पेयजल की आपूर्ति ग्राम पंचायत से टैंकर के माध्यम से की जाएगी। जल की आपूर्ति हेतु ग्राम पंचायत का अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है।

13. **वृक्षारोपण कार्य** – लीज क्षेत्र की सीमा के चारों ओर 7.5 मीटर की पट्टी में 1,000 नग वृक्षारोपण किया जाएगा।

14. **खदान की 7.5 मीटर की चौड़ी सीमा पट्टी में उत्खनन** – लीज क्षेत्र के चारों ओर 7.5 मीटर की सीमा पट्टी में उत्खनन कार्य नहीं किया गया है।

15. परियोजना प्रस्तावक द्वारा बताया गया कि लीज क्षेत्र में 10 नग अवस्थित पेड़ों को उत्खनन कार्य के दौरान क्षतिग्रस्त नहीं किया जाएगा। यदि आवश्यकता होने पर वृक्षों की कटाई हेतु सक्षम प्राधिकारी से अनुमति प्राप्त की जाएगी। इस बाबत् शपथ पत्र प्रस्तुत किया गया है।

16. परियोजना प्रस्तावक द्वारा बताया गया कि लीज सीमा से निकटतम वन क्षेत्र की वास्तविक दूरी संबंधी जानकारी के संबंध में वन विभाग द्वारा अस्पष्टता प्रकट की गई। इस संबंध में समिति का मत है कि लीज सीमा से निकटतम वन क्षेत्र की वास्तविक दूरी संबंधी जानकारी कार्यालय वनमण्डलाधिकारी भानुप्रतापपुर एवं प्रधान मुख्य वन संरक्षक से जानकारी/दस्तावेज मंगाये जाने का निर्णय लिया गया।

समिति द्वारा सम्यक विचारोपरांत निम्नानुसार निर्णय लिया गया था:-

1. लीज सीमा से निकटतम वन क्षेत्र की वास्तविक दूरी संबंधी जानकारी, वन विभाग से जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र की सत्यापन प्रति हेतु प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं कार्यालय वनमण्डलाधिकारी भानुप्रतापपुर को अनुरोध किया जाए।
2. जल आपूर्ति हेतु ग्राम पंचायत का अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया जाए।
3. उपरोक्त वांछित पूर्ण जानकारी / दस्तावेज प्रस्तुत किये जाने उपरांत आगामी कार्यवाही की जाएगी।

तदनुसार एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के ज्ञापन दिनांक 29/03/2022 के परिपेक्ष्य में परियोजना प्रस्तावक द्वारा जानकारी/दस्तावेज दिनांक 29/03/2022 को प्रस्तुत किया गया है।

(4) समिति की [illegible]वीं बैठक दिनांक 30/03/2022

समिति द्वारा पाया गया, प्रस्तुत जानकारी का अवलोकन एवं परीक्षण करने पर स्थिति पाई गई कि-

1. कार्यालय वनमण्डलाधिकारी भानुप्रतापपुर से लीज सीमा से निकटतम वन क्षेत्र की वास्तविक दूरी संबंधी जानकारी प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है।

2. जल आपूर्ति हेतु ग्राम पंचायत का अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं किया गया है। परियोजना प्रस्तावक द्वारा पेयजल की आपूर्ति हेतु सेन्ट्रल ग्राउण्ड वॉटर अथॉरिटी द्वारा दिनांक 27/01/2022 द्वारा 4 घनमीटर प्रतिदिन हेतु अनुमति दी गई है। समिति का मत है कि पूर्व में परियोजना प्रस्तावक द्वारा प्रस्तुतीकरण के दौरान पेयजल की आपूर्ति ग्राम पंचायत द्वारा टैंकर के माध्यम से किया जाना बताया गया था। अतः जल की आपूर्ति हेतु ग्राम पंचायत का अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है।

समिति द्वारा तत्समय सर्वसम्मति से निम्नानुसार निर्णय लिया गया था:-

1. कार्यालय उपवनमण्डलाधिकारी भानुप्रतापपुर से लीज सीमा से निकटतम वन क्षेत्र की वास्तविक दूरी संबंधी जानकारी प्रस्तुत किये जाने उपरांत आगामी कार्यवाही की जावेगी।
2. जल आपूर्ति हेतु ग्राम पंचायत का अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया जाए।

उपरोक्त समस्त पूर्ण जानकारी / दस्तावेज प्रस्तुत किये जाने उपरांत आगामी कार्यवाही की जावेगी।

तदानुसार एस.ई.ए.सी. छत्तीसगढ़ के ज्ञापन दिनांक 17/08/2022 के परिप्रेक्ष्य में परियोजना प्रस्तावक द्वारा जानकारी/दस्तावेज दिनांक 17/10/2022 को प्रस्तुत किया गया है।

(ख) समिति की [illegible] बैठक दिनांक 16/11/2022

समिति द्वारा पत्रों, प्रस्तुत जानकारी का अवलोकन एवं परीक्षण करने पर निम्न स्थिति पाई गई:-

1. कार्यालय उपवनमण्डलाधिकारी, पूर्व भानुप्रतापपुर वनमण्डल, भानुप्रतापपुर के ज्ञापन क्रमांक/मा.चि./2344 भानुप्रतापपुर, दिनांक 03/04/2022 से जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया गया है। समिति का मत है कि कार्यालय उपवनमण्डलाधिकारी भानुप्रतापपुर से लीज सीमा से निकटतम वन क्षेत्र की वास्तविक दूरी संबंधी अद्यतन प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है।
2. परियोजना हेतु आवश्यक जल की मात्रा 4 घनमीटर प्रतिदिन होगी। जल की आपूर्ति बोरवेल के माध्यम से की जावेगी। इस बाबत् भू-जल की उपलब्धता हेतु सेन्ट्रल ग्राउण्ड वॉटर अथॉरिटी से अनुमति प्राप्त कर प्रस्तुत किया गया है। समिति का मत है कि पेयजल की आपूर्ति ग्राम पंचायत से टैंकर के माध्यम से किया जाना बताया गया है। अतः पत्रक के संबंध में स्पष्टीकरण प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है।
3. लीज क्षेत्र की सीमा से चारों ओर 7.5 मीटर की पट्टी में वृक्षारोपण हेतु प्रस्तुत प्रस्ताव अनुसार 1,000 नग पौधों के लिए राशि 90,000 रूपये, फेंसिंग के लिए राशि 25,000 रूपये, खाद एवं सिंचाई के लिए राशि 1,00,000 रूपये, तथा रख-रखाव आदि के लिए राशि 1,20,000 रूपये, आगामी 5 वर्ष में कुल राशि 3,35,000 रूपये हेतु पंचवर्षीय प्लान का विवरण प्रस्तुत किया गया है।
4. परियोजना प्रस्तावक द्वारा सी.ई.आर. (Corporate Environment Responsibility) हेतु निम्नानुसार विस्तृत प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है:-

Capital Investment (in Lakh Rupees)	Percentage of Capital Investment to be Spent	Amount for CER Activities (in Lakh Rupees)	Amount Proposed & Details for CER Activities (in Lakh Rupees)	
			Particulars	CER Fund Allocation (in Lakh Rupees)
30	2%	0.60	Following activities at Government School Village-Awaspara Saliha	
			Rain Water Harvesting System	0.40
			Plantation with fencing	0.20
			Total	0.60

5. सी.ई.आर. के तहत प्रस्तावित स्कूल के प्राचार्य (Principal) का सहमति पत्र प्रस्तुत किया गया है।
6. सी.ई.आर. के अंतर्गत स्कूल परिसर में (नीम एवं आम) वृक्षारोपण हेतु प्रस्तुत प्रस्ताव अनुसार 200 नग पौधों के लिए राशि 18,000 रूपये, फेंसिंग के लिए राशि 10,000 रूपये, खाद एवं सिंचाई के लिए राशि 25,000 रूपये तथा रख-रखाव आदि के लिए राशि 60,000 रूपये, इस प्रकार आगामी 5 वर्ष में कुल राशि 1,13,000 रूपये हेतु वर्षवार व्यय का विवरण प्रस्तुत किया गया है।

समिति द्वारा तत्समय कार्यवाही में निम्नानुसार निर्णय लिया गया था-

1. कार्यालय वनमण्डलाधिकारी भानुप्रतापपुर से लीज सीमा से निकटतम वन क्षेत्र की वास्तविक दूरी संबंधी अद्यतन प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया जाए।
2. पेयजल की आपूर्ति ग्राम पंचायत से टैंकर के माध्यम से किया जाना है अथवा नहीं? के संबंध में स्पष्टीकरण प्रस्तुत किया जाए।

उपरोक्त वांछित जानकारी/दस्तावेज प्राप्त होने उपरांत आगामी कार्यवाही की जाएगी।

तदनुसार एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के ज्ञापन दिनांक 16/01/2023 के परिपेक्ष्य में परियोजना प्रस्तावक द्वारा दिनांक 31/03/2023 को जानकारी/दस्तावेज प्रस्तुत किया गया।

(ब) समिति की 464वीं बैठक दिनांक 11/05/2023

समिति द्वारा मदों, प्रस्तुत जानकारी का अवलोकन एवं परीक्षण करने पर निम्न स्थिति पाई गई-

1. परियोजना प्रस्तावक द्वारा निकटतम वन क्षेत्र हेतु टोपोशीट प्रस्तुत की गई है। समिति का मत है कि उक्त टोपोशीट से आवेदित खदान क्षेत्र से निकटतम वन क्षेत्र की सीमा की वास्तविक दूरी प्रमाणित नहीं होती है। अतः कार्यालय वनमण्डलाधिकारी भानुप्रतापपुर से लीज सीमा से निकटतम वन क्षेत्र की वास्तविक दूरी संबंधी अद्यतन प्रमाण पत्र प्राप्त कर प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है।
2. परियोजना प्रस्तावक द्वारा स्पष्टीकरण प्रस्तुत किया गया कि ग्राम पंचायत से जल की आपूर्ति नहीं की जाएगी। जल की आपूर्ति बोरवेल के माध्यम से की

जायेगी। इस बाबत् सेन्ट्रल ग्राउण्ड वॉटर अथॉरिटी से अनुमति प्राप्त कर पूर्व में ही प्रस्तुत किया गया है।

समिति द्वारा विचार विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि परियोजना प्रस्तावक को सम्बंधित वनमण्डलाधिकारी [illegible] से लीज क्षेत्र से निकटतम वन क्षेत्र की वास्तविक दूरी संबंधी अद्यतन प्रमाण पत्र प्राप्त कर प्रस्तुत किये जाने हेतु निर्देशित किया जाए।

परियोजना प्रस्तावक को तदानुसार सूचित किया जाए।

3. **मेसर्स एम–1, रामनगरी सैण्ड क्वोरी (प्रो.– श्री सुभाष कुमार गुप्ता), ग्राम–रामनगरी, तहसील व जिला–जशपुर (सचिवालय का नस्ती क्रमांक 2080)**

ऑनलाइन आवेदन – प्रपोजल नम्बर – एसआईए/ सीजी/ एमआईएन/ 275383/2022, दिनांक 01/08/2022 द्वारा पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु ऑनलाइन आवेदन किया गया है। परियोजना प्रस्तावक द्वारा प्रस्तुत आवेदन में कमियाँ होने से ज्ञापन दिनांक 13/08/2022 द्वारा जानकारी प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया। परियोजना प्रस्तावक द्वारा वांछित जानकारी दिनांक 27/08/2022 को ऑनलाइन प्रस्तुत की गई।

प्रस्ताव का विवरण – यह प्रस्तावित रेत (सैण्ड क्वोरी) खदान है। यह खदान ग्राम–रामनगरी, तहसील व जिला–जशपुर स्थित प्लॉट ब्लॉक खसरा क्रमांक 1, कुल क्षेत्रफल–2 हेक्टेयर में प्रस्तावित है। उत्खनन नदी से किया जाना प्रस्तावित है। खदान की अपेक्षित उत्पादन क्षमता–26,120 घनमीटर प्रतिवर्ष है।

तदानुसार परियोजना प्रस्तावक को एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के ज्ञापन दिनांक 19/10/2022 द्वारा प्रस्तुतिकरण हेतु सूचित किया गया।

बैठकों का विवरण –

(अ) समिति की 431वीं बैठक दिनांक 28/10/2022:

प्रस्तुतिकरण हेतु कोई भी प्रतिनिधि उपस्थित नहीं हुए। परियोजना प्रस्तावक के पत्र दिनांक 28/10/2022 द्वारा सूचना दी गयी है कि वांछित जानकारी अपूर्ण होने के कारण से समिति के समक्ष बैठक में प्रस्तुतिकरण हेतु उपस्थित होना संभव नहीं है। अतः आगामी आयोजित बैठक में समय प्रदान करने हेतु अनुरोध किया गया है।

समिति द्वारा सम्यक् सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया था कि परियोजना प्रस्तावक को पूर्व में चाही गई वांछित जानकारी एवं समस्त सुसंगत जानकारी/दस्तावेज सहित प्रस्तुतिकरण किये जाने हेतु निर्देशित किया जाए।

तदानुसार परियोजना प्रस्तावक को एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के ज्ञापन दिनांक 09/01/2023 द्वारा प्रस्तुतिकरण हेतु सूचित किया गया।

(ब) समिति की 447वीं बैठक दिनांक 13/01/2023:

प्रस्तुतिकरण हेतु श्री सुभाष कुमार गुप्ता, प्रोपराइटर उपस्थित हुए। समिति द्वारा चाही, प्रस्तुत जानकारी का अवलोकन एवं परीक्षण करने पर निम्न स्थिति पाई गई:–

1. **पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति संबंधी विवरण**– इस खदान को पूर्व में पर्यावरणीय स्वीकृति जारी नहीं की गई है।

2. **ग्राम पंचायत का अनापत्ति प्रमाण पत्र** – प्रस्तावक के संबंध में ग्राम पंचायत [illegible] का दिनांक 11/07/2022 का अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया गया है।

3. **सिमांकित/सीमांकित** – कार्यालय कलेक्टर, खनिज शाखा से प्राप्त प्रमाण पत्र अनुसार यह खदान सिमांकित/सीमांकित कर घोषित है।

4. **उत्खनन योजना** – खदान प्लान प्रस्तुत किया गया है, जो उप संचालक (खनि. प्र.), जिला–रायगढ़ के ज्ञापन क्रमांक 1243/खलि–2/2022 रायगढ़, दिनांक 24/08/2022 द्वारा अनुमोदित है।

5. **500 मीटर की परिधि में स्थित खदान** – कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा), जिला–जशपुर के ज्ञापन क्रमांक 46/खनि.शा./2022 जशपुर, दिनांक 05/05/2022 के अनुसार आवेदित खदान से 500 मीटर के भीतर स्वीकृत अन्य रेत खदानों की संख्या निरंक है।

6. **200 मीटर की परिधि में स्थित सार्वजनिक क्षेत्र/संरचनाएं** – कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा), जिला–जशपुर के ज्ञापन क्रमांक 46/खनि.शा./2022 जशपुर, दिनांक 05/05/2022 द्वारा जारी प्रमाण पत्र अनुसार उक्त खदान के 200 मीटर की परिधि में कोई भी सार्वजनिक क्षेत्र जैसे राष्ट्रीय राजमार्ग, पुल, बांध, एनीकट एवं जल आपूर्ति आदि प्रतिबंधित क्षेत्र स्थित नहीं है।

7. **एल.ओ.आई. का विवरण** – एल.ओ.आई. श्री [illegible] के नाम पर है जो कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा), जिला–जशपुर के ज्ञापन क्रमांक 530/गौण खनिज/नीलामी/2022 जशपुर, दिनांक 22/02/2022 द्वारा जारी की गई, जिसकी अवधि 6 माह हेतु वैध थी। तत्पश्चात् संचालनालय, भौमिकी तथा खनिकर्म, नवा रायपुर अटल नगर के ज्ञापन क्रमांक 6226/खनि 02/रेत (क्र 7)/न.क्र. 38/1996 नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 18/11/2022 द्वारा एल.ओ.आई. में विस्तार वृद्धि बाबत् पत्र जारी किया गया है, जिसकी अवधि 6 माह (अर्थात् दिनांक 20/02/2023) हेतु वैध है।

8. **वन विभाग का अनापत्ति प्रमाण पत्र** – कार्यालय वनमण्डलाधिकारी, जशपुर वनमण्डल, जशपुर के ज्ञापन क्र./मा.चि./2021/320 जशपुर, दिनांक 23/01/2021 से जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया गया है।

9. **डिस्ट्रिक्ट सर्वे रिपोर्ट** – वर्ष 2019 की डिस्ट्रिक्ट सर्वे रिपोर्ट (District Survey Report) की प्रति प्रस्तुत की गई है।

10. **महत्वपूर्ण संरचनाओं की दूरी** – निकटतम आबादी ग्राम–[illegible] 2 कि.मी., स्कूल ग्राम–[illegible] 2 कि.मी. एवं अस्पताल जशपुर 22 कि.मी. की दूरी पर स्थित है। स्वीकृत रेत खदान के डाउनस्ट्रीम में 480 मीटर की दूरी पर पुल स्थित है।

11. **पारिस्थितिकीय/जैवविविधता संवेदनशील क्षेत्र** – परियोजना प्रस्तावक द्वारा 10 कि.मी. की परिधि में अंतर्राज्यीय सीमा, राष्ट्रीय उद्यान, अभयारण्य, केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा घोषित क्रिटिकली पोल्यूटेड एरिया, पारिस्थितिकीय संवेदनशील क्षेत्र या घोषित जैवविविधता क्षेत्र स्थित नहीं होना प्रतिवेदित किया है।

12. **खनन स्थल पर नदी के पाट की चौड़ाई एवं खदान की नदी तट से दूरी** – आवेदन अनुसार खनन स्थल पर नदी के पाट की चौड़ाई – अधिकतम 140

मीटर, न्यूनतम 118 मीटर तथा खनन स्थल की लंबाई – अधिकतम 380 मीटर, न्यूनतम 364 मीटर एवं खनन स्थल की चौड़ाई – अधिकतम 58 मीटर, न्यूनतम 48 मीटर दर्शाई गई है। खदान की नदी तट के किनारे से दूरी अधिकतम 22 मीटर, न्यूनतम 8 मीटर है, जबकि नदी के पाट की चौड़ाई का 10 प्रतिशत छोड़ना चाहिए।

13. **खदान स्थल पर रेत की मोटाई** – आवेदन अनुसार स्थल पर रेत की गहराई – 3 मीटर तथा रेत खनन की प्रस्तावित गहराई – 2 मीटर दर्शाई गई है। अनुमोदित माईनिंग प्लान अनुसार खदान में माईनेबल रेत की मात्रा – 39,120 घनमीटर है। रेत उत्खनन हेतु प्रस्तावित स्थल पर वर्तमान में उपलब्ध रेत मात्रा की मोटाई जानने के लिए, प्रस्तावित स्थल पर 2 गड्ढे (Pits) खोदकर उसकी वास्तविक गहराई का मापन कर जानकारी प्रस्तुत की गई है। इसके अनुसार रेत की उपलब्ध औसत मोटाई 3 मीटर है। रेत की वास्तविक गहराई हेतु पंचनामा प्रस्तुत किया गया है। समिति का मत है कि प्रस्तुत पंचनामा को खनि निरीक्षक द्वारा (नाम, सील एवं हस्ताक्षर सहित) प्रमाणित करवाकर प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है।

14. **खदान क्षेत्र में रेत स्तर के लेवल्स** – रेत उत्खनन हेतु प्रस्तावित स्थल एवं प्रस्तावित स्थल के चारों तरफ 25 मीटर गुणा 25 मीटर के ग्रिड बिन्दुओं पर दिनांक 08/03/2022 को रेत स्तर के वर्तमान लेवल्स (Levels) लेकर, उन्हें ग्राफिक विवरण से प्रमाणीकरण उपरांत फोटोग्राफ्स सहित जानकारी/दस्तावेज प्रस्तुत किये गये है।

15. **गैर माईनिंग क्षेत्र** – नदी के पाट की चौड़ाई अधिकतम 140 मीटर, न्यूनतम 118 मीटर है, जबकि खदान की नदी तट के किनारे से दूरी अधिकतम 22 मीटर, न्यूनतम 8 मीटर है। नये दिशा निर्देशों के अनुसार नदी तट से न्यूनतम 7.5 मीटर अथवा नदी के पाट की चौड़ाई का 10 प्रतिशत दूरी (जो भी अधिक हो) के क्षेत्र में खनन नहीं किया जा सकता। माईनिंग प्लान के अनुसार नदी तट के किनारे से खनन क्षेत्र की दूरी नदी के पाट की चौड़ाई का 10 प्रतिशत छोड़कर उत्खनन किया जाना प्रस्तावित है, जिसमें 440 वर्गमीटर क्षेत्र को गैर माईनिंग क्षेत्र रखा गया है। अतः रेत उत्खनन का कार्य खदान के आंशिक 1.888 हेक्टेयर क्षेत्र में किया जाना प्रस्तावित है।

16. **कॉर्पोरेट पर्यावरणीय दायित्व (C.E.R.)** – परियोजना प्रस्तावक द्वारा समिति के समक्ष विचार के पश्चात् उपरांत निम्नानुसार विस्तृत प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है–

Capital Investment (In Lakh Rupees)	Percentage of Capital Investment to be Spent	Amount Required for CER Activities (In Lakh Rupees)	Amount Proposed & Details for CER Activities (In Lakh Rupees)	
			Particulars	CER Fund Allocation (In Lakh Rupees)
18	2%	0.36	Following activities at Nearby Village- Ratemati	
			Paudha Van Nirman	2.98
			Total	2.98

17. सी.ई.आर. के अंतर्गत "पौधा वन निर्माण" के तहत् (पीपल, नीम, आम, जामुन, बेल, कटहल आदि) वृक्षारोपण हेतु प्रस्तुत प्रस्ताव अनुसार 200 नग पौधों के लिए

राशि 4,000 रूपये, फेंसिंग के लिए राशि 40,000 रूपये, खाद के लिए राशि 3,000 रूपये, सिंचाई तथा रख–रखाव आदि के लिए राशि 53,000 रूपये, इस प्रकार प्रथम वर्ष में कुल राशि 1,00,000 रूपये तथा आगामी 4 वर्षों में कुल राशि 1,46,000 रूपये हेतु वर्षवार व्यय का विवरण प्रस्तुत किया गया है। सी.ई.आर. के तहत "सघन वन निर्माण" हेतु ग्राम पंचायत कलमनारी की सहमति उपरांत वृक्षारोपण स्थल (खसरा क्रमांक 11/2, क्षेत्रफल 4.071 हेक्टेयर में से 0.4 हेक्टेयर) के संबंध में जानकारी प्रस्तुत की गई है।

14. समिति का मत है कि नदी के तट में वृक्षारोपण किये जाने की दशा में बाढ़ की सीमा (Flood level) को ध्यान में रखते हुये नदी के किनारे, पहुंच मार्ग के दोनों ओर या उपयुक्त स्थान (खसरावार विवरण सहित) में वृक्षारोपण हेतु पौधे, फेंसिंग, खाद एवं सिंचाई तथा रख–रखाव के लिए 5 वर्षों का वर्षवार व्यय का विवरण विस्तृत प्रस्ताव सहित प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है।

समिति द्वारा उपरोक्त कार्यवाही के निम्नानुसार निर्णय लिया गया था:–

1. प्रस्तुत दस्तावेज की प्रति निदेशक द्वारा (नाम, सील एवं हस्ताक्षर सहित) प्रमाणित करवाकर प्रस्तुत किया जाए।
2. नदी के तट में वृक्षारोपण किये जाने की दशा में बाढ़ की सीमा (Flood level) को ध्यान में रखते हुये नदी के किनारे, पहुंच मार्ग के दोनों ओर या उपयुक्त स्थान (खसरावार विवरण सहित) में वृक्षारोपण हेतु पौधे, फेंसिंग, खाद एवं सिंचाई तथा रख–रखाव के लिए 5 वर्षों का वर्षवार व्यय का विवरण विस्तृत प्रस्ताव सहित प्रस्तुत किया जाए।
3. नदी तट एवं पहुंच मार्ग के दोनों तरफ में सघन वृक्षारोपण किये जाने एवं रोपित पौधों का सरवाईवल रेट (Survival rate) 80 प्रतिशत सुनिश्चित किये जाने बाबत् शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया जाए।
4. छत्तीसगढ़ आदर्श पुनर्वास नीति के तहत् प्रभावित लोगों को रोजगार दिये जाने हेतु शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है।
5. परियोजना प्रस्तावक द्वारा अंडरटेकिंग (Undertaking) प्रस्तुत किया जाए कि उनके विरूद्ध इस परियोजना/खदान से संबंधित कोई न्यायालयीन प्रकरण देश के अंतर्गत किसी भी न्यायालय में लंबित नहीं है।
6. परियोजना प्रस्तावक द्वारा अंडरटेकिंग (Undertaking) प्रस्तुत किया जाए कि उनके विरूद्ध भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना का.आ. 804(अ), दिनांक 14/03/2017 के अंतर्गत कोई उल्लंघन का प्रकरण लंबित नहीं है।

उपरोक्त वांछित जानकारी/दस्तावेज प्राप्त होने पश्चात आगामी कार्यवाही की जावेगी।

तदानुसार एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के ज्ञापन दिनांक 27/02/2023 के परिपेक्ष्य में परियोजना प्रस्तावक द्वारा दिनांक 31/03/2023 को जानकारी/दस्तावेज प्रस्तुत किया गया।

(स) समिति की 464वीं बैठक दिनांक 11/05/2023:

समिति द्वारा नस्ती, प्रस्तुत जानकारी का अवलोकन एवं परीक्षण करने पर निम्न स्थिति पाई गई:–

1. रेत की वास्तविक गहराई हेतु प्रस्तुत पंचनामा में खनि निरीक्षक से प्रमाणित करवाकर प्रस्तुत किया गया है।

2. ग्राम–[illegible] के अंतर्गत नदी के पाट के दोनों तरफ बाढ़ की सीमा (Flood level) को ध्यान में रखते हुए नदी के पाट में 1,000 पौधों का रोपण एवं पहुंच मार्ग के दोनों तरफ 750 पौधों का रोपण किया जाएगा। वृक्षारोपण हेतु प्रस्तुत प्राक्कलन अनुसार 1,750 नग पौधों के लिए राशि 26,000 रूपये, ट्री–गार्ड के लिए राशि 1,60,000 रूपये, खाद के लिए राशि 16,000 रूपये, सिंचाई तथा रख–रखाव आदि के लिए राशि 48,000 रूपये एवं साईन बोर्ड के लिए 5,000 रूपये, इस प्रकार प्रथम वर्ष में कुल राशि 2,55,000 रूपये तथा आगामी 4 वर्षों में कुल राशि 2,22,000 रूपये हेतु पर्यावरण व्यय का विवरण प्रस्तुत किया गया है।

3. नदी तट एवं पहुंच मार्ग के दोनों तरफ में सघन वृक्षारोपण किये जाने एवं रोपित पौधों का उत्तरजीविता दर (Survival rate) 80 प्रतिशत सुनिश्चित किये जाने बाबत् शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है।

4. छत्तीसगढ़ आदर्श पुनर्वास नीति के तहत् स्थानीय लोगों को रोजगार दिये जाने हेतु शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है।

5. परियोजना प्रस्तावक द्वारा शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है कि उनके विरूद्ध इस परियोजना/खदान से संबंधित कोई न्यायालयीन प्रकरण देश के अंतर्गत किसी भी न्यायालय में लंबित नहीं है।

6. परियोजना प्रस्तावक द्वारा शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है कि उनके विरूद्ध भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना का.आ. 804(अ), दिनांक 14/03/2017 के अंतर्गत कोई उल्लंघन का प्रकरण लंबित नहीं है।

7. सी.ई.आर. कार्य एवं नदी तट में वृक्षारोपण कार्य के मॉनिटरिंग एवं पर्यवेक्षण हेतु त्रि–स्तरीय समिति (प्रोप्राइटर/प्रतिनिधि, ग्राम पंचायत के पदाधिकारी/प्रतिनिधि एवं जिला प्रशासन या छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल के पदाधिकारी/प्रतिनिधि) गठित किया जाना आवश्यक है। साथ ही सी.ई.आर. एवं नदी तट में वृक्षारोपण का कार्य पूर्ण किये जाने के उपरांत गठित त्रि–स्तरीय समिति से सत्यापित कराया जाना आवश्यक है।

8. रेत उत्खनन मैनुअल विधि से एवं भराई का कार्य लोडर द्वारा कराया जाना प्रस्तावित है। समिति का मत है कि लोडर जैसे यंत्र भारी वाहन की श्रेणी के है। अतः भराई का कार्य मैनुअल विधि से कराई जावे।

9. परियोजना प्रस्तावक द्वारा 2 मीटर की गहराई तक उत्खनन की अनुमति चाही है। अनुमोदित उत्खनन योजना में उत्खनन किए जाने वाले क्षेत्र की वार्षिक रेत पुनर्भरण संबंधी अध्ययन कार्य एवं तत्संबंधी आंकड़ों का समावेश नहीं किया गया है। उक्त नदी छोटी नदी है तथा इसमें वर्षाकाल में सामान्यतः 1 मीटर गहराई से अधिक रेत का पुनर्भरण होने की संभावना है।

समिति द्वारा विचार विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से निम्नानुसार निर्णय लिया गया:–

1. आवेदित खदान (ग्राम–[illegible]) का रकबा 2 हेक्टेयर है। खदान की सीमा से 500 मीटर की परिधि में स्वीकृत/संचालित खदानों का कुल क्षेत्रफल 5 हेक्टेयर या उससे कम होने के कारण यह खदान बी–2 श्रेणी की मानी गयी।

2. परियोजना प्रस्तावक रेत खदान क्षेत्र में आगामी 1.5 वर्षों में सिल्टेशन स्टडी अध्ययन (Siltation Study) करायेंगे, ताकि रेत के पुनर्भरण (Replenishment) बाबत् सही आंकड़े, रेत उत्खनन का नदी, नदीतल, जलीय वनस्पति, जीव एवं सूक्ष्म जीवों पर प्रभाव तथा नदी के पानी की गुणवत्ता पर रेत उत्खनन के प्रभाव की सही जानकारी प्राप्त हो सके।

3. **लीज क्षेत्र की सतह का बेसलाईन डाटा –**

   i. रेत उत्खनन प्रारंभ करने के पूर्व उपरोक्तानुसार निर्धारित फिक्स बिन्दुओं पर नदी में रेत की सतह के स्तरों (Levels) का सर्वे कर, उसके आंकड़े तत्काल एस.ई.आई.ए.ए., छत्तीसगढ़ को प्रस्तुत किये जावें।

   ii. पोस्ट–मानसून (अक्टूबर/नवम्बर माह में रेत उत्खनन प्रारंभ करने के पूर्व) इन्हीं फिक्स बिन्दुओं में माईनिंग लीज क्षेत्र तथा लीज क्षेत्र के अपस्ट्रीम एवं डाउनस्ट्रीम में 100 मीटर तक तथा खनन लीज के बाहर / नदी तट (दोनों ओर) से 100 मीटर तक के क्षेत्र में नदी सतह के स्तरों (Levels) का सर्वे पूर्व निर्धारित फिक्स बिन्दुओं पर किया जायेगा।

   iii. इसी प्रकार रेत खनन उपरांत मानसून के पूर्व (मई माह के अंतिम सप्ताह/जून के प्रथम सप्ताह) इन्हीं फिक्स बिन्दुओं पर रेत सतह के लेवल्स Levels का मापन किया जायेगा।

   iv. रेत सतह के पूर्व निर्धारित फिक्स बिन्दुओं पर रेत सतह के लेवल्स Levels के मापन का कार्य आगामी 3 वर्ष तक नियमित किया जायेगा। पोस्ट–मानसून के आंकड़े दिसम्बर 2023, 2024, 2025 एवं प्री–मानसून के आंकड़े अगस्त 2023, 2024, 2025 तक अनिवार्य रूप से एस.ई.आई.ए.ए., छत्तीसगढ़ को प्रस्तुत किए जावेंगे।

4. समिति द्वारा विचार विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से मेसर्स एस–1, पटपरघाटी सैण्ड क्वॉरी (प्रो.– श्री सुभाष कुमार गुप्ता), पार्ट ऑफ खसरा क्रमांक [illegible], ग्राम–पटपरघाटी, तहसील व जिला–जशपुर, कुल लीज क्षेत्रफल 2 हेक्टेयर में से नॉन माईनिंग क्षेत्र 440 वर्गमीटर क्षेत्र कम करने पर 1.956 हेक्टेयर क्षेत्र के कुल 60 प्रतिशत क्षेत्रफल में ही रेत उत्खनन अधिकतम 1 मीटर की गहराई तक सीमित रखते हुए, कुल 11,736 घनमीटर प्रतिवर्ष रेत उत्खनन हेतु पर्यावरणीय स्वीकृति, खनन पट्टे के निष्पादन की तारीख से दो वर्ष तक की अवधि हेतु **परिशिष्ट–02** में वर्णित शर्तों के अधीन दिये जाने की अनुशंसा की गई। रेत की खुदाई श्रमिकों द्वारा (Manually) की जायेगी। रिवर बेड (River Bed) में भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। लीज क्षेत्र में स्थित रेत खुदाई गड्ढे (Excavation pits) से लोडिंग प्वाईंट तक रेत का परिवहन ट्रैक्टर ट्रॉली द्वारा किया जायेगा।

5. सस्टेनेबल सैण्ड माईनिंग मैनेजमेंट गाईडलाईन्स, 2016 (Sustainable Sand Mining Management Guidelines 2016) एवं इन्फोर्समेंट एण्ड मॉनिटरिंग गाईडलाईन्स फॉर सैण्ड माईनिंग, 2020 (Enforcement & Monitoring Guidelines for Sand Mining) के अनुसार पालन सुनिश्चित किया जाए।

8. इन्फोर्समेंट एण्ड मॉनिटरिंग गाईडलाईन्स फॉर सेण्ड माईनिंग, 2020 (Enforcement & Monitoring Guidelines for Sand Mining) की शर्तों का शत प्रतिशत क्षेत्र में पालन कार्य किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

राज्य स्तरीय पर्यावरण समाघात आंकलन प्राधिकरण (एस.ई.आई.ए.ए.) छत्तीसगढ़ को तदानुसार सूचित किया जाए।

4. मेसर्स सी.एस. टेक्नोक्रेटिव प्राइवेट लिमिटेड (कॉमन बायो मेडिकल वेस्ट ट्रीटमेंट फेसेलिटी), ग्राम–बरबसपुर, तहसील व जिला–कोरबा (अभिस्वीकृत का नस्ती क्रमांक 1294)

ऑनलाईन आवेदन – पूर्व में प्रपोजल नम्बर – एसआईए / सीजी /एमआईएस/ 53307/2020, दिनांक 13/03/2020 द्वारा टी.ओ.आर हेतु आवेदन किया गया था। वर्तमान में प्रपोजल नम्बर – एसआईए / सीजी /एमआईएस/ 298079/2022, दिनांक 29/12/2022 द्वारा टी.ओ.आर में संशोधन हेतु आवेदन किया गया है।

प्रस्ताव का विवरण – यह प्रस्तावित कॉमन बायो मेडिकल वेस्ट ट्रीटमेंट फेसेलिटी (सीबीएमडब्ल्यूटीएफ) परियोजना है। यह परियोजना ग्राम–बरबसपुर, तहसील व जिला–कोरबा स्थित खसरा क्रमांक पार्ट ऑफ 388, कुल एरिया–1 एकड़ क्षेत्र में प्रस्तावित था। वर्तमान में **स्थल परिवर्तन** कर परियोजना ग्राम–बरबसपुर, तहसील व जिला–कोरबा स्थित पार्ट ऑफ खसरा क्रमांक 388/2, कुल एरिया–1 एकड़ क्षेत्र में प्रस्तावित किया गया है। परियोजना के अंतर्गत इंसीनरेशन फर्नेस पायरोलाईसिस क्षमता–100 किलोग्राम/घण्टा **के स्थान** पर अल्ट्रा–वर्ल्ड कंट्रोल्ड एयर ऑक्सी फायर्ड क्षमता–100 किलोग्राम/घण्टा किये जाने हेतु टी.ओ.आर. में संशोधन के लिए आवेदन किया गया है। शेष ऑटोक्लेव क्षमता – 100 लीटर/बैच एवं श्रेडर क्षमता–100 किलोग्राम/घण्टा में कोई भी परिवर्तन प्रस्तावित नहीं है।

एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के ज्ञापन क्रमांक 868, दिनांक 27/08/2020 द्वारा प्रकरण बी–1 केटेगरी का होने के कारण भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा अप्रैल, 2015 में प्रकाशित स्टैण्डर्ड टर्म्स ऑफ रिफरेंस (टीओआर) फॉर ईआईए/ईएमपी रिपोर्ट फॉर प्रोजेक्ट्स/एक्टीविटीज रिक्वायरिंग इन्वायरमेंट क्लीयरेंस अण्डर ईआईए नोटिफिकेशन, 2006 में कॉमन हजार्डस वेस्ट ट्रीटमेंट, स्टोरेज एवं डिस्पोजल फेसेलिटी (टीएसडीएफएस) (Common hazardous waste treatment, storage and disposal facilities (TSDFs)) हेतु वर्णित श्रेणी 7(डी) का स्टैण्डर्ड टीओआर (लोक सुनवाई सहित) New Bio Medical Waste Treatment Facility (CBMWTF) के अंतर्गत इंसीनरेशन फर्नेस पायरोलाईसिस क्षमता–100 किलोग्राम/घण्टा, ऑटोक्लेव क्षमता – 100 लीटर/बैच एवं श्रेडर क्षमता–100 किलोग्राम/घण्टा हेतु जारी किया गया है।

तदानुसार परियोजना प्रस्तावक को एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के ज्ञापन दिनांक 03/02/2023 द्वारा प्रस्तुतीकरण हेतु सूचित किया गया।

बैठक का विवरण –

(अ) समिति की 462वीं बैठक दिनांक 06/02/2023:

प्रस्तुतीकरण हेतु श्री विपिन अग्रवाल, डायरेक्टर एवं पर्यावरण सलाहकार के रूप में मेसर्स ग्रासरूट्स इन्वायरो टेक एण्ड इंजीनियर्स प्रा.लि. की ओर से श्री [illegible] उपस्थित हुए। समिति द्वारा नस्ती, प्रस्तुत जानकारी का अवलोकन एवं परीक्षण करने पर निम्न स्थिति पाई गई–

1. उक्त टी.ओ.आर. में निम्नानुसार संशोधन चाहा गया है–

Sr. No.	Amendment proposed in	Previously Proposed	After proposed amendment
1.	Location of Plant	Part of Khasra Number 359, (Total 1 Acre), Village: Barbaspur, District Korba, Chhattisgarh	Part of Khasra Number 359/2, (Total 1 Acre), Village: Barbaspur, District Korba, Chhattisgarh
2.	Type of Incinerator	Induction Plasma Pyrolysis **(Electricity based)** (100 Kg/Hr)	"ALFA THERM" Controlled Air **Oil Fired (LDO)** (100 Kg/Hr)
3.	Total Fuel (LDO) requirement	For DG Set (150 KVA): 20 Liters/Hr	For DG Set (100 KVA): 15 Liters/Hr
		For Incinerator (100 Kg/Hr): 0 Liters/Hr	For Incinerator (100 Kg/Hr): 20 Liters/Hr
4.	Electricity Requirement	150 KVA (120 KW)	100 KVA (80 KW)
5.	Capacity of D.G. set	150 KVA	100 KVA
6.	Stack Height of D.G. set	12 meter	4 meter

2. **भूमि संबंधी दस्तावेज –**

- पूर्व में कार्यालय नगर पालिका निगम कोरबा द्वारा पत्र दिनांक 05/08/2021 के माध्यम से भूमि खसरा क्रमांक 359 में से रकबा 0.405 हेक्टेयर (1 एकड़) भूमि को जैव चिकित्सा अपशिष्ट निपटान के लिए इंसीनरेटर स्थापना हेतु मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला–कोरबा को आवंटन किया गया था। जैव अनुबंध मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला–कोरबा एवं मी.एस. टेक्नो कॉम्प सर्विस प्राइवेट लिमिटेड, [illegible] के मध्य किया गया है। यह अनुबंध 30 वर्ष अर्थात् दिनांक 01/10/2020 से दिनांक 30/09/2050 तक की अवधि हेतु किया है।
- वर्तमान में न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार, जिला–कोरबा के ज्ञापन क्रमांक 1317/वाचक/अति.तह./2022 कोरबा, दिनांक 12/09/2022 द्वारा 359/2 रकबा 29.826 में से रकबा 0.405 हेक्टेयर (1 एकड़) भूमि के सीमांकन हेतु जाँच प्रतिवेदन, नजरी नक्शा एवं खसरा पंचसाला वर्ष बी–1 की प्रति प्रस्तुत की गई है।
- समिति का मत है कि कार्यालय नगर पालिक निगम, कोरबा से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला–कोरबा को आवंटित भूमि संबंधी दस्तावेज तथा भूमि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला–कोरबा से परियोजना प्रस्तावक को आवंटित भूमि/लीज अनुबंध संबंधी दस्तावेज प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है।

3. लैण्ड यूजेस स्टेटमेंट –

S.No.	Land use	As Per New Layout		As Per Old Layout	
		Area (m^2)	Area (%)	Area (m^2)	Area (%)
1.	Incinerator Plant Area	720	17.7	208	5.1

2.	Shredder Room and sterilization area	84	2	108	2.6
3.	Collection & Segregation area	70	1.7	120	3
4.	Yellow Waste Storage Area	42	1	28	0.7
5.	Red Waste Storage Area	42	1	28	0.7
6.	Other Waste Storage Area	42	1	28	0.7
7.	Hazardous Waste Storage room	56	1.4	54	1.3
8.	Treated Waste room	42	1	80	2
9.	E.T.P.	70	1.7	56	1.3
10.	Vehicle wash	84	2.1	54	1.6
11.	parking area	54	1.3	165	4
12.	Admin Building	140	3.4	65	1.7
13.	Green Belt	1464.4	35.8	1,346	33
14.	Roads Area and open space area and other area	1,181.5	28.9	1,718	42.3
	Total Area	4,082	100	4,082	100

4. [illegible] –

- **<u>Brief Specifications Of Alfa-Therm Controlled Air Oil Fired Incinerator</u>**

S.No.	Specifications	
1.	Type of Incinerator	"ALFA-THERM" controlled air Oil Fired Incinerator Model BMW-250
2.	Type of Waste	Biomedical Waste
3.	Burning Capacity	100 Kg/hr
4.	Auxiliary Fuel	Diesel
5.	Type of Burner Operation	Monoblock/Split type fully automatic burners
6.	Temperature 1. Primary Chamber 2. Secondary Chamber	800 ± 50°C 1050 ± 50°C
	Primary Chamber	
1.	Type	Static Solid Hearth
2.	Material of Construction	Mild Steel, 12-16 mm thick
3.	Refractory thickness	300 mm thick
4.	Temperature resistance	1400°C
5.	Insulation thickness	115 mm thick
6.	Material	Insulation bricks confirming to IS-2042
7.	Waste Charging	Automatic through Hydraulic Ram Pusher
8.	Ash Removal	Manual
	Secondary Chamber	
1.	Type	Static Furnace connected to primary furnace
2.	Material of Construction	Mild Steel, 10 mm thk
3.	Refractory thickness	115 mm Thk insulation brick and 115 mm x 2 layer of fire brick
4.	Material	Refractory bricks confirming to IS-8
5.	Temperature resistance	1200°C

6.	Insulation thickness	115 mm
7.	Material	Insulation bricks confirming to IS-2042
8.	Residence time for flue gases	2 seconds
Venturi Scrubber-		
1.	Type	High Pressure Drop Type
2.	Material of Thickness	Stainless Steel 316L, 5mm thick
3.	Refractory Thickness	115 mm thick
4.	Material	Refractory bricks confirming to IS-8
5.	Temperature resistance	78-80°C
6.	Scrubbing Media	Water with 5% Caustic
Packed Bed Scrubber-		
1.	MOC	Mild Steel rubber lined
2.	Water re-circulation pump with motor	Provided
3.	Interconnecting piping	PPR
4.	Packing media	Intalox Saddles/Pall rings
5.	Interconnecting ducting	Mild Steel Rubber lined
6.	Scrubbing Media	Water
I.D. Fan-		
1.	Type	High Pressure Centrifugal type
2.	MOC	Stainless Steel impeller and Mild Steel Rubber lined casing
3.	Drive	Belt Driven
Combustion Fan-		
1.	Type	Centrifugal
2.	Modulation	Manual damper control
3.	MOC	Mild Steel / SS316
4.	Drive	Direct drive
Burners-		
1.	No. of burners	As per standard design of incinerator
2.	Type	Monoblock fully automatic
3.	Fuel	Diesel
4.	Make	"Alfa Therm"
Height of chimney 30 m-		
1.	MOC	Mild Steel
2.	Type	Self-supporting
3.	Height	30 m from ground level
4.	Other Standard Accessories	Aviation lamp, lightening arrestor, stack drain, inspection platform, sampling port
5.	Paint	The chimney is painted externally with two coats of heat resistant aluminum paint
6.	Ladder	To be provided

5. **वायु प्रदूषण नियंत्रण व्यवस्था** – ALFA-THERM Controlled Air Oil Fired Incinerator में वायु प्रदूषण नियंत्रण हेतु गैस कूलर, वेन्चुरी स्क्रबर, पैक्ड बैड स्क्रबर, आईडी फैन के साथ [illegible] कार्बन [illegible] एवं 30 मीटर ऊंची चिमनी की व्यवस्था किया जाना प्रस्तावित है। डी.जी. सेट में चिमनी की ऊंचाई 4 मीटर होगी। फ्यूजिटिव डस्ट उत्सर्जन नियंत्रण हेतु जल छिड़काव किया जाना प्रस्तावित है।

6. **वृक्षारोपण की स्थिति** – भूमि में कुल क्षेत्रफल में से लगभग 1,250 वर्गमीटर (लगभग 33.33 प्रतिशत) में 325 नग वृक्षारोपण किया जाना प्रस्तावित किया गया

था। वर्तमान में संशोधन उपरांत कुल क्षेत्रफल में से 1,484.5 वर्गमीटर (लगभग 35.8 प्रतिशत) क्षेत्र में वृक्षारोपण किया जाना प्रस्तावित है। प्रस्तुत प्रस्ताव अनुसार 186 पौधों के लिए राशि 73,000 रूपये, खाद के लिए राशि 10,000 रूपये, सिंचाई एवं रख-रखाव आदि के लिए राशि 1,91,000 रूपये, इस प्रकार कुल राशि 2,74,000 रूपये प्रथम वर्ष हेतु एवं कुल राशि 7,28,000 रूपये आगामी चार वर्षों हेतु व्यवहारिक व्यय का विवरण प्रस्तुत किया गया है।

7. जनसुनवाई के दौरान परियोजना प्रस्तावक द्वारा बताया गया कि परियोजना हेतु पूर्व निर्धारित स्थल खसरा क्रमांक 388 एवं वर्तमान में प्रस्तावित नवीन स्थल खसरा क्रमांक 388/2 के मध्य की दूरी 215 मीटर है। पूर्व निर्धारित स्थल हेतु बेसलाईन डाटा कलेक्शन का कार्य 16 अक्टूबर, 2020 से 15 जनवरी, 2021 के मध्य किया गया था। अतः परियोजना प्रस्तावक द्वारा उपरोक्त तथ्यों/दूरी के दृष्टिगत उक्त बेसलाईन डाटा को मान्य किये जाने हेतु अनुरोध किया गया है। जिससे समिति सहमत हुई।

8. हाई टेंशन लाईन गुजरने के कारण Induction Plasma Pyrolysis (Electricity based) के स्थान पर "ALFA-THERM Controlled Air Oil Fired (LDO) किया जाना बताया गया है।

समिति द्वारा उपरोक्त कार्यवाही से निम्नानुसार निर्णय लिया गया था कि कार्यालय नगर पालिक निगम, कोरबा से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला-कोरबा को आवंटित भूमि संबंधी दस्तावेज तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला-कोरबा से परियोजना प्रस्तावक को आवंटित भूमि/लीज अनुबंध संबंधी दस्तावेज प्रस्तुत किये जाने उपरांत आगामी कार्यवाही की जावेगी।

तदानुसार एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के ज्ञापन दिनांक 17/03/2023 के परिपेक्ष्य में परियोजना प्रस्तावक द्वारा दिनांक 31/03/2023 को जानकारी/दस्तावेज प्रस्तुत किया गया।

(ब) समिति की आगामी बैठक दिनांक 11/08/2023

समिति द्वारा नस्ती, प्रस्तुत जानकारी का अवलोकन एवं परीक्षण करने पर निम्नानुसार स्थिति पाई गई:-

1. कार्यालय तहसीलदार कोरबा, जिला-कोरबा के ज्ञापन क्रमांक/338/वा./न./2023 कोरबा, दिनांक 23/02/2023 द्वारा भूमि खसरा क्रमांक 388/2 में से 1 एकड़ जीव चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन हेतु आयुक्त, नगर पालिक निगम कोरबा को आवश्यक कार्यवाही हेतु पत्र लेख किया गया।
2. कार्यालय, नगर पालिक निगम, कोरबा के ज्ञापन क्रमांक/08/रा./2023/20302 कोरबा, दिनांक 24/02/2023 द्वारा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को तहसीलदार कार्यालय, कोरबा के संदर्भित ज्ञापन क्रमांक अनुसार आवश्यक कार्यवाही हेतु पत्र लेख किया गया।
3. मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के ज्ञापन क्रमांक/एन.एच.एम./बी.एम. डब्लू./2023/2748 कोरबा, दिनांक 24/02/2023 द्वारा मेसर्स डी.एम. टेक्नोलॉजिक प्राइवेट लिमिटेड को कार्यालय, नगर पालिक निगम के संदर्भित पत्रानुसार कार्यालय कोरबा के खसरा क्रमांक में ज्ञापन दस्तावेज संलग्न कर पत्र प्रेषित किया गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला कोरबा एवं मेसर्स डी.एम. टेक्नोलॉजिक प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किये गए अनुबंध की प्रति प्रस्तुत की गई है।

समिति द्वारा विचार विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से जारी टी.ओ.आर. में निम्नानुसार संशोधन किये जाने की अनुशंसा की गई–

1. पार्ट ऑफ खसरा क्रमांक 388, कुल एरिया–1 एकड़ क्षेत्र के स्थान पर पार्ट ऑफ खसरा क्रमांक 388/2, कुल एरिया–1 एकड़ क्षेत्र पढ़ा जाए।
2. परियोजना के अंतर्गत इंडक्शन फरनेस [illegible] क्षमता–100 किलोलीटर/[illegible] के स्थान पर [illegible] [illegible] एवं [illegible] क्षमता–100 किलोलीटर/[illegible] पढ़ा जाए।

पूर्व में एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के ज्ञापन क्रमांक 388, दिनांक 27/08/2020 द्वारा जारी टी.ओ.आर. की अन्य शर्तें यथावत् रहेंगी।

राज्य स्तरीय पर्यावरण समाघात आंकलन प्राधिकरण (एस.ई.आई.ए.ए.), छत्तीसगढ़ को तदानुसार सूचित किया जाए।

6. **मेसर्स सुनील स्टील्स (द सुनील ऑफ सुनील री-रोलर्स एण्ड स्टील प्रा. लि.), उरला इण्डस्ट्रियल एरिया, तहसील व जिला–रायपुर (प्रकरण का नस्ती क्रमांक 2185)**

ऑनलाइन आवेदन – प्रपोजल नम्बर – एसआईए/ सीजी/ आईएनडी/ 402807/2022, दिनांक 15/10/2022 द्वारा पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु आवेदन किया गया है।

प्रस्ताव का विवरण – परियोजना प्रस्तावक द्वारा उरला इण्डस्ट्रियल एरिया, तहसील व जिला–रायपुर स्थित प्लाट नं. 380(पार्ट) एवं 380बी, कुल क्षेत्रफल – 1.26 हेक्टेयर में क्षमता विस्तार के तहत् एम.एस.इंगोट्स (इण्डक्शन फर्नेस विथ सीसीएम) क्षमता – 15,000 टन प्रतिवर्ष से बढ़ाकर 88,000 टन प्रतिवर्ष तथा री-रोल्ड स्टील क्षमता – 14,000 टन प्रतिवर्ष (री-हीटिंग फर्नेस आधारित रोलिंग मिल) को विस्तारित कर 81,800 टन प्रतिवर्ष (हॉट चार्जिंग आधारित रोलिंग मिल) हेतु आवेदन किया गया है। क्षमता विस्तार उपरांत परियोजना की कुल निवेश 8.2 करोड़ रूपये होगी।

तदानुसार परियोजना प्रस्तावक को एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के ज्ञापन दिनांक 08/12/2022 द्वारा प्रस्तुतीकरण हेतु सूचित किया गया।

बैठकों का विवरण –

(अ) समिति की 448वीं बैठक दिनांक 08/12/2022:

प्रस्तुतीकरण हेतु कोई भी प्रतिनिधि उपस्थित नहीं हुए। परियोजना प्रस्तावक के पत्र दिनांक 07/12/2022 द्वारा सूचना दी गयी है कि अपरिहार्य कारणों से आज बैठक में प्रस्तुतीकरण किया जाना संभव नहीं है। अतः आगामी आयोजित बैठक में प्रस्तुत प्रदान करने हेतु अनुरोध किया गया है।

समिति द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया था कि परियोजना प्रस्तावक को पूर्व में चाही गई वांछित जानकारी एवं समस्त सुसंगत जानकारी / दस्तावेज सहित प्रस्तुतीकरण किये जाने हेतु निर्देशित किया जाए।

तदानुसार परियोजना प्रस्तावक को एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के ज्ञापन दिनांक 03/02/2023 द्वारा प्रस्तुतीकरण हेतु सूचित किया गया।

(ब) समिति की 462वीं बैठक दिनांक 08/02/2023:

प्रस्तुतीकरण हेतु श्री [illegible], ऑथराइज्ड सिग्नेटरी एवं पर्यावरण सलाहकार के रूप में मेसर्स पी. एण्ड एम. सॉल्यूशन की ओर से श्री [illegible] उपस्थित हुए। समिति द्वारा चर्चा, प्रस्तुत जानकारी का अवलोकन एवं परीक्षण करने पर निम्न स्थिति पाई गई–

1. जल एवं वायु सम्मति –

   - क्षेत्रीय कार्यालय, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, रायपुर द्वारा री-रोल्ड प्रोडक्ट 14,000 टन प्रतिवर्ष एवं एम.एस. इंगॉट्स 15,000 टन प्रतिवर्ष हेतु जल एवं वायु सम्मति नवीनीकरण दिनांक 04/01/2023 को जारी की गई है, जो दिनांक 30/06/2023 तक की अवधि हेतु वैध है।

   - भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा जारी ऑफिस मेमोरेंडम दिनांक 08/06/2022 के पैरा 4(B)(iv)] के अनुसार "Self-certified Compliance Report for the latest CTO shall be sufficient if the project proponent applies for expansion within a period of one year from the grant/renewal of CTO. If such application is submitted beyond the period of one year from the grant/renewal of CTO, CCR shall be required for the latest CTO." उल्लेख है। तदानुसार जारी सम्मति शर्तों के पालन में की गई कार्यवाही की बिन्दुवार जानकारी प्रस्तुत की गई है।

2. समीपस्थ स्थित क्रियाकलापों संबंधी जानकारी –

   - समीपस्थ आबादी सिलतरा 380 मीटर, [illegible] नगर 800 मीटर, [illegible] 880 मीटर एवं ई.सी.आई.सी. [illegible] 2.88 कि.मी. की दूरी पर स्थित है। निकटतम रेलवे स्टेशन [illegible] 4.23 कि.मी. एवं स्वामी विवेकानंद विमानतल, माना, रायपुर 19.12 कि.मी. की दूरी पर है। राष्ट्रीय राजमार्ग 2.40 कि.मी. दूर है। खारून नदी 3.88 कि.मी. दूर है।

   - परियोजना प्रस्तावक द्वारा 10 कि.मी. की परिधि में अंतर्राज्यीय सीमा, राष्ट्रीय उद्यान, अभयारण्य, पारिस्थितिकीय संवेदनशील क्षेत्र या घोषित जैवविविधता क्षेत्र स्थित नहीं होना प्रतिवेदित किया है।

3. लैण्ड यूटिलाइजेशन ब्रेकअप –

S.No.	Particular	Area (Sq.Ft)
1.	Rooftop/ builtup area	54,003
2.	Area under road and paved	9,490
3.	Green belt (41%)	47,109
4.	Open area	4,266
	Total	1,14,868

4. **भूमि संबंधी विवरण** – सीएसआईडीसी द्वारा प्लॉट नं. 560(पार्ट), क्षेत्रफल 12,000 वर्गफीट, प्लॉट नं. 560(पार्ट), क्षेत्रफल 68,600 वर्गफीट एवं 560(बी), क्षेत्रफल 34,300 वर्गफीट को मेसर्स [illegible] स्टील्स, [illegible] री-रोलर्स एण्ड स्टील प्राईवेट लिमिटेड, रायपुर के नाम से लीज जारी किया गया है। प्लॉट नं. 560(पार्ट), क्षेत्रफल 12,000 वर्गफीट, प्लॉट नं. 560(पार्ट) की लीज वैधता दिनांक 20/05/2061 तक, प्लॉट नं. 560(पार्ट), क्षेत्रफल 68,600 वर्गफीट की लीज वैधता दिनांक 31/01/2083 तक एवं 560(बी), क्षेत्रफल 34,300 वर्गफीट की वैधता दिनांक 08/11/2100 तक है।

5. स्थापित एवं प्रस्तावित कार्यकलाप का विवरण निम्नानुसार है:-

Product	Facility	Existing Capacity (TPA)	Proposed Production & Capacity (TPA)	After Expansion Capacity (TPA)
MS Ingot/ Billets	Induction Furnace with CCM	(2×7T) 15,000 (MS ingot)	Modification of existing (2×7T) to (2×9T) 40,000 (Induction Furnace with CCM)	55,000 (Induction Furnace with CCM i.e. MS ingot/Billet) (2×9T)
Re-rolled steel product	Re-rolling mill with Billet / Ingot Reheating Furnace	14,000	Complete Dismantle the Re-Heating Furnace	Nil
	Re-rolling mill with online hot charging through Induction Furnace of semi finished steel i.e. MS ingot/ Billet	Nil	51,500	51,500

6. रॉ-मटेरियल :-

Material Balance (in TPA)			
For Induction furnace, CCM and in expansion hot charging rolling			
Name of Raw Material	Existing	Proposed	After Proposed Expansion
Sponge Iron	23,040	35,360	58,400
Scrap	4,400	4,400	8,800
Ferro Alloys	180	420	600
Ingot mould	140	0	Nil
Coal	400	0	Nil
Total	28,160	40,180	67,800

7. वायु प्रदूषण नियंत्रण व्यवस्था – वर्तमान में वायु प्रदूषण नियंत्रण हेतु री-हीटिंग फर्नेस और इण्डक्शन फर्नेस में बैग हाउस एवं चिमनी की ऊँचाई 30 मीटर रखी गई है। पार्टिकुलेट मैटर का उत्सर्जन 50 मिलीग्राम/सामान्य घनमीटर है। क्षमता विस्तार उपरांत इण्डक्शन फर्नेस के साथ सी.सी.एम. में वायु प्रदूषण नियंत्रण हेतु बैग हाउस के साथ सेंट्रल डस्ट कलेक्शन सिस्टम एवं चिमनी की ऊँचाई 30 मीटर रखा जाना प्रस्तावित है। उपरोक्त व्यवस्था से पार्टिकुलेट मैटर का उत्सर्जन 50 मिलीग्राम/सामान्य घनमीटर से 30 मिलीग्राम/सामान्य घनमीटर होगा। फ्यूजिटिव डस्ट उत्सर्जन नियंत्रण हेतु जल छिड़काव की व्यवस्था की जाएगी। रॉ-मटेरियल को कवर्ड शेड में स्टोर किया जाएगा।

8. ठोस अपशिष्ट प्रबंधन व्यवस्था –

S.No	Name of waste	Existing (TPA)	Proposed (TPA)	After Proposed Expansion (TPA)
1.	Mill Scale (IF+RM)	425	1,075	1,500
2.	Slag	2,250	6,000	8,250

3.	End cutting and Miss Rolls	425	1,075	1,500
	Total	3,100	8,150	11,250

प्रतिवर्ष 2 किलोलीटर यूज्ड ऑयल या वेस्ट ऑयल उत्पन्न होगा जिसे अधिकृत रिसाइकलर्स को दिया जाएगा। लीड एसिड बैटरी या यूज्ड बैटरी अधिकृत रिसाइकलर्स को दी जाएगी। इंडक्शन फर्नेस के रि-लाइनिंग से उत्पन्न रिफेक्टरी वेस्ट को रिफेक्टरी इकाइयों को रिसाइकिलिंग के लिए दिया जाएगा। इंडक्शन फर्नेस स्लेग को मेटल रिकवरी यूनिट्स को दिया जाएगा। रोलिंग मिल से उत्पन्न मिल स्केल को पेलेट प्लांट को विक्रय किया जाएगा। अन्तर्गत एण्ड कटिंग/मिस रोल और मिसकास्ट का इंडक्शन फर्नेस में पुनः उपयोग किया जाएगा।

6. जल प्रबंधन व्यवस्था –

- **जल स्त्रोत एवं खपत** – वर्तमान में परियोजना हेतु 14 घनमीटर प्रतिदिन (औद्योगिक उपयोग हेतु 12 घनमीटर प्रतिदिन एवं घरेलू उपयोग हेतु 2 घनमीटर प्रतिदिन) का उपयोग किया जाता है। प्रस्तावित कार्यविस्तार उपरांत परियोजना हेतु 30 घनमीटर प्रतिदिन (औद्योगिक उपयोग हेतु 27 घनमीटर प्रतिदिन एवं घरेलू उपयोग हेतु 3 घनमीटर प्रतिदिन) का उपयोग किया जाना प्रस्तावित है। आवश्यक जल की आपूर्ति भू-जल से किया जाना प्रस्तावित है। भू-जल की उपयोगिता हेतु सेन्ट्रल ग्राउण्ड वॉटर अथॉरिटी से 44 घनमीटर प्रतिदिन की अनुमति प्राप्त की गई है। शेष जल की आपूर्ति हेतु सी.एस.आई.डी.सी. से लिया जाना बताया गया है। अतः समिति का मत है कि शेष जल की आपूर्ति हेतु सी.एस.आई.डी.सी. से अनुमति प्राप्त कर प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है।

- **जल प्रदूषण नियंत्रण** – औद्योगिक प्रक्रिया से दूषित जल उत्पन्न होता है। रोलिंग मिल से कूलिंग उपरान्त प्राप्त दूषित जल को ठंडा कर पुनः कूलिंग हेतु उपयोग में लाया जाता है। यही व्यवस्था प्रस्तावित कार्यविस्तार हेतु अपनाई जाएगी। प्रस्तावित कार्यविस्तार उपरांत घरेलू दूषित जल की मात्रा 1 घनमीटर प्रतिदिन होगी। परियोजना से उत्पन्न घरेलू दूषित जल के उपचार हेतु सोकपिट एवं सेप्टिक टैंक का निर्माण किया गया है। शून्य निस्त्राव की स्थिति रखी जाएगी। यही व्यवस्था प्रस्तावित कार्यविस्तार हेतु अपनाई जाएगी।

- **भू-जल उपयोग प्रबंधन** – उद्योग स्थल सेन्ट्रल ग्राउण्ड वाटर बोर्ड के अनुसार सेमी क्रिटिकल जोन में आता है। जिसके अनुसार–

  (अ) वृहद एवं मध्यम उद्योगों को कम से कम 50 प्रतिशत दूषित जल का पुनःचक्रण एवं पुनःउपयोग किया जाना है।

  (ब) ग्राउण्ड वाटर निकासी हेतु अपनाई गई तकनीक तथा रेनवाटर हार्वेस्टिंग / आर्टिफिशियल जल रिचार्ज के आधार पर भू-जल निकाले जाने की अनुमति सेंट्रल ग्राउण्ड वाटर बोर्ड द्वारा दिए जाने का प्रावधान है। अतः उद्योग को रेनवाटर हार्वेस्टिंग व्यवस्था किया जाना आवश्यक है।

- **रेन वॉटर हार्वेस्टिंग व्यवस्था** – उद्योग परिसर में वर्षा के पानी का कुल उपलब्धता 8,832.7 घनमीटर है। रेन वॉटर हार्वेस्टिंग व्यवस्था के अंतर्गत 8 नग रिचार्ज शाफ्ट (व्यास 1.8 मीटर एवं गहराई 4 मीटर) निर्मित किया जाना

प्रस्तावित है। प्रस्तावित रेन वॉटर हार्वेस्टिंग व्यवस्था पश्चात् परिसर के भूगर्भ जलस्रोत को रिचार्ज किया जा सकेगा। सभी रिचार्ज पिट्स इस प्रकार निर्मित किए जाएंगे कि इनमें समान मात्रा में वर्षा जल का बहाव हो सके।

10. **प्रदूषण भार संबंधी जानकारी** – कम्पनी द्वारा स्थापित क्षमता से उत्पादन की दशा में एवं क्षमता विस्तार पश्चात् उत्पादन की दशा में कुल प्रदूषण भार की गणना कर (जल उपयोग की मात्रा, दूषित जल की मात्रा / गुणवत्ता, प्रदूषकों के उत्सर्जन की मात्रा एवं उत्पन्न ठोस अपशिष्टों की मात्रा) प्रस्तुत किया गया है। इसके अनुसार वर्तमान में पार्टिकुलेट मैटर उत्सर्जन 30 मि.ग्रा./सामान्य घनमीटर के अनुसार कुल उत्सर्जन मात्रा 6.728 कि.ग्रा. प्रतिदिन है। प्रस्तावित बैग फिल्टर एवं चिमनी से पार्टिकुलेट मैटर का उत्सर्जन 30 मि.ग्रा./सामान्य घनमीटर से कम सुनिश्चित किये जाने के बाद उत्सर्जन की मात्रा 6.728 कि.ग्रा. प्रतिदिन होगी। औद्योगिक प्रक्रिया से उत्पन्न दूषित जल उत्पन्न होगा, अपितु रोलिंग मिल के कूलिंग पश्चात प्राप्त दूषित जल को टैंक कर पुनः कूलिंग हेतु उपयोग में लाया जाएगा तथा शून्य निस्सारण की स्थिति रखी जाएगी। प्रस्तावित कार्यकलाप के पश्चात् कुल 11,260 टन प्रतिवर्ष ठोस अपशिष्ट उत्पन्न होगा। उत्पन्न सभी ठोस अपशिष्टों का अपवहन मार्गदर्शिकानुसार किया जाएगा। इस प्रकार क्षमता विस्तार पश्चात (1) प्रतिवर्ष उत्सर्जित होने वाले पार्टिकुलेट मैटर की मात्रा में कमी, (2) उत्पन्न होने वाले ठोस अपशिष्ट की मात्रा में वृद्धि होगी जिसे पुनःउपयोग/विभिन्न कार्यों में उपयोग किया जाएगा तथा (3) जल उपयोग की मात्रा में आंशिक वृद्धि होना संभावित है।

11. **विद्युत आपूर्ति स्रोत** – वर्तमान में परियोजना हेतु 3.8 मेगावॉट विद्युत की आवश्यकता होती है। प्रस्तावित कार्यकलाप पश्चात परियोजना हेतु 6 मेगावॉट विद्युत की आवश्यकता होगी। विद्युत की आपूर्ति छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कम्पनी लिमिटेड से किया जाना प्रस्तावित है। वैकल्पिक व्यवस्था हेतु डी.जी. सेट की क्षमता सहित एवं चिमनी संबंधी जानकारी प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है।

12. **वृक्षारोपण संबंधी जानकारी** – हरित पट्टिका के विकास हेतु कुल क्षेत्रफल के 87,130 वर्गमीटर (41 प्रतिशत) क्षेत्र में वृक्षारोपण किया जाना प्रस्तावित है। समिति का मत है कि उद्योग परिसर के चारों ओर 33 प्रतिशत क्षेत्र में वृक्षारोपण हेतु 6 से 8 फीट ऊंचाई वाले पौधों का रोपण (80 प्रतिशत जीवन दर सहित), सुरक्षा हेतु फेंसिंग, खाद एवं सिंचाई तथा रख-रखाव के लिए 5 वर्षों का वर्षवार व्यय का विवरण सहित विस्तृत प्रस्ताव ले-आउट प्लान में दर्शाते हुए प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है।

13. **कॉर्पोरेट पर्यावरणीय दायित्व (C.E.R.)** – परियोजना प्रस्तावक द्वारा बताया गया है कि सी.ई.आर. (Corporate Environment Responsibility) के तहत् विकास गार्डन/ई-लाइब्रेरी निर्माण हेतु ग्राम पंचायत में आवेदन किया जाना बताया गया है। साथ ही उक्त के संबंध में भूमि हेतु सीएसआईडीसी से भी बात की जा रही है। समिति का मत है कि सी.ई.आर. के तहत् प्रस्तावित कार्य निर्माण हेतु ग्राम पंचायत अथवा सीएसआईडीसी से भूमि प्राप्त कर विस्तृत प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है।

समिति द्वारा सम्यक विचारोपरांत निम्नानुसार निर्णय लिया गया कि:-

1. शेष जल की आपूर्ति हेतु सी.एस.आई.डी.सी. से अनुमति प्राप्त कर प्रस्तुत किया जाए।

2. वैकल्पिक व्यवस्था हेतु डी.जी. सेट की क्षमता सहित एवं चिमनी संबंधी जानकारी प्रस्तुत किया जाए।

3. प्रस्तावित उद्योग परिसर के चारों ओर 40 प्रतिशत क्षेत्र में सघन वृक्षारोपण हेतु 6 से 8 फीट ऊंचाई वाले पौधों का रोपण (80 प्रतिशत जीवन दर सहित), सुरक्षा हेतु फेंसिंग, खाद एवं सिंचाई तथा रख–रखाव के लिए 5 वर्षों का घटकवार व्यय का विवरण सहित विस्तृत प्रस्ताव (डी.पी.आर.) ले–आउट प्लान में दर्शाते हुए प्रस्तुत किया जाए।

4. सी.ई.आर. के तहत् सघन वन निर्माण हेतु ग्राम पंचायत अथवा सीएसआईडीसी से भूमि प्राप्त कर विस्तृत प्रस्ताव (डी.पी.आर.) प्रस्तुत किया जाए।

5. परिसर के भीतर सघन वृक्षारोपण किये जाने एवं रोपित पौधों का सरवाईवल रेट (Survival rate) 80 प्रतिशत सुनिश्चित किये जाने बाबत् शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया जाए।

6. छत्तीसगढ़ आदर्श पुनर्वास नीति के तहत् स्थानीय लोगों को रोजगार दिये जाने हेतु शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया जाए।

7. परियोजना प्रस्तावक द्वारा अंडरटेकिंग (Undertaking) प्रस्तुत किया जाए कि उनके विरूद्ध इस परियोजना/उद्योग से संबंधित कोई न्यायालयीन प्रकरण देश के अंतर्गत किसी भी न्यायालय में लंबित नहीं है।

8. परियोजना प्रस्तावक द्वारा अंडरटेकिंग (Undertaking) प्रस्तुत किया जाए कि उनके विरूद्ध भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना का.आ. 804(अ), दिनांक 14/03/2017 के अंतर्गत कोई उल्लंघन का प्रकरण लंबित नहीं है।

उपरोक्त वांछित जानकारी/दस्तावेज प्राप्त होने उपरांत आगामी कार्यवाही की जाएगी।

तदानुसार एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के ज्ञापन दिनांक 21/03/2023 के परिपेक्ष्य में परियोजना प्रस्तावक द्वारा दिनांक 31/03/2023 को जानकारी/दस्तावेज प्रस्तुत किया गया।

(स) समिति की 403वीं बैठक दिनांक 11/08/2023:

समिति द्वारा पत्रों, प्रस्तुत जानकारी का अवलोकन एवं परीक्षण करने पर निम्न स्थिति पाई गई–

1. परियोजना प्रस्तावक द्वारा बताया गया कि कुल जल की मात्रा 30 किलोलीटर प्रतिदिन है, जिसमें से सेन्ट्रल ग्राउण्ड वॉटर अथॉरिटी से 9.8 घनमीटर प्रतिदिन की अनुमति प्राप्त की गई है तथा शेष 14 किलोलीटर की अनुमति सी.एस.आई.डी.सी. से प्राप्त कर प्रस्तुत किया गया है।

2. वैकल्पिक व्यवस्था हेतु 1 डी.जी. सेट 125 के.वी.ए. तथा 30 मीटर ऊंचाई की चिमनी स्थित है।

3. प्रस्तावित उद्योग परिसर के चारों ओर 41 प्रतिशत क्षेत्र में सघन वृक्षारोपण हेतु 6 से 8 फीट ऊंचाई वाले पौधों का रोपण किया जाएगा तथा शेष 11.78 प्रतिशत वृक्षारोपण उद्योग के बाहरी क्षेत्र की भूमि पर किया जाएगा। वृक्षारोपण (पीपल, नीम, करंज, जामुन, अमलतास, कदम आदि) हेतु प्रस्तुत प्रस्ताव अनुसार 1,408 नग पौधों के लिए राशि 1,27,008 रूपये, फेंसिंग के लिए राशि 70,000 रूपये,

खाद के लिए राशि 10,560 रूपये, सिंचाई तथा रख-रखाव आदि के लिए राशि 2,88,000 रूपये, इस प्रकार प्रथम वर्ष में कुल राशि 4,53,560 रूपये तथा आगामी 4 वर्षों में कुल राशि 8,11,084 रूपये हेतु वर्षवार व्यय का विवरण प्रस्तुत किया गया है।

4. परियोजना प्रस्तावक द्वारा सी.ई.आर. (Corporate Environment Responsibility) हेतु समिति के समक्ष विचार के पश्चात् संशोधित निम्नानुसार विस्तृत प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है:-

Capital Investment (in Lakh Rupees)	Percentage of Capital Investment to be Spent	Amount for CER Activities (in Lakh Rupees)	Amount Proposed & Details for CER Activities (in Lakh Rupees)	
			Particulars	CER Fund Allocation (in Lakh Rupees)
830.1	2%	16.6	Following activities at nearby Muktidham, Rawabhata	
			Plantation	16.44
			Total	16.44

सी.ई.आर. के अंतर्गत आंवला, नीम, करंज, जामुन, अमलतास, कदम आदि के वृक्षारोपण हेतु प्रस्तुत प्रस्ताव अनुसार 3,200 नग पौधों के लिए राशि 2,40,200 रूपये, फेंसिंग के लिए राशि 1,40,000 रूपये, खाद के लिए राशि 24,000 रूपये, सिंचाई तथा रख-रखाव आदि के लिए राशि 2,68,000 रूपये, इस प्रकार प्रथम वर्ष में कुल राशि 6,73,200 रूपये तथा आगामी 4 वर्षों में कुल राशि 9,70,880 रूपये हेतु वर्षवार व्यय का विवरण प्रस्तुत किया गया है। परियोजना प्रस्तावक द्वारा कार्यालय नगर पालिक निगम, बीरगांव से सहमति उपरांत मुक्तिधाम स्थल (खसरा क्रमांक 328/22 रकबा 4.047 हेक्टेयर में से 2 हेक्टेयर) के संबंध में जानकारी प्रस्तुत की गई है। कार्यालय नगर पालिक निगम, बीरगांव के द्वारा दिनांक 28/03/2023 को उक्त हेतु सहमति पत्र प्रस्तुत किया गया है।

5. परिसर के भीतर सघन वृक्षारोपण किये जाने एवं रोपित पौधों का उत्तरजीविता रेट (Survival rate) 80 प्रतिशत सुनिश्चित किये जाने बाबत् शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है।

6. छत्तीसगढ़ आदर्श पुनर्वास नीति के तहत् स्थानीय लोगों को रोजगार दिये जाने हेतु शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है।

7. परियोजना प्रस्तावक द्वारा शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है कि उनके विरूद्ध इस परियोजना/खदान से संबंधित कोई न्यायालयीन प्रकरण देश के अंतर्गत किसी भी न्यायालय में लंबित नहीं है।

8. परियोजना प्रस्तावक द्वारा शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है कि उनके विरूद्ध भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना का.आ. 804(अ), दिनांक 14/03/2017 के अंतर्गत कोई उल्लंघन का प्रकरण लंबित नहीं है।

उपरोक्त तथ्यों के आधार पर **समिति द्वारा विचार विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से** मेसर्स सुनील स्टील्स (ए यूनिट ऑफ सुनील रि-रोलर्स एण्ड स्टील प्रा. लि.), उरला इण्डस्ट्रियल एरिया, तहसील व जिला-रायपुर स्थित प्लाट नं. 360(पार्ट) एवं 360सी, कुल क्षेत्रफल - 1.06 हेक्टेयर में क्षमता विस्तार के तहत् एम.एस.इंगोट्स (इण्डक्शन

फर्नेस (विद डीआरआई/सीसीएम) क्षमता – 15,000 टन प्रतिवर्ष से बढ़ाकर 88,200 टन प्रतिवर्ष तथा रि–रोलिंग मील क्षमता – 14,000 टन प्रतिवर्ष (री–हीटिंग फर्नेस आधारित रोलिंग मिल) को विस्थापित कर 51,000 टन प्रतिवर्ष (हॉट चार्जिंग आधारित रोलिंग मिल) हेतु परिशिष्ट–03 में वर्णित शर्तों के अधीन पर्यावरणीय स्वीकृति दिए जाने की अनुशंसा की गई।

राज्य स्तरीय पर्यावरण समाघात आंकलन प्राधिकरण (एस.ई.आई.ए.ए.) छत्तीसगढ़ को तदानुसार सूचित किया जाए।

6. **मेसर्स हिर्रीसरकला लाईम स्टोन (माईन्स विभाग) स्वामी (प्रो.–श्री मोहनचंद शर्मा), ग्राम–हिर्रीसरकला, तहसील–पथरिया व जिला–कबीरधाम (परिवेश का नस्ती क्रमांक 2037)**

ऑनलाईन आवेदन – प्रपोजल नम्बर – एसआईए/ सीजी/ एमआईएन/ 270818/2022, दिनांक 22/05/2022 द्वारा पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु आवेदन किया गया है। परियोजना प्रस्तावक द्वारा प्रस्तुत आवेदन में कमियाँ होने से ज्ञापन दिनांक 08/06/2022 द्वारा जानकारी प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया। परियोजना प्रस्तावक द्वारा वांछित जानकारी दिनांक 22/08/2022 को ऑनलाईन प्रस्तुत की गई।

प्रस्ताव का विवरण – यह पूर्व से संचालित चूना पत्थर (गौण खनिज) खदान है। ग्राम–हिर्रीसरकला, तहसील–पथरिया, जिला–कबीरधाम स्थित पार्ट ऑफ खसरा क्रमांक 366, कुल क्षेत्रफल–0.82 हेक्टेयर में है। खदान की आवेदित उत्खनन क्षमता–3,967 टन प्रतिवर्ष है।

तदानुसार परियोजना प्रस्तावक को एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के ज्ञापन दिनांक 05/12/2022 द्वारा प्रस्तुतीकरण हेतु सूचित किया गया।

बैठकों का विवरण –

(अ) समिति की 432वीं बैठक दिनांक 07/12/2022:

प्रस्तुतीकरण हेतु श्री मोहनचंद शर्मा, प्रोपराईटर उपस्थित हुए। समिति द्वारा नस्ती, प्रस्तुत जानकारी का अवलोकन एवं परीक्षण करने पर निम्न स्थिति पाई गई–

1. **पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति संबंधी विवरण–**

   i. पूर्व में चूना पत्थर खदान खसरा क्रमांक 366, कुल क्षेत्रफल–0.82 हेक्टेयर, क्षमता–3,871 टन प्रतिवर्ष हेतु जिला स्तरीय पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण, जिला–कबीरधाम द्वारा पर्यावरणीय स्वीकृति दिनांक 20/03/2017 को जारी की गई। यह स्वीकृति जारी दिनांक से 05 वर्ष अर्थात दिनांक 19/03/2022 तक वैध थी।

   परियोजना प्रस्तावक द्वारा बताया गया कि भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा जारी अधिसूचना दिनांक 18/01/2021 अनुसार–

   "9A. Notwithstanding anything contained in this notification, the period from the 1st April, 2020 to the 31st March, 2021 shall not be considered for the purpose of calculation of the period of validity of Prior Environmental Clearances granted under the provisions of this notification in view of outbreak of Corona Virus(COVID-19) and

subsequent lockdowns (total or partial) declared for its control, however, all activities undertaken during this period in respect of the Environmental Clearance granted shall be treated as valid."

उपरोक्त अधिसूचना के अनुसार पर्यावरणीय स्वीकृति की वैधता जारी दिनांक से दिनांक 18/03/2023 तक वैध होगी।

i. परियोजना प्रस्तावक द्वारा पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति के शर्तों के पालन में की गई कार्यवाही की जानकारी प्रस्तुत की गई है। परियोजना प्रस्तावक द्वारा बताया गया है कि उनके द्वारा एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय, भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नवा रायपुर अटल नगर से पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति का पालन प्रतिवेदन प्राप्त करने हेतु दिनांक 01/11/2022 को आवेदन पत्र प्रेषित किया गया है। समिति का मत है कि परियोजना प्रस्तावक द्वारा एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय, भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नवा रायपुर अटल नगर से पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति का पालन प्रतिवेदन प्राप्त कर प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है।

ii. निर्धारित कार्यानुसार वृक्षारोपण नहीं किया गया है।

iii. कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा), जिला-कबीरधाम के ज्ञापन क्रमांक 89/ख.लि./खनिज/उत्खनिपट्टा/2021 कबीरधाम, दिनांक 29/01/2021 द्वारा जारी प्रमाण पत्र अनुसार विगत वर्षों में किये गये उत्खनन की जानकारी निम्नानुसार है–

वर्ष	उत्खनन (टन)
2017–18	2,052.75
2018–19	2,213.75
2019–20	2,098.00
2020–21	1,771.00
2021–22	2,817.50

2. **ग्राम पंचायत का अनापत्ति प्रमाण पत्र** – उत्खनन पट्टा क्षेत्र की स्वीकृति के संबंध में ग्राम पंचायत झिरियाखार का दिनांक 12/09/2022 का अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया गया है।

3. **खनन योजना** – प्रोग्रेसिव माइनिंग प्लान एलांग विथ प्रोग्रेसिव माइन क्लोजर प्लान प्रस्तुत किया गया है, जो उप संचालक (खनि.प्रशा.), जिला-बिलासपुर के पृ. ज्ञापन क्र. 240/2/खनि/पूप्रयोजना/2.ऑ /2022 बिलासपुर, दिनांक 22/04/2022 द्वारा अनुमोदित है।

4. **500 मीटर की परिधि में स्थित खदान** – कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला-कबीरधाम के ज्ञापन क्रमांक 822/ख.लि./खनिज/उत्खनिपट्टा/2021 कबीरधाम, दिनांक 23/12/2021 के अनुसार आवेदित खदान से 500 मीटर के भीतर अवस्थित अन्य खदानों की संख्या निरंक है।

5. **200 मीटर की परिधि में स्थित सार्वजनिक क्षेत्र/संरचनाएं** – कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला-कबीरधाम के ज्ञापन क्रमांक 823/ख.लि./खनिज/उत्खनिपट्टा/2021 कबीरधाम, दिनांक 23/12/2021 द्वारा जारी प्रमाण पत्र अनुसार उक्त खदान से 200 मीटर की परिधि में कोई भी सार्वजनिक क्षेत्र जैसे मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारा, स्कूल, हॉस्पिटल, पुल, नहर, एनिकट, राष्ट्रीय राजमार्ग,

राजमार्ग, अस्पताल, रेल लाईन, जल आपूर्ति एवं बांध आदि प्रतिबंधित क्षेत्र स्थित नहीं है।

6. **भूमि एवं लीज का विवरण** – यह शासकीय भूमि है। लीज की मौकानिरीक्षण सर्वे के पास पर है। लीज डीड दिनांक 06/02/1996 से 16/04/2012 तक की अवधि हेतु थी। तत्पश्चात् लीज डीड 14 वर्ष अर्थात् दिनांक 17/04/2012 से 16/04/2026 तक की अवधि हेतु निष्पादित की गई है।

7. **डिस्ट्रिक्ट सर्वे रिपोर्ट** – वर्ष 2016 की डिस्ट्रिक्ट सर्वे रिपोर्ट (District Survey Report) की प्रति प्रस्तुत की गई है।

8. **वन विभाग का अनापत्ति प्रमाण पत्र** – कार्यालय वनमंडल प्रबंधक, छ.ग. राज्य वन विकास निगम लिमिटेड, कवर्धा परियोजना मण्डल, कवर्धा के ज्ञापन क्र. /परियो/2021-22/भा.वि./1366 कवर्धा, दिनांक 18/01/2022 से जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र अनुसार आवेदित क्षेत्र निकटतम वन क्षेत्र की सीमा से 2 कि.मी. की दूरी पर है।

9. **महत्वपूर्ण संरचनाओं की दूरी** – निकटतम आबादी ग्राम-[illegible] 800 मीटर, स्कूल ग्राम-[illegible] 1 कि.मी. एवं अस्पताल प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र [illegible] 1 कि.मी. की दूरी पर स्थित है। राष्ट्रीय राजमार्ग 6.5 कि.मी. एवं राजमार्ग 2.5 कि.मी. दूर है। हाफ नदी 5.5 कि.मी. एवं बांध 1.8 कि.मी. दूर है।

10. **पारिस्थितिकीय/जैवविविधता संवेदनशील क्षेत्र** – परियोजना प्रस्तावक द्वारा 10 कि.मी. की परिधि में अंतर्राज्यीय सीमा, राष्ट्रीय उद्यान, अभयारण्य, केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा घोषित क्रिटिकली पोल्यूटेड एरिया, पारिस्थितिकीय संवेदनशील क्षेत्र या घोषित जैवविविधता क्षेत्र स्थित नहीं होना प्रतिवेदित किया है।

11. **खनिज संपदा एवं खनन का विवरण** – जियोलॉजिकल रिजर्व 1,13,325 टन, माईनेबल रिजर्व 28,128 टन एवं रिकव्हरेबल रिजर्व 26,722 टन है। लीज की 7.5 मीटर चौड़ी सीमा पट्टी (उत्खनन के लिए प्रतिबंधित क्षेत्र) का क्षेत्रफल 1,877 वर्गमीटर है। ओपन कास्ट सेमी मेकेनाईज्ड विधि से उत्खनन किया जाता है। उत्खनन की प्रस्तावित अधिकतम गहराई 12.5 मीटर है। लीज क्षेत्र में ऊपरी मिट्टी की मोटाई 0.5 मीटर है तथा कुल मात्रा 1,137 घनमीटर है, ऊपरी मिट्टी को 7.5 मीटर (सेफ्टी बाउण्ड्री) क्षेत्र में फैलाकर वृक्षारोपण किया जाएगा। बेंच की ऊंचाई 1.5 मीटर एवं चौड़ाई 3 मीटर है। खदान की संभावित आयु 7 वर्ष है। लीज क्षेत्र में डम्प स्थापित है, जिसका क्षेत्रफल 530 वर्गमीटर है। जैक हैमर से ड्रिलिंग एवं कंट्रोल ब्लास्टिंग किया जाता है। खदान में वायु प्रदूषण नियंत्रण हेतु जल का छिड़काव किया जाता है। वर्षवार प्रस्तावित उत्खनन का विवरण निम्नानुसार है–

वर्ष	प्रस्तावित उत्खनन (टन)
प्रथम	3,987.5
द्वितीय	3,987.5
तृतीय	3,987.5
चतुर्थ	3,987.5
पंचम	3,987.5

12. जल आपूर्ति – परियोजना हेतु आवश्यक जल की मात्रा 5 घनमीटर प्रतिदिन होती है। जल की आपूर्ति ग्राम पंचायत द्वारा टैंकर के माध्यम से की जाती है। इस बाबत् ग्राम पंचायत का अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया गया है।

13. वृक्षारोपण कार्य – लीज क्षेत्र की सीमा में चारों ओर 7.5 मीटर की पट्टी 400 नग वृक्षारोपण किया जाएगा। परियोजना प्रस्तावक द्वारा लीज क्षेत्र के भीतर पर्यावरणीय प्रबंधन योजना के तहत् निम्नानुसार कार्य प्रस्तावित है–

विवरण		प्रथम (रूपये)	द्वितीय (रूपये)	तृतीय (रूपये)	चतुर्थ (रूपये)	पंचम (रूपये)
खदान की बाउण्ड्री में (400 नग) वृक्षारोपण हेतु	वृक्षारोपण (80 प्रतिशत जीवित दर) हेतु राशि	28,000	2,800	2,800	2,800	2,800
	फेंसिंग हेतु राशि	73,000	—	—	—	—
	खाद हेतु राशि	4,000	400	400	400	400
	सिंचाई एवं रख-रखाव हेतु राशि	1,16,000	96,000	96,000	96,000	96,000
कुल राशि = 6,17,800		2,21,000	99,200	99,200	99,200	99,200

14. खदान की 7.5 मीटर की चौड़ी सीमा पट्टी में उत्खनन – लीज क्षेत्र के चारों ओर 7.5 मीटर की सीमा पट्टी में उत्खनन कार्य नहीं किया गया है।

15. कॉर्पोरेट पर्यावरणीय दायित्व (C.E.R.) – परियोजना प्रस्तावक द्वारा सी.ई.आर. (Corporate Environment Responsibility) हेतु समिति के समक्ष विचारण से चर्चा उपरांत निम्नानुसार विस्तृत प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है–

Capital Investment (in Lakh Rupees)	Percentage of Capital Investment to be Spent	Amount for CER Activities (in Lakh Rupees)	Amount Proposed & Details for CER Activities (in Lakh Rupees)	
			Particulars	CER Fund Allocation (in Lakh Rupees)
27	2%	0.54	Following activities at Govt. Middle School **Village- Jhiriyakala**	
			Plantation in School	0.78
			Total	**0.78**

16. सी.ई.आर. के अंतर्गत स्कूल परिसर के भीतर (आंवला, जामुन, कदम, नीम, आम, अर्जुन, बेल आदि) वृक्षारोपण हेतु प्रस्तुत प्रस्ताव अनुसार 30 नग पौधों के लिए राशि 4,800 रूपये, ट्री-गार्ड हेतु राशि 12,000 रूपये, खाद के लिए राशि 300 रूपये, सिंचाई तथा रख-रखाव आदि के लिए राशि 12,000 रूपये, इस प्रकार प्रथम वर्ष में कुल राशि 29,100 रूपये तथा आगामी 4 वर्षों में कुल राशि 48,840 रूपये हेतु पांचवर्षीय व्यय का विवरण प्रस्तुत किया गया है।

17. सी.ई.आर. के तहत् प्रस्तावित कार्य हेतु स्कूल के प्राचार्य (Principal) का सहमति पत्र प्रस्तुत किया गया है।

समिति द्वारा सम्यक् विचारोपरांत सर्वसम्मति से निम्नानुसार निर्णय लिया गया था–

1. पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति का पालन प्रतिवेदन एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय, भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय से मंगाये जाने हेतु पत्र लेख किया जाए।
2. पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति के शर्तों के अनुरूप निर्धारित शर्तानुसार माईनिंग लीज क्षेत्र के अंदर 7.5 मीटर चौड़े सेफ्टी जोन में 100 नग वृक्षारोपण करते हुए पौधों में संख्यांकन (Numbering) एवं पौधे के नाम का उल्लेख किया जाकर फोटोग्राफ्स सहित जानकारी प्रस्तुत की जाए।
3. खदान में वायु प्रदूषण नियंत्रण के संबंध में की गई व्यवस्था की जानकारी प्रस्तुत की जाए।
4. कंट्रोल ब्लास्टिंग किये जाने बाबत् शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया जाए।
5. छत्तीसगढ़ आदर्श पुनर्वास नीति के तहत् स्थानीय लोगों को रोजगार दिये जाने हेतु शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया जाए।
6. माईनिंग लीज क्षेत्र के अंदर सघन वृक्षारोपण किये जाने एवं रोपित पौधों का सरवाईवल रेट (Survival rate) 80 प्रतिशत सुनिश्चित किये जाने बाबत् शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया जाए।
7. परियोजना प्रस्तावक द्वारा मिनरल्स कन्सेशन नियम (Minerals Concession Rule) के तहत् बाउण्ड्री पिलर्स द्वारा सीमांकन का कार्य सुनिश्चित किये जाने बाबत् शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया जाए।
8. परियोजना प्रस्तावक द्वारा अंडरटेकिंग (Undertaking) प्रस्तुत किया जाए कि उनके विरूद्ध इस परियोजना/खदान से संबंधित कोई न्यायालयीन प्रकरण देश के अंतर्गत किसी भी न्यायालय में लंबित नहीं है।
9. परियोजना प्रस्तावक द्वारा अंडरटेकिंग (Undertaking) प्रस्तुत किया जाए कि उनके विरूद्ध भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना का.आ. 804(अ), दिनांक 14/03/2017 के अंतर्गत कोई उल्लंघन का प्रकरण लंबित नहीं है।

उपरोक्त वांछित जानकारी/दस्तावेज प्राप्त होने उपरांत आगामी कार्यवाही की जाएगी।

तदानुसार एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के ज्ञापन दिनांक 28/01/2023 के परिपेक्ष्य में परियोजना प्रस्तावक द्वारा दिनांक 05/04/2023 को जानकारी/दस्तावेज प्रस्तुत किया गया।

(स) समिति की [illegible] बैठक दिनांक 11/05/2023

समिति द्वारा नस्ती, प्रस्तुत जानकारी का अवलोकन एवं परीक्षण करने पर निम्न स्थिति पाई गई–

1. परियोजना प्रस्तावक द्वारा पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति का पालन प्रतिवेदन हेतु एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय, भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय में दिनांक 11/11/2022 को किये गये आवेदन की प्रति प्रस्तुत की गई है। भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा जारी ऑफिस मेमोरण्डम दिनांक 08/06/2022 के अनुसार

   A. Proposals involving expansion of existing EC:

At the time of issuance of expansion TOR, the MS of EAC/SEAC shall endorse a copy of the ToR to the concerned IRO of MoEF&CC. Based on the same, project proponent shall approach the concerned IRO of MoEF&CC to issue CCR. Such request shall be expeditiously considered and disposed of by the concerned IRO within a time frame of three months from the date of application of project proponent. In case, the CCR is not issued within three months, the project proponent shall approach concerned Regional Offices of Central Pollution Control Board (CPCB) or MS of respective State Pollution Control Boards (SPCB) or State Pollution Control Committees (SPCCs) for the same. है। इस संबंध में समिति का मत है कि पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति का पालन प्रतिवेदन हेतु छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, नवा रायपुर अटल नगर से संपर्क करना आवश्यक है।

2. परियोजना प्रस्तावक द्वारा वृक्षारोपण हेतु 10 फोटोग्राफ्स प्रस्तुत की गई है। समिति द्वारा पाया गया कि माईन लीज क्षेत्र के अंदर 7.5 मीटर चौड़े सेफ्टी जोन में लगाये हुए पौधों में संख्यांकन (Numbering) एवं पौधों के नाम का उल्लेख करते हुए फोटोग्राफ्स सहित जानकारी प्रस्तुत नहीं की गई है।

3. खदान में वायु प्रदूषण नियंत्रण हेतु नियमित जल छिड़काव की व्यवस्था की गई है।

4. कंट्रोल्ड ब्लास्टिंग किये जाने बाबत् शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है।

5. छत्तीसगढ़ आदर्श पुनर्वास नीति के तहत् स्थानीय लोगों को रोजगार दिये जाने हेतु शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है।

6. माईनिंग लीज क्षेत्र के अंदर सघन वृक्षारोपण किये जाने एवं रोपित पौधों का सरवाईवल रेट (Survival rate) 80 प्रतिशत सुनिश्चित किये जाने बाबत् शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है।

7. परियोजना प्रस्तावक द्वारा मिनरल्स कन्सेशन नियम (Minerals Concession Rule) के तहत् बाउण्ड्री पिलर्स द्वारा सीमांकन का कार्य सुनिश्चित किये जाने बाबत् शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है।

8. परियोजना प्रस्तावक द्वारा शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है कि उनके विरूद्ध इस परियोजना/खदान से संबंधित कोई न्यायालयीन प्रकरण देश के अंतर्गत किसी भी न्यायालय में लंबित नहीं है।

9. परियोजना प्रस्तावक द्वारा शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है कि उनके विरूद्ध भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना का.आ. 804(अ), दिनांक 14/03/2017 के अंतर्गत कोई उल्लंघन का प्रकरण लंबित नहीं है।

10. ऊपरी मिट्टी को लीज क्षेत्र के अंदर संरक्षित कर संग्रहित रखे जाने हेतु, मिट्टी का दुरूपयोग न करने, विक्रय न करने एवं अन्य कार्यों में उपयोग नहीं किये जाने एवं इस मिट्टी का उपयोग वृक्षारोपण हेतु किये जाने बाबत् शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है।

11. फ्यूजिटिव डस्ट उत्सर्जन के नियंत्रण हेतु नियमित जल छिड़काव किये जाने बाबत् शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है।

समिति द्वारा विचार विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से निम्नानुसार निर्णय लिया गयाः–

1. पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति का पालन प्रतिवेदन हेतु छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, नवा रायपुर अटल नगर से मंगाया जाए।
2. माईन लीज क्षेत्र के अंदर 7.5 मीटर चौड़े सेफ्टी जोन में लगाये हुए पौधों के संख्यांकन (Numbering) एवं पौधे के नाम का उल्लेख करते हुये फोटोग्राफ सहित जानकारी प्रस्तुत किया जाए।

उपरोक्त वांछित जानकारी/दस्तावेज प्राप्त होने उपरांत आगामी कार्यवाही की जाएगी।

परियोजना प्रस्तावक को तदानुसार सूचित किया जाए। साथ ही छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल को पत्र लेख किया जाए।

7. **मेसर्स पेन्डुकिलाई डोलोमाईट क्वारी (प्रो.– श्री नरहर लाल ताम्रकार), ग्राम–पेन्डुकिलाई, तहसील–धमधा, जिला–दुर्ग (सचिवालय का नस्ती क्रमांक 21302)**

ऑनलाईन आवेदन – प्रपोजल नम्बर – एसआईए /सीजी /एमआईएन / 288028/2022, दिनांक 16/08/2022 द्वारा पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु आवेदन किया गया है। परियोजना प्रस्तावक द्वारा प्रस्तुत आवेदन में कमियाँ होने से ज्ञापन दिनांक 26/08/2022 द्वारा जानकारी प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया। परियोजना प्रस्तावक द्वारा वांछित जानकारी दिनांक 23/12/2022 को ऑनलाईन प्रस्तुत की गई।

प्रस्ताव का विवरण – यह प्रस्तावित डोलोमाईट (गौण खनिज) खदान है। खदान ग्राम–पेन्डुकिलाई, तहसील–धमधा, जिला–दुर्ग स्थित खसरा क्रमांक 21/3(पार्ट), 21/4 एवं 471(पार्ट), कुल क्षेत्रफल–1.32 हेक्टेयर में प्रस्तावित है। खदान की प्रस्तावित उत्पादन क्षमता–13,500 टन प्रतिवर्ष है।

तदानुसार परियोजना प्रस्तावक को एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के ज्ञापन दिनांक 18/01/2023 द्वारा प्रस्तुतीकरण हेतु सूचित किया गया।

बैठकों का विवरण –

(अ) समिति की 449वीं बैठक दिनांक 25/01/2023

प्रस्तुतीकरण हेतु श्री नरहर लाल ताम्रकार, प्रोपराईटर उपस्थित हुए। समिति द्वारा नस्ती, प्रस्तुत जानकारी का अवलोकन एवं परीक्षण करने पर निम्न स्थिति पाई गईः–

1. **पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति संबंधी विवरण**– इस खदान को पूर्व में पर्यावरणीय स्वीकृति जारी नहीं की गई है।
2. **ग्राम पंचायत का अनापत्ति प्रमाण पत्र** – उत्खनन के संबंध में ग्राम पंचायत पेन्डुकिलाई का दिनांक 18/02/2019 का अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया गया है।
iii. क्षेत्रीय अधिकारी, क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल के ज्ञापन क्रमांक 2878 दिनांक 28/10/2010 के पालनार्थ कार्यालय मुख्य विद्युत निरीक्षक, छत्तीसगढ़ शासन के पत्र क्रमांक 481 दिनांक 24/12/2010 के अनुसार कोल वॉशरी प्लांट के लिए स्थापित मेन एल.टी. केबल को दिनांक 08/12/2010 को सील करने तथा तत्संबंध विद्युत विभाग द्वारा स्थल पर बनाये गये पंचनामा की प्रति प्रस्तुत की गई है।

iv. क्षेत्रीय अधिकारी, क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल के द्वारा दिनांक 14/09/2021 को किये गये निरीक्षण के दौरान कोल वॉशरी बंद पाई गई तथा कोल वॉशरी के इलेक्ट्रिकल पैनल सील पाये गये।

उल्लेखनीय है कि उद्योग द्वारा अपने पत्र दिनांक 14/09/2021 के माध्यम से बताया गया कि कोल वॉशरी के स्थापना के उपरांत कभी भी उत्पादन कार्य नहीं किया गया है। कोल वॉशरी हेतु स्थापना सम्मति छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल मुख्यालय से पत्र क्रमांक 3236, दिनांक 02/08/2007 जारी किया गया था व उद्योग को क्षेत्रीय कार्यालय पर्यावरण संरक्षण मंडल के पत्र क्रमांक 2878, दिनांक 28/10/2010 के माध्यम से विद्युत आपूर्ति व्यवस्था का विच्छेदन करने का निर्देश दिया गया था जिसके बाद उद्योग द्वारा स्वतः ही विद्युत आपूर्ति विच्छेदन कर दिया गया था। विद्युत विभाग द्वारा दिनांक 08/12/2010 को क्षेत्रीय अधिकारी पर्यावरण संरक्षण मंडल के पत्र क्रमांक 2878 दिनांक 28/10/2010 के निर्देशानुसार उद्योग में स्थापित कोल वॉशरी का निरीक्षण कर उद्योग बंद स्थिति में पाया व संयुक्त रूप से इलेक्ट्रिकल सील किया। क्षेत्रीय कार्यालय पर्यावरण संरक्षण मंडल के निर्देशानुसार व विद्युत विभाग की कार्यवाही विद्युत विच्छेदन के बाद से अब तक कोल वॉशरी पूर्णतः बंद है व अब जर्जर अवस्था में है। पर्यावरणीय स्वीकृति व संचालन सम्मति मिलने तक कोल वॉशरी में कोई उत्पादन नहीं किया जाएगा।

2. परियोजना प्रस्तावक द्वारा सी.ई.आर. के अन्तर्गत प्रस्तावित कार्यों में अतिरिक्त मद्दों को शामिल करते हुये निम्नानुसार विस्तृत प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है:-

Capital Investment (in Lakh Rupees)	Percentage of Capital Investment to be Spent	Amount for CER Activities (in Lakh Rupees)	Amount Proposed & Details for CER Activities (in Lakh Rupees)	
			Particulars	CER Fund Allocation (in Lakh Rupees)
1450	2%	29	Following activities at 14 Nearby Government Schools, 01 Govt. Hospital and Deepening of 04	

			Village's Pond.	
			Rain Water Harvesting System	13.5
			Potable Drinking Water Facility	2.56
			Running Water Facility for Toilets	2.5
			Plantation with Fencing	1.65
			Deepening of Pond	9.00
			Total	29.21

प्रस्तावित कॉर्पोरेट पर्यावरणीय दायित्व (C.E.R.) कार्य (1) नवीन शासकीय प्राथमिक शाला ग्राम–खरीदा, (2) शासकीय प्राथमिक शाला केन्द्र ग्राम–खरीदा, (3) शासकीय कन्या पूर्व माध्यमिक शाला ग्राम–खरीदा, (4) शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला ग्राम–खरीदा, (5) दाऊ जोगनलाल उत्तर माध्यमिक शाला ग्राम–परसदाडीह, (6) शासकीय माध्यमिक शाला ग्राम–सिलयारी, (7) शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला ग्राम–सिलयारी (8) शासकीय प्राथमिक शाला ग्राम–कनसदा, (9) शासकीय प्राथमिक शाला ग्राम–धनसीहा, (10) शासकीय प्राथमिक शाला ग्राम–टोका (11) शासकीय प्राथमिक शाला बरतनगर (12) शासकीय प्राथमिक शाला ग्राम–कुर्रा (13) शासकीय प्राथमिक माध्यमिक शाला ग्राम–कुरेटी (14) शासकीय प्राथमिक शाला ग्राम–धनसीहा नवा (15) शासकीय स्वास्थ्य केन्द्र ग्राम–धनसीहा में किया जायेगा। (16) तालाब के गहरीकरण का प्रस्ताव अंतर्गत ग्राम–खरीदा, ग्राम–सिलयारी, ग्राम–परसदाडीह एवं ग्राम–धनसीहा को शामिल किया गया है।

3. परियोजना प्रस्तावक द्वारा प्रस्तुतीकरण के दौरान बताया गया कि उनके द्वारा Ecological Damage, Remedition Plan and Natural and Community Resource Augmentation Plan की गणना हेतु निर्माण के दौरान पानी का उपयोग, उत्सर्जित होने वाले वायु प्रदूषण, ध्वनि प्रदूषण, इकोलॉजिकल इन्वायरमेंट, सोशियो–इकोनॉमिक इन्वायरमेंट का समावेश करते हुए रेमिडियल प्लान एवं क्षतिपूर्ति राशि (Damage Cost) रूपये 28,25,000, प्राकृतिक संसाधन संवर्धन प्लान रूपये 27,90,000 एवं सामुदायिक संसाधन संवर्धन प्लान रूपये 6,60,000 (कुल–रूपये 62,75,000/–) की गणना कर प्रस्तुत किया गया है। उक्त प्लान के तहत् परियोजना स्थल से 10 कि.मी. की परिधि में आने वाले स्कूल, अस्पताल, ग्राम पंचायत भवन, आंगन बाड़ी में शौचालय पानी की व्यवस्था, पीने योग्य पानी की व्यवस्था, स्कूल भवनों में वृक्षारोपण, जागरूकता कार्यक्रम, हेल्थ चेकअप आदि किए जाने हेतु कार्ययोजना प्रस्तुत की गई है।

4. समिति द्वारा केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार, दिल्ली के पत्र क्रमांक B-12015/60/2019-AS/469 dated April 10, 2019 के "Record notes of discussion in the 6[th] conference of Chairman and Member Secretaries of Pollution Control Boards / Committees held on March 18, 2019" के अनुसार Environmental Compensation हेतु निर्धारित फार्मूला EC=PIxNxRxSxLF (EC - Environmental compensation in Rs, PI - Pollution Index of Industrial Sector, N - Number of days of violation took place, R - a Factor in Rs. For EC, S - Factor for scale

of operation LF - Location Factor) अथवा न्यूनतम 5,000 रूपये प्रति दिन का आकलन किया गया। उक्त के परिप्रेक्ष्य में समिति द्वारा पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति हेतु 5,000 रूपये प्रति दिन के आधार पर स्थापना सम्मति दिनांक 02/08/2007 एवं एस.टी. बेकर सीज दिनांक 08/12/2010 के मध्य की अवधि को संज्ञान में लेते हुये कुल उल्लंघन दिवस 1,254 मान्य किया गया। जिसके अनुसार पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति राशि 62,70,000/- रूपये (5000 X 1254) होगा। परियोजना प्रस्तावक द्वारा Ecological Damage, Remediation Plan and Natural and Community Resource Augmentation Plan हेतु राशि 62,75,000/- रूपये की गणना कर प्रस्तुत की गई है। उक्त के संदर्भ में समिति सर्वमत रही कि सी.एस.आई.डी.सी. छत्तीसगढ़ के माध्यम से सिलतरा औद्योगिक क्षेत्र में ईंटों वाली सड़क निर्माण हेतु राशि 62,75,000/- रूपये का व्यय किया जाए। इस आशय हेतु उक्त राशि की बैंक गारंटी छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल में प्रस्तुत किया जाए। साथ ही सिलतरा औद्योगिक क्षेत्र में ईंटों वाली सड़क निर्माण, परिवेशीय वायु गुणवत्ता सुधार हेतु वाटर स्प्रिंकलर, सड़क के दोनों किनारे वृक्षारोपण का सौन्दर्यीकरण एवं प्राकृतिक जल निकास हेतु वाटर ड्रेनेज निर्माण हेतु राशि 62,75,000/- रूपये का विस्तृत प्रस्ताव सी.एस.आई.डी.सी. छत्तीसगढ़ से प्राप्त कर 02 माह में प्रस्तुत किया जाए।

समिति द्वारा तत्समय अनुशंसा में निम्नानुसार निर्णय लिया गया था–

1. मेसर्स एस.के.एस. इस्पात एण्ड पॉवर लिमिटेड की ग्राम–सिलतरा, तहसील व जिला–रायपुर स्थित खसरा क्रमांक 18/1, 26/1, 29/2 एवं 28/1 में स्थित स्पंज आयरन क्षमता–0.72 मिलियन टन प्रतिवर्ष हेतु सी.एस.आई.डी.सी. छत्तीसगढ़ अथवा छत्तीसगढ़ वन विकास निगम के सिलतरा औद्योगिक क्षेत्र में ईंटों वाली निर्माण हेतु राशि 62,75,000/- रूपये का विस्तृत प्रस्ताव 02 माह में प्रस्तुत करने एवं पर्यावरणीय स्वीकृति दिए जाने की अनुशंसा की गई।
2. परियोजना प्रस्तावक द्वारा पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति के लिए निर्धारित राशि 62,75,000/- रूपये की बैंक गारंटी छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, नवा रायपुर अटल नगर, जिला–रायपुर में जमा करने की पुष्टि उपरांत पर्यावरणीय स्वीकृति पत्र जारी किया जाए।

प्राधिकरण द्वारा बैठक में विचार – प्रकरण पर प्राधिकरण की दिनांक 28/09/2021 को संपन्न 118वीं बैठक में विचार किया गया था। प्राधिकरण द्वारा नस्ती का अवलोकन उपरांत सर्वसम्मति से समिति की अनुशंसा को स्वीकार करते हुये पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति के लिए निर्धारित राशि 62,75,000/- रूपये की बैंक गारंटी छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, नवा रायपुर अटल नगर, जिला–रायपुर में जमा किये जाने हेतु परियोजना प्रस्तावक को निर्देशित किये जाने का निर्णय लिया गया था। यह भी निर्णय लिया गया था कि उक्त बैंक गारंटी की वैध रिवाइज कार्य पूर्ण होने की तिथि से 3 वर्ष की अवधि तक होगी। बैंक गारंटी प्राप्त होने की पुष्टि छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल से होने के पश्चात् पर्यावरणीय स्वीकृति जारी किये जाने बाबत् विचार हेतु प्रस्तुत किया जाए।

तदनुसार एस.ई.आई.ए.ए., छत्तीसगढ़ के ज्ञापन दिनांक 28/09/2021 के परिप्रेक्ष्य में परियोजना प्रस्तावक द्वारा दिनांक 08/10/2021 एवं 16/11/2021 को जानकारी/दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है।

प्राधिकरण द्वारा बैठक में विचार – उपरोक्त प्रकरण पर प्राधिकरण की दिनांक 30/12/2021 को संपन्न 117वीं बैठक में विचार किया गया। प्राधिकरण द्वारा शर्तों/दस्तावेज का अवलोकन कर नोट किया गया:–

1. मेसर्स एस.बी.एस. इस्पात एण्ड पॉवर लिमिटेड की ग्राम–सिलतरा, तहसील व जिला–रायपुर स्थित खसरा क्रमांक 16/1, 29/1, 29/2 एवं 28/1 में स्थित कोल वॉशरी क्षमता–0.72 मिलियन टन प्रतिवर्ष हेतु सी.एस.आई.डी.सी. छत्तीसगढ़ अथवा छत्तीसगढ़ वन विकास निगम से सिलतरा औद्योगिक क्षेत्र में ग्रीन पार्क निर्माण हेतु राशि 62,75,000/– रूपये का विस्तृत प्रस्ताव आज दिनांक तक अप्राप्त है।
2. परियोजना प्रस्तावक द्वारा पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति के लिए निर्धारित राशि 62,75,000/– रूपये की बैंक गारंटी छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, नवा रायपुर अटल नगर, जिला–रायपुर में जमा किया जाना बताया गया है। उक्त बैंक गारंटी प्राप्त होने की पुष्टि छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल के ज्ञापन दिनांक 16/11/2021 द्वारा किया गया है, जिसकी वैधता दिनांक 31/03/2023 तक है।
3. परियोजना प्रस्तावक द्वारा "कुल एरिया 121.4 हेक्टेयर (300 एकड़) में से 2.529 हेक्टेयर" में कोल वॉशरी क्षमता–0.72 मिलियन टन प्रतिवर्ष के स्थान पर **"कुल एरिया 77.18 हेक्टेयर (190.76 एकड़) में से 2.529 हेक्टेयर"** में कोल वॉशरी क्षमता–0.72 मिलियन टन प्रतिवर्ष किये जाने हेतु अनुरोध किया गया है।
4. परियोजना प्रस्तावक द्वारा प्रस्तुत प्री–फिजिबिलिटी रिपोर्ट, प्रस्तुतीकरण के दौरान प्रस्तुत जानकारियाँ एवं समिति द्वारा किये गये पत्राचारों एवं जारी टी.ओ.आर. में कुल एरिया 121.4 हेक्टेयर (300 एकड़) में से 2.529 हेक्टेयर का उल्लेख किया जाना पाया गया है।

प्राधिकरण द्वारा सम्यक् सावधानी से निम्नानुसार निर्णय लिया गया था:–

1. परियोजना प्रस्तावक से सी.एस.आई.डी.सी. छत्तीसगढ़ अथवा छत्तीसगढ़ वन विकास निगम के ग्रीन पार्क निर्माण, परिवेशीय वायु गुणवत्ता सुधार हेतु वाटर फाउंटेन, सड़क के दोनों किनारे वृक्षारोपण का सौंदर्यीकरण एवं प्रदूषित धूल नियंत्रण के लिए वाटर स्प्रिंकलर्स की स्थापना हेतु राशि 62,75,000/– रूपये का विस्तृत समयबद्ध प्रस्ताव मंगाया जाए।

उपरोक्त तथ्यों तथा प्लांट के कुल क्षेत्रफल में से कोल वॉशरी के क्षेत्रफल संबंधी तथ्यों तथा सी.एस.आई.डी.सी. छत्तीसगढ़ अथवा छत्तीसगढ़ वन विकास निगम से ग्रीन पार्क निर्माण, परिवेशीय वायु गुणवत्ता सुधार हेतु वाटर फाउंटेन, सड़क के दोनों किनारे वृक्षारोपण का सौंदर्यीकरण एवं प्रदूषित धूल नियंत्रण के लिए वाटर स्प्रिंकलर्स की स्थापना हेतु विस्तृत समयबद्ध प्रस्ताव प्राप्त कर परीक्षण उपरांत उपयुक्त अनुशंसा किये जाने हेतु प्रकरण को एस.ई.ए.सी. छत्तीसगढ़ के समक्ष पुनः प्रस्तुत किये जाने का निर्णय लिया गया।

प्राधिकरण द्वारा सम्यक् सावधानी से उपरोक्त तथ्यों के आधार पर परीक्षण कर, उपयुक्त अनुशंसा किये जाने हेतु प्रकरण एस.ई.ए.सी. छत्तीसगढ़ के समक्ष प्रस्तुत किये जाने का निर्णय लिया गया था।

(द) समिति की आठवीं बैठक दिनांक 14/02/2022

समिति द्वारा नस्ती, प्रस्तुत जानकारी का अवलोकन करने पर पाया गया कि आवेदित प्रकरण में प्राधिकरण द्वारा जो तथ्यों को संज्ञान में लिया जाकर परियोजना प्रस्तावक से जानकारियां चाही गई थी, उसके संबंध में प्रस्तुत जानकारी/दस्तावेज अपूर्ण है। भूमि संबंधी अभिलेख पूर्ण नहीं है एवं भूमि संबंधी दस्तावेजों का पुनः परीक्षण आवश्यक है। कोल वॉशरी की संचालन सम्मति कब स्वीकृत हुई, संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय की रिपोर्ट प्राप्त किया जाना आवश्यक है। संचालन सम्मति के पश्चात् कितना मीट्रिक टन कोयले कब से कब तक वॉश किया गया एवं उससे कितना उत्पादन हुआ? इस दौरान पर्यावरण की कितनी क्षति हुई विश्लेषण किया जाना आवश्यक है। विद्युत विच्छेदन कब किया गया? वर्तमान में कोल वॉशरी संचालित है अथवा नहीं? कोल वॉशरी को बंद करने हेतु छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा कब कार्यवाही की गई।

समिति द्वारा सम्यक विचारोपरांत निम्नानुसार निर्णय लिया गया था:-

1. उपरोक्तानुसार जानकारी/दस्तावेज प्रस्तुत किया जाए।
2. पर्यावरणीय क्षति का नई विधि से मूल्यांकन कर प्रस्तुत किया जाए।
3. प्लांट के कुल क्षेत्रफल में से कोल वॉशरी के क्षेत्रफल संबंधी तथ्यों तथा सी.एस. आई.डी.सी. छत्तीसगढ़ अथवा छत्तीसगढ़ वन विकास निगम से ईको पार्क निर्माण, परिवेशीय वायु गुणवत्ता सुधार हेतु वाटर स्प्रिंकलर, सड़क के दोनों किनारे वृक्षारोपण कर सौंदर्यीकरण एवं धूलिकणीय उत्सर्जन नियंत्रण के लिए वाटर स्प्रिंकलरों की स्थापना हेतु विस्तृत समयबद्ध प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाए।
4. वर्तमान स्थिति के अनुसार परियोजना के कुल विनियोग का चरणवार ब्रेक-अप प्रस्तुत किया जाए।
5. उपरोक्त समस्त पूर्ण जानकारी / दस्तावेज प्रस्तुत किये जाने उपरांत आगामी कार्यवाही की जाएगी।

तदानुसार परियोजना प्रस्तावक को एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के ज्ञापन दिनांक 23/06/2022 द्वारा प्रस्तुतीकरण हेतु सूचित किया गया।

(स) समिति की 41वीं बैठक दिनांक 30/06/2022

प्रस्तुतीकरण हेतु श्री एस. सुरेश, जनरल मैनेजर एवं श्री सुब्रत कांत, इन्वायरमेंट मैनेजर तथा मेसर्स एनवायरो इंफोटेक्निक्स प्राइवेट लिमिटेड की ओर से श्रीकांत डी. वाकोडे, वरिष्ठ पर्यावरण वैज्ञानिक उपस्थित हुए। समिति द्वारा नस्ती, प्रस्तुत जानकारी का अवलोकन एवं परीक्षण करने पर निम्न स्थिति पाई गई:-

1. ईको पार्क निर्माण हेतु सी.एस.आई.डी.सी. के द्वारा भूमि खसरा क्रमांक 517/1, 518/1, 518/2, 519, 520/1, 520/2, 524/1, 531/1, 532/1, 532/2 एवं 532/3 में जनरल प्रबंधक, छत्तीसगढ़ राज्य वन विकास निगम लि., बारनवापारा परियोजना मण्डल, रायपुर के ज्ञापन क्रमांक/व.वि.नि./वन/2022/5086 रायपुर, दिनांक 25/01/2022 के अनुसार ईको पार्क निर्माण हेतु निम्नानुसार विस्तृत प्राक्कलन प्रस्तुत किया गया है:-

वर्ष एवं कार्य	राशि
फेंसिंग व्यय	5,26,599
प्रथम वर्ष (क्षेत्र सफाई, पहुंचमार्ग कार्य, गड्ढा खुदाई, मिट्टी भराई, पौधरोपण व्यय, खाद क्रय, सिंचाई, सुरक्षा रख-रखाव, आदि)	29,72,830

द्वितीय वर्ष (वृक्ष पौधा परिवहन कार्य, रोपणी व्यय, खाद क्रय, सिंचाई, निंदाई कार्य, सुरक्षा रख–रखाव, आदि)	10,46,873
तृतीय वर्ष (निंदाई कार्य, सिंचाई, सुरक्षा रख–रखाव, आदि)	9,27,129
चतुर्थ वर्ष (सुरक्षा रख–रखाव, आदि)	4,50,408
चौकीदार हट का निर्माण	25,200
प्रचार निर्माण कार्य, चेतन लगाना	3,09,379
कुल	62,75,000

2. परियोजना प्रस्तावक द्वारा प्रस्तुतीकरण के दौरान प्रस्तुत ले–आउट प्लान में वृक्षारोपण हेतु कुल क्षेत्रफल का 33 प्रतिशत क्षेत्र में वृक्षारोपण लगाया जाना बताया गया है। समिति का मत कि वृक्षारोपण हेतु वर्तमान में स्थापित वृक्षारोपण क्षेत्र एवं प्रस्तावित वृक्षारोपण क्षेत्र (कुल क्षेत्रफल का कम से कम 40 प्रतिशत क्षेत्र) को ले–आउट प्लान में दर्शाते हुये के.एम.एल. फाईल सहित प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है।

3. परियोजना प्रस्तावक द्वारा प्रस्तुतीकरण के दौरान बताया गया कि कुल एरिया 121.4 हेक्टेयर (300 एकड़) में से 44.21 हेक्टेयर (109.24 एकड़) क्षेत्र इस परियोजना का भाग नहीं है। केवल 77.19 हेक्टेयर (190.76 एकड़) क्षेत्र इस परियोजना का भाग है, जिसमें से कोल वॉशरी का क्षेत्र 2.828 हेक्टेयर है। समिति द्वारा उक्त के संबंध में शपथ पत्र प्रस्तुत किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

4. परियोजना प्रस्तावक द्वारा प्रस्तुत भूमि संबंधी दस्तावेज में ग्राम–सिलतरा एवं ग्राम–मुंढ़ेरी का भूमि संबंधी दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। परियोजना प्रस्तावक द्वारा केवल ग्राम पंचायत सिलतरा का अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया गया है। समिति का मत कि ग्राम पंचायत मुंढ़ेरी का अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है।

5. समिति द्वारा पूर्व में किये गये सी.ई.आर. के तहत् कार्यों एवं 5 वर्षों तक उसके रख–रखाव हेतु तथा स्कूल में अतिरिक्त हैण्ड लाईब्रेरी निर्माण कराने बाबत् शपथ पत्र प्रस्तुत किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

समिति द्वारा उपरोक्त कार्यवाही से निम्नानुसार निर्णय लिया गया था–

1. सिलतरा औद्योगिक क्षेत्रान्तर्गत के पृथक–पृथक इकाई सहित वृक्षारोपण हेतु वर्तमान में किये गए वृक्षारोपण एवं प्रस्तावित वृक्षारोपण क्षेत्र (कुल क्षेत्रफल का कम से कम 40 प्रतिशत क्षेत्र) को ले–आउट प्लान में दर्शाते हुये के.एम.एल. फाईल सहित प्रस्तुत किया जाए।
2. पूर्व में किये गये वृक्षारोपण का नाम, संख्या, रोपण क्षेत्रफल एवं फोटोग्राफ्स सहित जानकारी प्रस्तुत किया जाए।
3. परियोजना प्रस्तावक द्वारा प्रस्तुतीकरण के दौरान बताया गया कि कुल एरिया 121.4 हेक्टेयर (300 एकड़) में से 44.21 हेक्टेयर (109.24 एकड़) क्षेत्र इस परियोजना का भाग नहीं है। केवल 77.19 हेक्टेयर (190.76 एकड़) क्षेत्र इस परियोजना का भाग है, जिसमें से कोल वॉशरी का क्षेत्र 2.828 हेक्टेयर के संबंध में शपथ पत्र प्रस्तुत किया जाए।
4. ग्राम पंचायत मुंढ़ेरी का अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया जाए।

5. पूर्व में किये गये सी.ई.आर. के तहत् कार्यों एवं 5 वर्षों तक उसके रख–रखाव हेतु तथा वसूली में अतिरिक्त ईको लाईसेंसी निर्माण करने बाबत् शपथ पत्र प्रस्तुत किया जाए।

6. वित्तीय वर्ष 2007–08 से वर्ष 2011–12 तक की अवधि का परियोजना प्रस्तावक द्वारा कंपनी का ऑडिटेड बैलेंस शीट रिपोर्ट (Annual Report) की प्रति प्रस्तुत की जावे जिससे कि कंपनी का उत्पादन अवधि में टर्नओवर की जानकारी प्राप्त कर नियमानुसार अर्थदंड अधिरोपित किया जा सके।

उपरोक्त समस्त पूर्ण जानकारी / दस्तावेज प्रस्तुत किये जाने उपरांत आगामी कार्यवाही की जाएगी।

तदानुसार एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के ज्ञापन दिनांक 03/08/2022 के परिपेक्ष्य में परियोजना प्रस्तावक द्वारा जानकारी/दस्तावेज दिनांक 26/08/2022 को प्रस्तुत किया गया है।

(5) समिति की 426वीं बैठक दिनांक 31/08/2022

समिति द्वारा चाही, प्रस्तुत जानकारी का अवलोकन एवं परीक्षण करने पर निम्न स्थिति पाई गई–

1. विद्यमान औद्योगिक क्रियाकलाप के पृथक–पृथक इकाई सहित वृक्षारोपण हेतु परिसर में किये गए वृक्षारोपण एवं प्रस्तावित वृक्षारोपण क्षेत्र (कुल क्षेत्रफल का कम से कम 40 प्रतिशत क्षेत्र) को ले–आउट प्लान में दर्शाते हुये के.एम.एल. फाईल सहित प्रस्तुत किया गया है, जिसके अनुसार विद्यमान औद्योगिक क्रियाकलाप के पृथक–पृथक इकाई परिसर के भीतर कुल भूमि 190.78 एकड़ में स्थित है। वर्ष 2020 में कराये गये सर्वे रिपोर्ट के अनुसार उद्योग परिसर के भीतर कुल क्षेत्रफल के 64.84 एकड़ क्षेत्र में (लगभग 33 प्रतिशत) वृक्षारोपण किया जा चुका है तथा वर्ष 2020–21 से वर्ष 2022–23 तक 3 वर्षों में लगभग 8 एकड़ भूमि में (5 एकड़ रिक्त स्थान एवं 3 एकड़ में गैप फिलिंग) सहित लगभग 10,000 नग वृक्षारोपण का कार्य कराया जा चुका है, जिसके अनुसार कुल भूमि 190.78 एकड़ में से 72.84 एकड़ (38.18 प्रतिशत) क्षेत्र में वृक्षारोपण का कार्य पूर्ण हो चुका है तथा आगामी मानसून वर्ष 2023–24 तक (40 प्रतिशत) क्षेत्र में वृक्षारोपण कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा।

2. पूर्व में किये गये वृक्षारोपण का नाम, संख्या, रोपण क्षेत्रफल एवं फोटोग्राफ्स सहित जानकारी प्रस्तुत की गई है, जिसके अनुसार–

Tree Sapling Location	Number of Plants
2020-21 to 2021-22	
Gate No. 4 & 5 gap filling	800
Near Gate No. 4 garden side	1,200
Gap filling in Plant premises	3,000
Near fly ash silo no. 5 & 6 plant boundary side	500
Road side gap filling between Gate No.1 to coal yard & Gate No. 4 & 5 road side (work in under progress)	1,000
Near rolling mill & dispatch yard	250
out side the premises of Maha-abhiyan Program	1,000
2022-23	
Near Gate No. 5	1,200

Near SMS cooling tower plant garden	600

3. परियोजना प्रस्तावक द्वारा कुल एरिया 121.4 हेक्टेयर (300 एकड़) में से 44.21 हेक्टेयर (109.24 एकड़) क्षेत्र इस परियोजना का भाग नहीं है। केवल 77.19 हेक्टेयर (190.76 एकड़) क्षेत्र इस परियोजना का भाग है, जिसमें से कॉमन बाउंड्री का क्षेत्र 2.626 हेक्टेयर के संबंध में शपथ पत्र प्रस्तुत किया गया है। इस संबंध में समिति का मत है कि उक्त तथ्यों के परिपेक्ष्य में शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है।

4. परियोजना प्रस्तावक का कथन है कि चूंकि प्रोजेक्ट साइट की स्थापना ग्राम–सिलतरा की अधिग्रहित भूमि में किया जाना है। इस कारण ग्राम पंचायत सिलतरा का अनापत्ति प्रमाण पत्र पूर्व में ही प्रस्तुत किया जा चुका है। इस संबंध में समिति का मत है कि यह परियोजना ग्राम–चुरेठी के अंतर्गत भी आता है। अतः ग्राम पंचायत चुरेठी का अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है।

5. उद्योग द्वारा पूर्व में सी.ई.आर. के अंतर्गत 29 लाख रूपये व्यय किये जाने का प्रस्ताव दिया गया था। परंतु प्रस्तुतीकरण के दौरान कम से कम 3 वर्षों तक रख–रखाव किये जाने हेतु निर्देशित किया गया था, जिसके लिए उद्योग द्वारा 3 लाख रूपये अतिरिक्त व्यय करने का निर्णय लिया है। साथ ही स्कूलों में अतिरिक्त ईको लाईब्रेरी निर्माण हेतु एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए बच्चों में जागरूकता हेतु अतिरिक्त 1 लाख रूपये व्यय किया जाएगा। इस प्रकार सी.ई.आर. के अंतर्गत कुल 33 लाख रूपये व्यय किया जाएगा। अतः सी.ई.आर. (Corporate Environment Responsibility) हेतु निम्नानुसार विस्तृत प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है:-

Capital Investment (In Lakh Rupees)	Percentage of Capital Investment to be Spent	Amount for CER Activities (In Lakh Rupees)	Amount Proposed & Details for CER Activities (In Lakh Rupees)	
			Particulars	CER Fund Allocation (In Lakh Rupees)
1450	2%	29	Following activities at, 14 Government Hospitals, School & 1 Village Pond	
			Rain Water Harvesting	15.525
			Potable Drinking Water Facility	2.944
			Running Water Facility for Toilets	2.875
			Plantation with fencing	1.897
			Total	23.241
			Development of Environmental Library	4.152
			Grand Total	27.393

सी.ई.आर. के अंतर्गत कुल 33 लाख रूपये व्यय किये जाने का लेख किया गया है, जबकि वर्तमान में परियोजना प्रस्तावक द्वारा प्रस्तुत सी.ई.आर. के प्रस्ताव में

27.383 लाख रूपये का ही प्रावधान प्रस्तुत किया गया है। समिति का मत है कि सी.ई.आर. के तहत् कुल 33 लाख रूपये व्यय किये जाने हेतु संशोधित प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है। साथ ही पूर्व में किये गये सी.ई.आर. के तहत् कार्यों एवं 5 वर्षों तक उसके रख–रखाव हेतु तथा स्कूलों में अतिरिक्त ईको लाईब्रेरी निर्माण कराने बाबत् शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है।

6. वित्तीय वर्ष 2007–08 से वर्ष 2011–12 तक की अवधि हेतु कंपनी का ऑडिटेड बैलेंस शीट रिपोर्ट (Annual Report) की प्रति प्रस्तुत की गई है।

7. समिति द्वारा यह स्पष्ट किया जाता है कि कुल आवेदन में दर्शित क्षेत्र के अतिरिक्त अन्य विस्तार इस स्टेज में मान्य योग्य नहीं है।

समिति द्वारा तत्समय सर्वसम्मति से निम्नानुसार निर्णय लिया गया था:-

i. कुल एरिया 121.4 हेक्टेयर (300 एकड़) में से 44.21 हेक्टेयर (109.24 एकड़) क्षेत्र इस परियोजना का भाग नहीं है। केवल 77.19 हेक्टेयर (190.76 एकड़) क्षेत्र इस परियोजना का भाग है, जिसमें से लीज खदानों का क्षेत्र 2.529 हेक्टेयर के संबंध में शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया जाए।

ii. ग्राम पंचायत कुटेली का अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया जाए।

iii. सी.ई.आर. के तहत् कुल 33 लाख रूपये व्यय किये जाने हेतु संशोधित प्रस्ताव डी.पी.आर. प्रस्तुत किया जाए। साथ ही पूर्व में किये गये सी.ई.आर. के तहत् कार्यों एवं 5 वर्षों तक उसके रख–रखाव हेतु तथा स्कूलों में अतिरिक्त ईको लाईब्रेरी निर्माण कराने बाबत् शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया जाए।

उपरोक्त समस्त पूर्ण जानकारी / दस्तावेज प्रस्तुत किये जाने उपरांत आगामी कार्यवाही की जाएगी।

तदानुसार एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के ज्ञापन दिनांक 08/11/2022 के परिप्रेक्ष्य में परियोजना प्रस्तावक द्वारा दिनांक 08/02/2023 को जानकारी/दस्तावेज प्रस्तुत किया गया।

(ii) समिति की 440वीं बैठक दिनांक 08/02/2023:

समिति द्वारा उक्त प्रस्तुत जानकारी का अवलोकन एवं परीक्षण करने पर निम्न स्थिति पाई गई:-

i. परियोजना प्रस्तावक द्वारा बताया गया कि परियोजना प्रस्तावक द्वारा सम्बन्धित की श्रेणी के अंतर्गत ग्राम–सिलतरा, तहसील व जिला–रायपुर स्थित कुल एरिया 121.4 हेक्टेयर (300 एकड़) में से 2.529 हेक्टेयर में स्टोन माईनिंग क्षमता 0.72 मिलियन टन प्रतिवर्ष की पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त करने हेतु आवेदन किया गया है। कुल एरिया 121.4 हेक्टेयर (300 एकड़) में से 44.21 हेक्टेयर (109.24 एकड़) क्षेत्र इस परियोजना का भाग नहीं है। केवल 77.19 हेक्टेयर (190.76 एकड़) क्षेत्र इस परियोजना का भाग है, जिसमें से लीज खदानों का क्षेत्र 2.529 हेक्टेयर के संबंध में शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है। समिति का मत है कि कुल एरिया 121.4 हेक्टेयर (300 एकड़) परियोजना क्षेत्र का खसरावार विवरण को ले–आउट प्लान में दर्शाते हुये के.एम.एल. फाईल सहित प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है।

ii. ग्राम पंचायत मुंगेली का अनापत्ति प्रमाण पत्र के संबंध में परियोजना प्रस्तावक द्वारा बताया गया कि कोलवाशरी की स्थापना ग्राम–सिलतरा में अधिग्रहीत भूमि खसरा क्रमांक 16/1, 28/1, 28/2 एवं 28/1 कुल रकबा 2.828 हेक्टेयर में होती है जो भी ग्राम पंचायत सिलतरा के अंतर्गत आता है, जिसका अनापत्ति प्रमाण पत्र पूर्व में ही प्रस्तुत किया गया है। अतः ग्राम पंचायत मुंगेली के अनापत्ति प्रमाण पत्र की आवश्यकता नहीं है।

iii. सी.ई.आर. के तहत् कुल 33 लाख रूपये व्यय किये जाने हेतु संशोधित प्रस्ताव सी.पी.आर. प्रस्तुत किया गया है। साथ ही पूर्व में किये गये सी.ई.आर. के तहत् कार्यों एवं 5 वर्षों तक उसके रख–रखाव हेतु तथा स्कूलों में अतिरिक्त ईको लाईब्रेरी निर्माण करने बाबत् शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है।

iv. कोल वॉशरी की स्थापना अधिग्रहीत भूमि पर है। अतः प्लांट एवं मशीनरी का कुल विनियोजन 14.5 करोड़ रूपये है। वर्तमान स्थिति के अनुसार परियोजना के कुल विनियोजन 14.5 करोड़ रूपये का पार्टवार ब्रेक–अप प्रस्तुत किया गया है, जो निम्नानुसार है :–

क्र.	सामग्री	कीमत (करोड़)
1.	भूमि	शून्य
2.	प्लांट एवं मशीनरी	9.5
3.	भवन एवं संरचनाएं	2.4
4.	Misc. fixed assets	2.6
कुल		14.5

- भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली के ऑफिस मेमोरेण्डम दिनांक 07/07/2021 के अनुसार उल्लंघन के प्रकरणों के लिए अर्थदण्ड की गणना हेतु निम्नानुसार प्रावधान है–

  Penalty provisions for violation cases and applications:

  Where operation have commenced without EC: 1% of the total project cost incurred up to the date of filing of application along with EIA/EMP report PLUS 0.25% of the total turnover during the period of violation.

  उक्त के संदर्भ में लेख है कि परियोजना प्रस्तावक द्वारा ई.आई.ए./ई.एम.पी. रिपोर्ट के साथ पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु दिनांक 17/02/2021 को किये गये ऑनलाईन आवेदन में परियोजना का कुल लागत 14.50 करोड़ उल्लेखित है।

- पूर्व में समिति की 399वीं बैठक दिनांक 14/09/2021 में स्थापना सम्मति दिनांक 02/08/2007 एवं एन.टी. बेंच आदेश दिनांक 08/12/2010 के मध्य की अवधि को उल्लंघन में होते हुये कुल उत्पादन टि.टन 1.294 लाख किये जाने का निर्णय लिया गया था, जिसमें वित्तीय वर्ष 2007–08, 2008–09, 2009–10 एवं 2010–11 आता है।

  साथ ही परियोजना प्रस्तावक द्वारा प्रस्तुत ऑडिट रिपोर्ट में उल्लेखित टर्न ओवर निम्नानुसार है–

क्र.	वर्ष	टर्न ओवर (रूपये लाख में)
1.	2007–08	1,02,398.03
2.	2008–09	88,618.42

3.	2009–10	99,289.63
4.	2010–11	97,632.13
कुल टर्न ओवर (उल्लंघन अवधि वर्ष 2007–08 से वर्ष 2010–11)		3,93,136.21

- उक्त ऑफिस मेमोरेण्डम के अनुसार कुल लागत 14.50 करोड़ का 1 प्रतिशत लिये जाने पर 14.50 लाख रूपये तथा कुल टर्न ओवर 3,93,136.21 लाख रूपये का 0.25 प्रतिशत लिये जाने पर 982.84 लाख रूपये होता है।

- इस प्रकार कुल अर्थदण्ड – 14.50 लाख रूपये + 982.84 लाख रूपये = 997.34 लाख रूपये होता है।

  माननीय एन.जी.टी. प्रिंसिपल बेंच, नई दिल्ली के ओ.ए. क्रमांक 976/2019 दिनांक 21/10/2022 के अनुसार "updated action plans be got prepared and executed by the Chief Secretaries of all States/UTs. The recovered compensation may be credited to a separate account under the Chief Secretary and used as per said plans only. This will apply to compensation deposited with the State PCBs/PCCs and also other regulations such as SEIAAs, Water Resource Authorities etc."

समिति का मत है कि उपरोक्तानुसार अर्थदण्ड राशि रूपये = 997.34 लाख रूपये का प्लान तैयार किया जाना आवश्यक है। साथ ही उक्त राशि को एस.ई.आई.ए.ए. छत्तीसगढ़ में आवश्यक रूप से जमा कराया जाना आवश्यक है। ताकि आदेशानुसार उक्त राशि को मुख्य सचिव के खाता में जमा कराया जा सके।

समिति द्वारा आवश्यक कार्यवाही से निम्नानुसार निर्णय लिया गया था–

1. कुल एरिया 121.4 हेक्टेयर (300 एकड़) परियोजना क्षेत्र का खसरावार विवरण को ले–आउट प्लान में दर्शाते हुये के.एम.एल. फाईल सहित प्रस्तुत किया जाए।
2. उपरोक्त में दिये गये विवरण अनुसार अर्थदण्ड राशि रूपये = 997.34 लाख रूपये का प्लान तैयार किया जाए। साथ ही उक्त अर्थदण्ड राशि को एस.ई.आई.ए.ए. छत्तीसगढ़ में आवश्यक रूप से जमा कराया जाए।

उपरोक्त वांछित जानकारी/दस्तावेज प्राप्त होने पश्चात आगामी कार्यवाही की जाएगी।

तदानुसार एस.ई.ए.सी. छत्तीसगढ़ के पत्र दिनांक 31/03/2023 के परिप्रेक्ष्य में परियोजना प्रस्तावक द्वारा दिनांक 12/04/2023 को जानकारी/दस्तावेज प्रस्तुत किया गया।

(बी) समिति की आगामी बैठक दिनांक 11/05/2023

समिति द्वारा चर्चा, प्रस्तुत जानकारी का अवलोकन एवं परीक्षण करने पर निम्न स्थिति पाई गई–

1. परियोजना प्रस्तावक द्वारा बताया गया कि पूर्व में कुल क्षेत्रफल 121.4 हेक्टेयर (300 एकड़) भूमिगत उल्लेख की गया था। वास्तव में उद्योग का कुल क्षेत्रफल 77.18 हेक्टेयर (190.76 एकड़) है। कुल एरिया 77.18 हेक्टेयर (190.76 एकड़) परियोजना क्षेत्र का खसरावार विवरण को ले–आउट प्लान में दर्शाते हुये के.एम.एल. फाईल सहित प्रस्तुत किया गया है। समिति का मत है कि परियोजना प्रस्तावक से मूल आवेदन एवं प्रस्तुत प्रस्तुत प्री–फिजिबिलिटी रिपोर्ट, अनुमोदित

के दौरान प्रस्तुत जानकारियों एवं समिति द्वारा किये गये पत्राचारों एवं उक्त टी.ओ.आर. में कुल एरिया 121.4 हेक्टेयर (300 एकड़) में से 2.529 हेक्टेयर का उल्लेख है।

2. परियोजना प्रस्तावक द्वारा बताया गया कि उक्त जानकारी हेतु शर्त ओखन के अनुसार आवेदन जमा किया गया है। प्रस्तावित कोल वॉशरी का उत्पादन नहीं किया गया है। अतः शर्त ओखन शून्य है। परियोजना प्रस्तावक द्वारा दिनांक 08/12/2010 को किये गये पंचनामा की प्रति प्रस्तुत की गई है, जिसमें स्थापित पेन आइडेंटिफिकेशन का स्थिति पायी जाने का लेख है। समिति द्वारा पाया गया कि क्षेत्रीय कार्यालय, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा दिनांक 08/10/2008 को किये गये निरीक्षण में कोल वॉशरी का उत्पादन किये जाने का लेख है। क्षेत्रीय अधिकारी द्वारा दिनांक 28/10/2010 के पत्रानुसार कार्यालय मुख्य विद्युत निरीक्षक छत्तीसगढ़ शासन द्वारा दिनांक 24/12/2010 के अनुसार कोल वॉशरी के लिए स्थापित पेन आइडेंटिफिकेशन को दिनांक 08/12/2010 को सील करने तथा पंचनामा की प्रति प्रस्तुत की गई थी। उक्त से यह स्पष्ट है कि क्षेत्रीय अधिकारी के पत्र दिनांक 28/10/2010 के अनुसार ही बंद किया गया था। साथ ही यह भी स्पष्ट होता है कि परियोजना प्रस्तावक द्वारा कोल वॉशरी का संचालन किया गया था। समिति का मत है कि एसओपीअनुसार अधिरोपित राशि रूपये = 887.34 लाख रूपये का भुगतान किया जाए। साथ ही उक्त अधिरोपित राशि को एस.ई.आई.ए.ए. छत्तीसगढ़ में आवश्यक रूप से जमा कराया जाए।

समिति द्वारा विचार विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि पूर्व में दिए गये विवरण अनुसार अधिरोपित राशि रूपये = 887.34 लाख रूपये का भुगतान किया जाए तथा उक्त अधिरोपित राशि को एस.ई.आई.ए.ए. छत्तीसगढ़ में आवश्यक रूप से जमा कराया जाए।

उपरोक्त वांछित जानकारी/दस्तावेज प्राप्त होने उपरांत आगामी कार्यवाही की जाएगी।

परियोजना प्रस्तावक को तदानुसार सूचित किया जाए।

10. मेसर्स शिवम हाईटेक स्टील्स प्राईवेट लिमिटेड (प्रो.– श्री सुभाषचंद्र पुनासी), लाईट इण्डस्ट्रीयल एरिया, हथखोज, जिला–दुर्ग (छत्तीसगढ़ का नस्ती क्रमांक 1845)

ऑनलाईन आवेदन – प्रपोजल नम्बर – एसआईए/सीजी/आईएनडी/242274/2021, दिनांक 07/12/2021 द्वारा पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु आवेदन किया गया है। परियोजना प्रस्तावक द्वारा प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन में कमियाँ होने से ज्ञापन दिनांक 21/12/2021 द्वारा जानकारी प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया। परियोजना प्रस्तावक द्वारा वांछित जानकारी दिनांक 25/02/2022 को ऑनलाईन प्रस्तुत की गई।

प्रस्ताव का विवरण – परियोजना प्रस्तावक द्वारा लाईट इण्डस्ट्रियल एरिया, हथखोज, भिलाई, जिला–दुर्ग, प्लाट नंबर – 4, 4/बी, 3/ई, 4/सी एवं 3 आदि, कुल क्षेत्रफल

– 44,434.48 वर्गमीटर, पेंट उत्पादन क्षमता–1,440 किलोलीटर प्रतिवर्ष के पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु आवेदन किया गया है। परियोजना हेतु निवेशित की कुल लागत 142.78 लाख होगी।

तदनुसार परियोजना प्रस्तावक को एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के ज्ञापन दिनांक 18/08/2022 द्वारा प्रस्तुतीकरण हेतु सूचित किया गया।

बैठकों का विवरण –

(अ) समिति की 433वीं बैठक दिनांक 25/04/2022:

प्रस्तुतीकरण हेतु श्री नीरज खेतावत, अधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित हुए। समिति द्वारा चर्चा, प्रस्तुत जानकारी का अवलोकन एवं परीक्षण करने पर निम्न स्थिति पाई गई–

1. **पूर्व पर्यावरणीय स्वीकृति का विवरण** – एस.ई.आई.ए.ए., छत्तीसगढ़ के ज्ञापन दिनांक 04/07/2018 द्वारा फेरो एलॉय क्षमता – 3,600 टन प्रतिवर्ष हेतु पर्यावरणीय स्वीकृति जारी की गई है।

2. **जल एवं वायु सम्मति** – छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा फेरो एलॉय क्षमता – 3,600 टन प्रतिवर्ष एवं इण्डस्ट्रियल एण्ड डेकोरेटिव पेंट क्षमता–14,40,000 लीटर प्रतिवर्ष हेतु जल एवं वायु सम्मति नवीनीकरण दिनांक 08/02/2022 को जारी की गई है, जो दिनांक 08/03/2023 तक की अवधि हेतु वैध है।

3. प्रस्तुतीकरण के दौरान परियोजना प्रस्तावक द्वारा बताया गया कि पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति के आधार पर स्थापित परियोजना के अंतर्गत किसी भी प्रकार का क्षमता विस्तार एवं प्रोडक्ट डायवर्सिफिकेशन नहीं किया जा रहा है तथा छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा इण्डस्ट्रियल एण्ड डेकोरेटिव पेंट क्षमता–14,40,000 लीटर प्रतिवर्ष हेतु जल एवं वायु सम्मति भी प्राप्त किया गया है। अतः उद्योग में स्थापित पेंट उत्पादन इंटीग्रेटेड इकाई नहीं है। इस बाबत् शपथ पत्र प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है।

4. पेंट उत्पादन का प्रोसेस फ्लो चार्ट प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है।

5. परियोजना प्रस्तावक द्वारा किये जाने वाले विभिन्न कार्यों की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है, ताकि गतिविधियों का परीक्षण किया जा सके।

6. ई.आई.ए. नोटिफिकेशन, 2006 (यथा संशोधित) के अंतर्गत पर्यावरणीय स्वीकृति है अथवा नहीं? के संबंध में एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार, रायपुर से मार्गदर्शन लिया जाना उचित होगा।

7. परियोजना प्रस्तावक द्वारा उपरोक्त अधिसूचना के आधार पर पर्यावरणीय स्वीकृति से छूट प्रदान किये जाने हेतु अनुरोध पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त तथ्यों के आधार पर **समिति द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया** कि

1. पेंट उत्पादन इंटीग्रेटेड इकाई नहीं है, इस बाबत् शपथ पत्र प्रस्तुत किया जाए।

2. पेंट उत्पादन का प्रोसेस फ्लो चार्ट प्रस्तुत किया जाए।

3. मशीनरीज का परीक्षण किये जाने हेतु विभिन्न कार्यो की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत किया जाए।

4. एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय, भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन, मंत्रालय, नवा रायपुर से ई.आई.ए. नोटिफिकेशन, 2006 (यथा संशोधित) के अंतर्गत पर्यावरणीय स्वीकृति आवश्यक है अथवा नहीं? के संबंध में मार्गदर्शन लिये जाने बाबत् पत्र लेख किया जाए।

तदानुसार एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के ज्ञापन दिनांक 11/07/2022 के परिपेक्ष्य में परियोजना प्रस्तावक द्वारा दिनांक 03/08/2022 को जानकारी/दस्तावेज प्रस्तुत किया गया।

(ब) समिति की [illegible]वीं बैठक दिनांक 11/08/2022

समिति द्वारा पी.पी. द्वारा प्रस्तुत जानकारी का अवलोकन एवं परीक्षण करने पर निम्न स्थिति पाई गई:-

1. पैट उत्पादन इंटिग्रेटेड इकाई नहीं है, इस बाबत् शपथ पत्र प्रस्तुत नहीं किया गया है।

2. पैट उत्पादन का प्रोसेस फ्लो चार्ट प्रस्तुत किया गया है।

3. मशीनरीज का परीक्षण किये जाने हेतु विभिन्न कार्यो की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत किया गया है।

3. एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय, भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन, मंत्रालय, नवा रायपुर से ई.आई.ए. नोटिफिकेशन, 2006 (यथा संशोधित) के अंतर्गत पर्यावरणीय स्वीकृति आवश्यक है अथवा नहीं? के संबंध में मार्गदर्शन प्राप्त नहीं हुआ है। अतः समिति का मत है कि भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन, मंत्रालय नई दिल्ली से प्रस्तावित पैट उत्पादन ई.आई.ए. नोटिफिकेशन, 2006 (यथा संशोधित) के अंतर्गत पर्यावरणीय स्वीकृति आवश्यक है अथवा नहीं? के संबंध में मार्गदर्शन प्राप्त किये जाने हेतु पत्र लेख किया जाना आवश्यक है।

समिति द्वारा विचार विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से निम्नानुसार निर्णय लिया गया:-

1. पैट उत्पादन इंटिग्रेटेड इकाई नहीं है, इस बाबत् शपथ पत्र प्रस्तुत नहीं किया जाए।

2. भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन, मंत्रालय नई दिल्ली से प्रस्तावित पैट उत्पादन ई.आई.ए. नोटिफिकेशन, 2006 (यथा संशोधित) के अंतर्गत पर्यावरणीय स्वीकृति आवश्यक है अथवा नहीं? के संबंध में मार्गदर्शन प्राप्त किये जाने हेतु पत्र लेख किया जाए।

उपरोक्त वांछित जानकारी/दस्तावेज प्राप्त होने उपरांत आगामी कार्यवाही की जाएगी।

परियोजना प्रस्तावक को तदानुसार सूचित किया जाए। साथ ही भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन, मंत्रालय नई दिल्ली को पत्र लेख किया जाए।

11. मेसर्स [illegible] मिट्टी ईंट प्लांट (ईंट) – श्री सुभाष चन्द्र साहू, ग्राम–[illegible], तहसील–बैकुण्ठपुर, जिला–कोरिया ([illegible])

ऑनलाइन आवेदन – प्रपोजल नम्बर – एसआईए/ सीजी/ एमआईएन/ 247313/2021, दिनांक 28/12/2021 द्वारा पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु आवेदन किया गया है।

प्रकरण का विवरण – यह पूर्व से संचालित मिट्टी उत्खनन (ईंट निर्माण) खदान है। खदान ग्राम–[illegible], तहसील–बैकुण्ठपुर, जिला–कोरिया स्थित खसरा क्रमांक 31/53, 31/55 एवं 31/56, कुल क्षेत्रफल–0.89 हेक्टेयर में है। खदान की प्रस्तावित उत्खनन क्षमता – 750 घनमीटर प्रतिवर्ष है।

तदनुसार परियोजना प्रस्तावक को एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के ज्ञापन दिनांक 12/04/2022 द्वारा प्रस्तुतिकरण हेतु सूचित किया गया।

बैठकों का विवरण –

(अ) समिति की [illegible] बैठक दिनांक 19/04/2022:

प्रस्तुतिकरण हेतु श्री सुभाष चन्द्र साहू, प्रोपराइटर उपस्थित हुए। समिति द्वारा मानी, प्रस्तुत जानकारी का अवलोकन एवं परीक्षण करने पर निम्न स्थिति पाई गई–

1. **पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति संबंधी विवरण–**

   i. पूर्व में मिट्टी खदान खसरा क्रमांक 31/53, 31/55 एवं 31/56, कुल क्षेत्रफल – 0.89 हेक्टेयर, क्षमता – 750 घनमीटर (ईंट उत्पादन 5,00,000 नग) प्रतिवर्ष हेतु पर्यावरणीय स्वीकृति जिला स्तरीय पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण, जिला–कोरिया द्वारा दिनांक 16/03/2017 को जारी की गई। यह स्वीकृति जारी दिनांक से 5 वर्ष तक की अवधि हेतु जारी की गई।

   ii. पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति के शर्तों के पालन में की गई कार्यवाही की जानकारी अपूर्ण प्रस्तुत की गई है। समिति का मत है कि पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति के शर्तों को पूर्ण कर प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है।

   iii. निर्धारित मापदंडानुसार वृक्षारोपण नहीं किया गया है।

   iv. कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा), जिला–कोरिया के ज्ञापन क्रमांक /1601/खनिज/उ.प./2021 कोरिया, बैकुण्ठपुर, दिनांक 18/11/2021 द्वारा विगत वर्षों में किये गये उत्खनन की जानकारी निम्नानुसार है–

वर्ष	उत्पादन (नग)
2017	3,21,000
2018	5,00,000
2019	5,00,000
2020	4,50,000
2021	3,60,000

समिति द्वारा नोट किया गया कि कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा), जिला–कोरिया द्वारा प्रस्तुत उत्पादन आंकड़ों में केवल ईंटों की संख्या का उल्लेख है, इससे यह स्पष्ट नहीं है कि विगत वर्षों में कितनी मात्रा में मिट्टी उत्खनन किया गया है। समिति का मत है कि कार्यालय कलेक्टर (खनिज

खनन) के विगत वर्षों में किये गये डिस्ट्रिक्ट उत्खनन की मात्रा की जानकारी परियोजना प्रस्तावक से प्राप्त किया जाना आवश्यक है।

2. **नगर पालिका परिषद का अनापत्ति प्रमाण पत्र** – उत्खनन के संबंध में नगर पालिका परिषद बैकुण्ठपुर, जिला–कोरिया का दिनांक 27/02/2013 का अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया गया है। ग्राम पंचायत का अनापत्ति प्रमाण पत्र की अद्यतन प्रति प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है।

3. **उत्खनन योजना** – खदानी प्लान एवं खदानी क्लोजर प्लान एवं इन्वायरमेंट मैनेजमेंट प्लान प्रस्तुत किया गया है, जो खनि अधिकारी, जिला–सूरजपुर के ज्ञापन क्रमांक 435/खनिज/2017 सूरजपुर, दिनांक 14/02/2017 द्वारा अनुमोदित है।

4. **500 मीटर की परिधि में स्थित खदान** – कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा), जिला–कोरिया के ज्ञापन क्रमांक 1602/खनिज/उ.प./2021 कोरिया, बैकुण्ठपुर, दिनांक 18/11/2021 के अनुसार आवेदित खदान से 500 मीटर के भीतर स्वीकृत अन्य खदानों की संख्या निरंक है।

5. **200 मीटर की परिधि में स्थित सार्वजनिक क्षेत्र/संरचनाएं** – कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा), जिला–कोरिया के ज्ञापन क्रमांक 1603/खनिज/उ.प./2021 कोरिया, बैकुण्ठपुर दिनांक 18/11/2021 द्वारा जारी प्रमाण पत्र अनुसार उक्त खदान से 200 मीटर की परिधि में कोई भी सार्वजनिक क्षेत्र जैसे रेलवे लाईन, सड़क, तालाब, स्कूल, मंदिर, मस्जिद एवं अस्पताल आदि प्रतिबंधित क्षेत्र स्थित नहीं है।

6. **लीज का विवरण** – लीज श्री सुभाष चन्द्र साहू के नाम पर है। लीज डीड 05 वर्षों अर्थात् दिनांक 18/08/2009 से 17/08/2014 तक की अवधि हेतु की थी। तत्पश्चात् लीज डीड में 20 वर्षों की, दिनांक 18/08/2014 से 17/08/2034 तक की अवधि वृद्धि की गई है।

7. **भू-स्वामित्व** – भूमि संबंधी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया है।

8. **डिस्ट्रिक्ट सर्वे रिपोर्ट** – वर्ष 2019 की डिस्ट्रिक्ट सर्वे रिपोर्ट (District Survey Report) की प्रति प्रस्तुत की गई है।

9. **वन विभाग का अनापत्ति प्रमाण पत्र** – कार्यालय वनमण्डलाधिकारी, कोरिया वनमण्डल, बैकुण्ठपुर के ज्ञापन क्रमांक/मा.चि./168 बैकुण्ठपुर, दिनांक 06/02/2009 से जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया गया है।

10. **महत्वपूर्ण संरचनाओं की दूरी** – निकटतम आबादी ग्राम–... 1 कि.मी., स्कूल ग्राम–... 1.5 कि.मी. एवं अस्पताल बैकुण्ठपुर 3 कि.मी. की दूरी पर स्थित है। राष्ट्रीय राजमार्ग 2.5 कि.मी. दूर है।

11. **पारिस्थितिकीय/जैवविविधता संवेदनशील क्षेत्र** – परियोजना प्रस्तावक द्वारा 10 कि.मी. की परिधि में अंतर्राज्यीय सीमा, राष्ट्रीय उद्यान, अभयारण्य, केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा घोषित क्रिटिकली पॉल्यूटेड एरिया, पारिस्थितिकीय संवेदनशील क्षेत्र या घोषित जैवविविधता क्षेत्र स्थित नहीं होना प्रतिवेदित किया है।

12. **खनन क्षमता एवं खनन का विवरण** – अनुमोदित माईनिंग प्लान अनुसार जियोलॉजिकल रिजर्व 17,600 घनमीटर एवं माईनेबल रिजर्व 6,325 घनमीटर है। वर्तमान में माईनेबल रिजर्व 5,123 घनमीटर शेष है। लीज की 1 मीटर चौड़ी

सीमा पट्टी (उत्खनन के लिए प्रतिबंधित क्षेत्र) का क्षेत्रफल 390 वर्गमीटर है। ओपन कास्ट मैनुअल विधि से उत्खनन किया जाता है। उत्खनन की प्रस्तावित अधिकतम गहराई 2 मीटर है। बेंच की ऊंचाई 1 मीटर एवं चौड़ाई 1 मीटर है। लीज क्षेत्र के भीतर 0.12 हेक्टेयर में ईंट निर्माण हेतु भट्ठा स्थापित है। ईंट निर्माण हेतु मिट्टी के साथ 25 प्रतिशत फ्लाई ऐश का उपयोग किया जाता है। खदान की संभावित आयु 10 वर्ष है। खदान में वायु प्रदूषण नियंत्रण हेतु जल का छिड़काव किया जाता है। वर्षवार प्रस्तावित उत्खनन का विवरण निम्नानुसार है:-

वर्ष	प्रस्तावित उत्खनन (घनमीटर)	उत्पादन (नग)
प्रथम	750	5,00,000
द्वितीय	750	5,00,000
तृतीय	750	5,00,000
चतुर्थ	750	5,00,000
पंचम	750	5,00,000

13. **जल आपूर्ति** – परियोजना हेतु आवश्यक जल की मात्रा 5.5 घनमीटर प्रतिदिन होगी। जल की आपूर्ति टैंकर द्वारा ग्राम पंचायत के माध्यम से किया जाएगा। इस बाबत् ग्राम पंचायत का अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त प्रस्तुत किया गया है।

14. **वृक्षारोपण कार्य** – लीज क्षेत्र की सीमा में चारों ओर 1 मीटर की पट्टी में 170 नग वृक्षारोपण किया जाएगा।

15. **कॉर्पोरेट पर्यावरणीय दायित्व (C.E.R.)** – परियोजना प्रस्तावक द्वारा सी.ई.आर. (Corporate Environment Responsibility) हेतु समिति के समक्ष विचार के पश्चात् उपरांत निम्नानुसार विस्तृत प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है:-

Capital Investment (in Lakh Rupees)	Percentage of Capital Investment to be Spent	Amount for CER Activities (in Lakh Rupees)	Amount Proposed & Details for CER Activities (in Lakh Rupees)	
			Particulars	CER Fund Allocation (in Lakh Rupees)
23	2%	0.46	Following activities at Village- Tahvapara	
			Pavitra Van Nirman	2.24
			Total	2.24

16. सी.ई.आर. के अंतर्गत "पवित्र वन" के तहत् (पीपल, बड़, बरगद, नीम, आम, अर्जुन, बेल आदि) वृक्षारोपण हेतु प्रस्तुत प्रस्ताव अनुसार पौधों के लिए राशि 600 रूपये, फेंसिंग के लिए राशि 40,000 रूपये, खाद के लिए राशि 700 रूपये एवं रख-रखाव के लिए राशि 36,000 रूपये, इस प्रकार कुल राशि 2,24,100 रूपये, 5 वर्ष हेतु वार्षिक व्यय का विवरण प्रस्तुत किया गया है। परियोजना प्रस्तावक द्वारा ग्राम पंचायत तहवापारा की सहमति उपरांत पवित्र वन स्थल (खसरा क्रमांक 51/2, क्षेत्रफल 0.405 हेक्टेयर) के संबंध में जानकारी प्रस्तुत की गई है।

समिति द्वारा तत्समय कार्यवाही के निम्नानुसार निर्णय लिया गया था:-

1. पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति के शर्तों के पालन में की गई कार्यवाही की जानकारी पूर्ण कर प्रस्तुत की जाए।

2. कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) से विगत वर्षों में किये गये मिट्टी उत्खनन की मात्रा की जानकारी प्राप्त कर प्रस्तुत किया जाए।
3. ग्राम पंचायत का अनापत्ति प्रमाण पत्र की अद्यतन प्रति प्रस्तुत किया जाए।
4. नीयत सीमा से निकटतम वन क्षेत्र की वास्तविक दूरी संबंधी जानकारी हेतु वन विभाग से जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र की प्रति प्रस्तुत किया जाए।
5. भू-स्वामित्व संबंधी दस्तावेज की प्रति प्रस्तुत की जाए। साथ ही उत्खनन हेतु भूमि स्वामी का सहमति पत्र प्रस्तुत किया जाए।
6. जिग-जैग किलन के निर्माण हेतु ड्राईंग, डिजाईन एवं विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया जाए।
7. ईंट निर्माण हेतु उपयोग में लाए गए कोयले की मात्रा एवं उससे उत्सर्जित ऐश की मात्रा एवं रिजेक्ट ब्रिक्स (Reject bricks)/ब्रोकन ब्रिक्स (Broken bricks) के उपयोग की जानकारी/दस्तावेज प्रस्तुत किया जाए। साथ ही ईंट निर्माण हेतु स्थापित किलन चिमनी की ऊंचाई संबंधी जानकारी प्रस्तुत किया जाए।

उपरोक्त वांछित जानकारी/दस्तावेज प्राप्त होने उपरांत आगामी कार्यवाही की जाएगी।

तदानुसार एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के ज्ञापन दिनांक 01/06/2022 के परिपेक्ष्य में परियोजना प्रस्तावक द्वारा दिनांक 16/04/2023 को जानकारी/दस्तावेज प्रस्तुत किया गया।

(ब) समिति की 464वीं बैठक दिनांक 11/05/2023

समिति द्वारा नस्ती, प्रस्तुत जानकारी का अवलोकन एवं परीक्षण करने पर निम्न स्थिति पाई गई–

1. परियोजना प्रस्तावक द्वारा पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति के शर्तों के पालन में की गई कार्यवाही की जानकारी पूर्ण कर प्रस्तुत किया जाना बताया गया है। समिति का मत है कि उक्त की पुष्टि हेतु एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय, भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नवा रायपुर अटल नगर से पालन प्रतिवेदन मंगाया जाना आवश्यक है।
2. कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) से विगत वर्षों में किये गये मिट्टी उत्खनन की मात्रा की जानकारी प्राप्त कर प्रस्तुत नहीं किया गया है।
3. ग्राम पंचायत [illegible] का दिनांक 14/06/2022 का अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया गया है।
4. कार्यालय वनमण्डलाधिकारी, कोरिया वनमण्डल, बैकुण्ठपुर के ज्ञापन क्रमांक/तक./1468 बैकुण्ठपुर, दिनांक 24/03/2023 से जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र अनुसार आवेदित क्षेत्र वन क्षेत्र की सीमा से 0.41 कि.मी. की दूरी पर है।
5. भूमि खसरा क्रमांक 31/83, 31/95 एवं 31/98 की स्वीकृत [illegible] एवं [illegible] के नाम पर है। उत्खनन हेतु भी [illegible] का सहमति पत्र प्रस्तुत नहीं किया गया है।
6. जिग-जैग किलन के निर्माण हेतु ड्राईंग, डिजाईन एवं विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया गया है।

7. परियोजना प्रस्तावक द्वारा बताया गया कि एक लाख ईंट निर्माण हेतु 1 टन कोयले की आवश्यकता होगी। समिति द्वारा पाया गया कि उक्त प्रस्ताव उपयुक्त नहीं है। अतः कोयले की आवश्यकता एवं उसकी उचित सप्लाई ट्रेल के संबंध जानकारी प्रमाण सहित प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है।

8. रिजेक्ट ब्रिक्स (Reject bricks)/ब्रोकन ब्रिक्स (Broken bricks) का उपयोग पहुँच मार्ग के संधारण में किया जाएगा। ईंट क्षेत्र के भीतर फिक्स्ड चिमनी की ऊंचाई 33 मीटर स्थापित है।

समिति द्वारा विचार विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से निम्नानुसार निर्णय लिया गया–

1. पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति के शर्तों के पालन में की गई कार्यवाही की पुष्टि हेतु एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय, भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नवा रायपुर अटल नगर से पालन प्रतिवेदन मंगाया जाए।
2. कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) से विगत वर्षों में किये गये मिट्टी उत्खनन की मात्रा की जानकारी प्राप्त कर प्रस्तुत किया जाए।
3. उत्खनन हेतु भी संबंधित ग्राम सभा का सहमति पत्र प्रस्तुत किया जाए।
4. कोयले की आवश्यकता एवं उसकी उचित सप्लाई ट्रेल के संबंध जानकारी प्रमाण सहित प्रस्तुत किया जाए।

उपरोक्त वांछित जानकारी/दस्तावेज प्राप्त होने उपरांत आगामी कार्यवाही की जाएगी।

परियोजना प्रस्तावक को तदानुसार सूचित किया जाए।

12. मेसर्स मुक्तियारपारा आर्डिनरी स्टोन क्वारी (प्रो.– श्रीमती बीना सिंह), ग्राम–मुक्तियारपारा, तहसील–मनेन्द्रगढ़, जिला–कोरिया (अभिलेख का नस्ती क्रमांक 1893)

ऑनलाइन आवेदन – प्रपोजल नम्बर – एसआईए/ सीजी/ एमआईएन/ 266682/ 2022, दिनांक 20/04/2022 द्वारा पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु आवेदन किया गया है।

प्रस्ताव का विवरण – यह पूर्व संचालित साधारण पत्थर (गौण खनिज) खदान है। खदान ग्राम–मुक्तियारपारा, तहसील–मनेन्द्रगढ़, जिला–कोरिया स्थित खसरा क्रमांक – 2/1, कुल क्षेत्रफल – 2.023 हेक्टेयर में है। खदान की अधिकतम साधारण पत्थर उत्खनन क्षमता – 12,000 टन प्रतिवर्ष है।

परियोजना प्रस्तावक को एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के ज्ञापन दिनांक 03/08/2022 द्वारा प्रस्तुतीकरण हेतु सूचित किया गया।

बैठकों का विवरण –

(अ) समिति की 413वीं बैठक दिनांक 08/08/2022:

प्रस्तुतीकरण हेतु श्री गोपाल सिंह, अधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित हुए। समिति द्वारा नस्ती, प्रस्तुत जानकारी का अवलोकन एवं परीक्षण करने पर निम्न स्थिति पाई गई–

1. **पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति संबंधी विवरण:-**

   i. पूर्व में खातेदारी पत्थर खनन पट्टा क्रमांक 2/1, कुल क्षेत्रफल – 2.023 हैक्टेयर, क्षमता – 12,074 टन (4,471.85 घनमीटर) प्रतिवर्ष हेतु पर्यावरणीय स्वीकृति जिला स्तरीय पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण, जिला–कोटा द्वारा दिनांक 10/01/2017 को जारी की गई। यह स्वीकृति दिनांक से 5 वर्ष तक की अवधि हेतु जारी की गई थी।

   ii. भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा जारी अधिसूचना दिनांक 18/01/2021 अनुसार:-

   "9A. Notwithstanding anything contained in this notification, the period from the 1st April, 2020 to the 31st March, 2021 shall not be considered for the purpose of calculation of the period of validity of Prior Environmental Clearances granted under the provisions of this notification in view of outbreak of Corona Virus(COVID-19) and subsequent lockdowns (total or partial) declared for its control, however, all activities undertaken during this period in respect of the Environmental Clearance granted shall be treated as valid."

   उपरोक्त अधिसूचना के अनुसार पर्यावरणीय स्वीकृति की वैधता जारी दिनांक से दिनांक 09/01/2023 तक वैध होगी।

   iii. परियोजना प्रस्तावक द्वारा पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति के शर्तों के पालन में की गई कार्यवाही की जानकारी प्रस्तुत की गई है। समिति का मत है कि परियोजना प्रस्तावक द्वारा एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय, भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, जयपुर से पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति का पालन प्रतिवेदन प्राप्त कर प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है।

   iv. निर्धारित शर्तानुसार 880 पौधों का वृक्षारोपण किया गया है।

   v. कार्यालय खनि अभियन्ता (खनि शाखा), जिला–कोटा के पत्र क्रमांक/1048/खनि/ए.ए./2021 कोटा, [illegible], दिनांक 14/07/2021 द्वारा विगत वर्षों में किये गये उत्पादन की जानकारी निम्नानुसार है:-

वर्ष	उत्पादन (घनमीटर)
2016	निरंक
2017	632
2018	447
2019	390
2020	542

   समिति का मत है कि परियोजना प्रस्तावक द्वारा विगत वर्ष 2020 से आज दिनांक तक किये गये उत्पादन की वास्तविक जानकारी प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है।

2. **ग्राम पंचायत का अनापत्ति प्रमाण पत्र** – उत्खनन के संबंध में ग्राम पंचायत [illegible] का दिनांक 20/10/2016 का अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया गया है। समिति का मत है कि क्षमता की स्थापना हेतु ग्राम पंचायत का अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है।

3. **उत्खनन योजना** – मॉडिफाइड क्वारी प्लान एण्ड प्रोग्रेसिव क्वारी क्लोजर प्लान विथ इन्वायरमेंटल मैनेजमेंट प्लान प्रस्तुत किया गया है, जो खनिज अधिकारी, जिला–कोरिया के ज्ञापन क्रमांक/2188/खनिज/उत्ख.यो.अनु./2021, कोरिया बैकुण्ठपुर, दिनांक 09/03/2021 द्वारा अनुमोदित है।

4. **500 मीटर की परिधि में स्थित खदान**– कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा), जिला–कोरिया के ज्ञापन क्रमांक/1050/खनिज/उ.प./2021/कोरिया बैकुण्ठपुर, दिनांक 14/07/2021 अनुसार आवेदित खदान से 500 मीटर के भीतर आवंटित अन्य खदानों की संख्या निरंक है।

5. **200 मीटर की परिधि में स्थित सार्वजनिक क्षेत्र/संरचनाएं** – कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा), जिला–कोरिया के ज्ञापन क्रमांक/1049/खनिज/उ.प./2021, कोरिया बैकुण्ठपुर, दिनांक 14/07/2021 द्वारा जारी प्रमाण पत्र अनुसार उक्त खदान से 200 मीटर की परिधि में कोई भी सार्वजनिक क्षेत्र जैसे मंदिर, मस्जिद, मरघट, अस्पताल, स्कूल, पुल, एनिकट एवं बांध आदि प्रतिबंधित क्षेत्र स्थित नहीं है।

6. **भूमि एवं लीज का विवरण** – यह शासकीय भूमि है। लीज श्रीमती [illegible] के नाम पर है। लीज डीड 05 वर्ष अर्थात् दिनांक 05/01/2012 से 04/01/2017 तक की अवधि हेतु की थी। तत्पश्चात् लीज डीड 25 वर्ष अर्थात् दिनांक 05/01/2017 से दिनांक 04/01/2042 तक की अवधि हेतु विस्तारित की गई है।

7. **डिस्ट्रिक्ट सर्वे रिपोर्ट** – वर्ष 2018 की डिस्ट्रिक्ट सर्वे रिपोर्ट (District Survey Report) की प्रति प्रस्तुत की गई है।

8. **वन विभाग का अनापत्ति प्रमाण पत्र** – कार्यालय वनमण्डलाधिकारी (क्षे.) वनमण्डल, मनेन्द्रगढ़ के ज्ञापन क्रमांक/मा.चि./2008/288 मनेन्द्रगढ़, दिनांक 22/08/2008 से जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र अनुसार आवेदित क्षेत्र वन क्षेत्र की सीमा से 200 मीटर की दूरी पर है। इस संबंध में समिति का मत है कि लीज क्षेत्र में वन क्षेत्र की सीमा की तरफ 50 मीटर नॉन माईनिंग क्षेत्र छोड़कर उत्खनन कार्य किया जाना आवश्यक है तथा आगामी वर्षों की संशोधित उत्खनन योजना हेतु तैयार किये जाने वाले माईनिंग प्लान में 50 मीटर नॉन माईनिंग क्षेत्र छोड़कर अनुमोदित कराया जाना आवश्यक है।

9. **महत्वपूर्ण संरचनाओं की दूरी** – निकटतम आबादी ग्राम–[illegible] 500 मीटर, स्कूल ग्राम–[illegible] 600 मीटर एवं अस्पताल चिरमिरी 7 कि.मी. की दूरी पर स्थित है। राष्ट्रीय राजमार्ग 1 कि.मी. एवं राजमार्ग 4.8 कि.मी. दूर है। हसदेव नदी 120 मीटर दूर है।

10. **पारिस्थितिकीय/जैवविविधता संवेदनशील क्षेत्र** – परियोजना प्रस्तावक द्वारा 10 कि.मी. की परिधि में अंतर्राज्यीय सीमा, राष्ट्रीय उद्यान, अभयारण्य, केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा घोषित क्रिटिकली पोल्यूटेड एरिया, पारिस्थितिकीय संवेदनशील क्षेत्र या घोषित जैवविविधता क्षेत्र स्थित नहीं होना प्रतिवेदित किया है।

11. **खनिज संपदा एवं खनन का विवरण** – जियोलॉजिकल रिजर्व 8,26,481 टन, माईनेबल रिजर्व 5,12,643 टन एवं रिकवरेबल रिजर्व 4,87,061 टन है। लीज की 7.5 मीटर चौड़ी सीमा पट्टी (उत्खनन के लिए प्रतिबंधित क्षेत्र) का क्षेत्रफल 4,880 वर्गमीटर है। ओपन कास्ट सेमी मेकेनाईज्ड विधि से उत्खनन किया जाना

है। उत्खनन की प्रस्तावित अधिकतम गहराई 22 मीटर है, जिसमें से 18 मीटर पहाड़ी क्षेत्र है। लीज क्षेत्र में ऊपरी मिट्टी की मोटाई 0.5 मीटर है तथा कुल मात्रा 3,828 घनमीटर है। बेंच की ऊंचाई 1.5 मीटर एवं चौड़ाई 1.5 मीटर है। खदान की सम्भावित आयु 42 वर्ष है। लीज क्षेत्र में क्रशर स्थापित किया जाना प्रस्तावित है, जिसका क्षेत्रफल 1,000 वर्गमीटर होगा। लीज क्षेत्र में ड्रिलिंग एवं कंट्रोल ब्लास्टिंग किया जाता है। खदान में वायु प्रदूषण नियंत्रण हेतु जल का छिड़काव किया जाता है। वर्षवार प्रस्तावित उत्खनन का विवरण निम्नानुसार है:-

वर्ष	प्रस्तावित उत्खनन (टन)
प्रथम	12,073
द्वितीय	12,089
तृतीय	12,089
चतुर्थ	12,089
पंचम	12,089

12. **जल आपूर्ति** – परियोजना हेतु आवश्यक जल की मात्रा 4 घनमीटर प्रतिदिन होती है। जल की आपूर्ति ग्राम पंचायत के माध्यम से किया जाता है। इस बाबत् ग्राम पंचायत का अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया गया है।

13. **वृक्षारोपण कार्य** – लीज क्षेत्र की सीमा में चारों ओर 7.5 मीटर की पट्टी में 1,000 नग वृक्षारोपण किया जाएगा। प्रस्तुत प्रस्ताव अनुसार पौधों के लिए राशि 50,000 रूपये, फेंसिंग के लिए राशि 1,41,450 रूपये, खाद के लिए राशि 10,000 रूपये, रख-रखाव आदि के लिए राशि 36,000 रूपये, इस प्रकार कुल राशि 2,37,450 रूपये प्रथम वर्ष हेतु एवं कुल राशि 1,44,000 रूपये आगामी चार वर्ष हेतु वर्षवार व्यय का विवरण प्रस्तुत किया गया है।

14. **खदान की 7.5 मीटर की चौड़ी सीमा पट्टी में उत्खनन** – लीज क्षेत्र के चारों ओर 7.5 मीटर की सीमा पट्टी में उत्खनन कार्य नहीं किया गया है।

15. लीज क्षेत्र में ऊपरी मिट्टी की मोटाई 0.5 मीटर है तथा कुल मात्रा 3,828 घनमीटर है। ऊपरी मिट्टी को सीमा पट्टी (7.5 मीटर) में 1 मीटर ऊंचाई तक फैलाकर वृक्षारोपण करने उपरांत शेष ऊपरी मिट्टी का उपयोग ईंट निर्माण के लिए किया जाना बताया गया। इस संबंध में समिति का मत है कि ऊपरी मिट्टी का उपयोग ईंट निर्माण हेतु नहीं किया जाएगा। अतः ऊपरी मिट्टी के रख-रखाव के संबंध में उपयुक्त जानकारी प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है।

16. **कॉर्पोरेट पर्यावरणीय दायित्व (C.E.R.)** – परियोजना प्रस्तावक द्वारा सी.ई.आर. (Corporate Environment Responsability) का उपयुक्त प्रस्ताव प्रस्तुत नहीं किया गया है।

समिति द्वारा तत्समय कार्यवाही में निम्नानुसार निर्णय लिया गया था कि:-

1. एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय, भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, रायपुर से पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति का पालन प्रतिवेदन प्राप्त कर प्रस्तुत किया जाए।
2. विगत वर्ष 2020 से अब तक किये गये उत्खनन की वास्तविक मात्रा की जानकारी खनिज विभाग से प्रमाणित करवाकर प्रस्तुत किया जाए।
3. क्रशर की स्थापना हेतु ग्राम पंचायत का अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत की जाए।

4. लीज क्षेत्र में वन क्षेत्र की सीमा की तरफ 50 मीटर गैर माईनिंग क्षेत्र छोड़कर उत्खनन कार्य किया जाए तथा आगामी वर्षों की संशोधित उत्खनन योजना हेतु तैयार किये जाने वाले माईनिंग प्लान में 50 मीटर गैर माईनिंग क्षेत्र छोड़कर अनुमोदित कराये जाने बाबत् शपथ पत्र (Affidavit) प्रस्तुत किया जाए।
5. ऊपरी मिट्टी के रख-रखाव हेतु प्रबंधन योजना प्रस्तुत की जाए।
6. सी.ई.आर. के तहत् वृक्षारोपण हेतु पौधों का रोपण, सुरक्षा हेतु फेंसिंग, खाद एवं सिंचाई तथा रख-रखाव के लिए 5 वर्षों का वर्षवार व्यय का विवरण सहित विस्तृत प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाए।
7. कंट्रोल ब्लास्टिंग का कार्य विस्फोटक लाईसेंस धारक (Explosive License Holder) द्वारा कराये जाने बाबत् शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया जाए।
8. परियोजना से भिन्न-भिन्न खदानों के समुच्चित क्लस्टर उत्खननीय होगा, उन खदानों पर निर्धारित जल छिड़काव की व्यवस्था किये जाने बाबत् शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया जाए।
9. माईनिंग लीज क्षेत्र के अंदर एवं बाहर सघन वृक्षारोपण किये जाने एवं रोपित पौधों का सरवाईवल रेट (Survival rate) 80 प्रतिशत सुनिश्चित किये जाने बाबत् शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया जाए।
10. परियोजना प्रस्तावक द्वारा खनिज रियायत नियम (Minerals Concession Rules) के तहत् बाउण्ड्री पिलरों द्वारा सीमांकन का कार्य सुनिश्चित किये जाने बाबत् शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया जाए।
11. परियोजना प्रस्तावक द्वारा तालाब, पोखर, नहर, नदी, नाला एवं अन्य जल निकायों के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु प्रस्ताव 1 माह के भीतर प्रस्तुत किये जाने बाबत् शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया जाए।
12. परियोजना प्रस्तावक द्वारा इस आशय का वचन पत्र प्रस्तुत किया जाए कि उनके विरुद्ध इस परियोजना/खदान से संबंधित कोई न्यायालयीन प्रकरण देश के अंतर्गत किसी भी न्यायालय में लंबित नहीं है।
13. परियोजना प्रस्तावक द्वारा इस आशय का नोटरी से सत्यापित शपथ पत्र प्रस्तुत किया जाए कि उनके विरुद्ध भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना का.आ. 804(अ), दिनांक 14/03/2017 के अंतर्गत कोई उल्लंघन का प्रकरण लंबित नहीं है।

उपरोक्त वांछित जानकारी/दस्तावेज प्राप्त होने उपरांत आगामी कार्यवाही की जाएगी।

तदानुसार एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के ज्ञापन दिनांक 14/09/2022 के परिपेक्ष्य में परियोजना प्रस्तावक द्वारा दिनांक 30/11/2022 को जानकारी/दस्तावेज प्रस्तुत किया गया।

(ब) समिति की 442वीं बैठक दिनांक 11/01/2023

समिति द्वारा नस्ती, प्रस्तुत जानकारी का अवलोकन एवं परीक्षण करने पर निम्न स्थिति पाई गई–

1. एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय, भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, रायपुर से पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति का पालन प्रतिवेदन प्राप्त

कर प्रस्तुत नहीं किया गया है। इस संबंध में पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति का पालन प्रतिवेदन प्राप्त किये जाने हेतु एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय, भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, रायपुर को दिनांक 28/12/2022 को आवेदन किया गया है।

2. विगत वर्ष 2020 से अब तक किये गये उत्खनन की वास्तविक मात्रा की जानकारी खनिज विभाग से प्रमाणित कराकर प्रस्तुत नहीं किया गया है।

3. खदान की स्वीकृति हेतु ग्राम पंचायत [illegible] का दिनांक 17/03/2022 का अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया गया है।

4. लीज क्षेत्र में वन क्षेत्र की सीमा की तरफ 50 मीटर नॉन माईनिंग क्षेत्र छोड़कर उत्खनन कार्य किये जाने तथा आगामी वर्षों की स्वीकृत उत्खनन योजना हेतु तैयार किये जाने वाले माईनिंग प्लॉन में 50 मीटर नॉन माईनिंग क्षेत्र छोड़कर अनुमोदित कराये जाने बाबत् शपथ पत्र (Notarized Affidavit) प्रस्तुत किया गया है।

5. लीज क्षेत्र में ऊपरी मिट्टी की मोटाई 0.5 मीटर है तथा कुल मात्रा 3,225 घनमीटर है। ऊपरी मिट्टी को [illegible] का भंडार रखते हुये लीज की 7.5 मीटर चौड़ी सीमा पट्टी 4,880 वर्गमीटर क्षेत्र (उत्खनन के लिए प्रतिबंधित) में फैलाकर वृक्षारोपण किया जायगा।

6. सी.ई.आर. के तहत् वृक्षारोपण का विस्तृत प्रस्ताव निजी भूमि में किये जाने हेतु प्रस्तुत किया गया है। समिति का मत है कि सी.ई.आर. के तहत् ग्राम पंचायत से सहमति प्राप्त भूमि में वृक्षारोपण हेतु पौधों का रोपण, सुरक्षा हेतु फेंसिंग, खाद एवं सिंचाई तथा रख-रखाव के लिए 5 वर्षों का वर्षवार व्यय का विवरण सहित विस्तृत प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है।

7. कंट्रोल ब्लास्टिंग का कार्य विस्फोटक लाईसेंस धारक (Explosive License Holder) द्वारा कराये जाने बाबत् शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है।

8. परियोजना के भिन्न-भिन्न स्थानों में धूलीय उत्सर्जन होगा, उन स्थानों पर नियमित जल छिड़काव की व्यवस्था किये जाने बाबत् शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है।

9. माईनिंग लीज क्षेत्र के अंदर एवं बाहर सघन वृक्षारोपण किये जाने एवं रोपित पौधों का सरवाईवल रेट (Survival rate) 80 प्रतिशत सुनिश्चित किये जाने बाबत् शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है।

10. परियोजना प्रस्तावक द्वारा मिनरल्स कन्सेशन नियम (Minerals Concession Rule) के तहत् बाउन्ड्री पिलरों द्वारा सीमांकन का कार्य सुनिश्चित किये जाने बाबत् शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है।

11. परियोजना प्रस्तावक द्वारा तालाब, पोखर, नहर, नदी, नाला एवं अन्य जल निकायों के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु प्रस्ताव 1 माह के भीतर प्रस्तुत किये जाने बाबत् शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है।

12. परियोजना प्रस्तावक द्वारा इस आशय का शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है कि उनके विरुद्ध इस परियोजना/खदान से संबंधित कोई न्यायालयीन प्रकरण देश के अंतर्गत किसी भी न्यायालय में लंबित नहीं है।

13. परियोजना प्रस्तावक द्वारा इस आशय का नोटरी से सत्यापित शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है कि उनके विरूद्ध भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना का.आ. 804(अ), दिनांक 14/03/2017 के अंतर्गत कोई उल्लंघन का प्रकरण लंबित नहीं है।

समिति द्वारा तत्समय सर्वसम्मति से निम्नानुसार निर्णय लिया गया था–

1. एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय, भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, रायपुर से पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति का पालन प्रतिवेदन प्राप्त कर प्रस्तुत किया जाए।
2. विगत वर्ष 2020 से अब तक किये गये उत्खनन की वास्तविक मात्रा की जानकारी खनिज विभाग से प्रमाणित करवाकर प्रस्तुत किया जाए।
3. सी.ई.आर. के तहत ग्राम पंचायत से सहमति प्राप्त भूमि में वृक्षारोपण हेतु पौधों का रोपण, सुरक्षा हेतु फेंसिंग, खाद एवं सिंचाई तथा रख–रखाव के लिए 5 वर्षों का पंचवर्षीय व्यय का विवरण सहित विस्तृत प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाए।

उपरोक्त वांछित जानकारी/दस्तावेज प्राप्त होने उपरांत आगामी कार्यवाही की जावेगी।

तदानुसार एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के ज्ञापन दिनांक 27/02/2023 के परिपेक्ष्य में परियोजना प्रस्तावक द्वारा दिनांक 18/04/2023 को जानकारी/दस्तावेज प्रस्तुत किया गया।

(ब) समिति की 468वीं बैठक दिनांक 11/05/2023:

समिति द्वारा चर्चा, प्रस्तुत जानकारी का अवलोकन एवं परीक्षण करने पर निम्न स्थिति पाई गई–

1. परियोजना प्रस्तावक द्वारा पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति का पालन प्रतिवेदन हेतु एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय, भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय में दिनांक 30/01/2023 को किये गये आवेदन की प्रति प्रस्तुत की गई है। भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा जारी ऑफिस मेमोरेण्डम दिनांक 08/06/2022 के अनुसार

   At the time of issuance of expansion TOR, the MS of EAC/SEAC shall endorse a copy of the ToR to the concerned IRO of MoEF&CC. Based on the same, project proponent shall approach the concerned IRO of MoEF&CC to issue CCR. Such request shall be expeditiously considered and disposed of by the concerned IRO within a time frame of three months from the date of application of project proponent. In case, the CCR is not issued within three months, the project proponent shall approach concerned Regional Offices of Central Pollution Control Board (CPCB) or MS of respective State Pollution Control Boards (SPCB) or State Pollution Control Committees (SPCCs) for the same. है। इस संबंध में समिति का मत है कि पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति का पालन प्रतिवेदन हेतु छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, नवा रायपुर अटल नगर से संपादित कराना आवश्यक है।
2. कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा), जिला–मनेन्द्रगढ़–चिरमिरी–भरतपुर के ज्ञापन क्रमांक/22/खनिज/उ.प./2023 एम.सी.बी., दिनांक 12/04/2023

द्वारा जारी प्रमाण पत्र अनुसार विगत वर्षों में किये गये उत्खनन की जानकारी निम्नानुसार है:-

वर्ष	उत्खनन (घनमीटर)
2020-21	730
2021-22	580
2022-23	290
कुल	1,600

समिति का मत है कि उक्त प्रमाण पत्र में यह स्पष्ट नहीं हो रहा है कि परियोजना प्रस्तावक द्वारा विगत दिनांक 08/01/2023 के उपरांत उत्खनन कार्य किया गया है अथवा नहीं? के संबंध में खनिज विभाग से प्रमाणित उत्खनन जानकारी प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है।

3. सी.ई.आर. के तहत् ग्राम पंचायत से सहमति प्राप्त भूमि में (अमरूद, नीम एवं आम्र) वृक्षारोपण हेतु प्रस्तुत प्रस्ताव अनुसार 500 नग पौधों के लिए राशि 25,000 रूपये, फेंसिंग के लिए राशि 46,000 रूपये, खाद के लिए राशि 5,000 रूपये, सिंचाई तथा रख-रखाव आदि के लिए राशि 85,000 रूपये, इस प्रकार कुल राशि 1,61,000 रूपये के व्यय का विवरण प्रस्तुत किया गया है। समिति का मत है कि 5 वर्षों हेतु पृथक-पृथक वर्षवार विवरण प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है।

समिति द्वारा विचार विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से निम्नानुसार निर्णय लिया गया:-

1. पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति का पालन प्रतिवेदन हेतु छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, नवा रायपुर अटल नगर से मंगाया जाए।
2. परियोजना प्रस्तावक द्वारा विगत दिनांक 08/01/2023 के उपरांत उत्खनन कार्य किया गया है अथवा नहीं? के संबंध में खनिज विभाग से प्रमाणित उत्खनन जानकारी प्रस्तुत किया जाए।
3. सी.ई.आर. के तहत् ग्राम पंचायत से सहमति प्राप्त भूमि में (अमरूद, नीम एवं आम्र) वृक्षारोपण हेतु 5 वर्षों के लिए पृथक-पृथक वर्षवार विवरण प्रस्तुत किया जाए।

उपरोक्त वांछित जानकारी/दस्तावेज प्राप्त होने उपरांत आगामी कार्यवाही की जाएगी।

परियोजना प्रस्तावक को तद्नुसार सूचित किया जाए। साथ ही छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल को पत्र प्रेषित किया जाए।

13. मेसर्स पाण्डरवाडा स्टोन माईन (प्रो.- श्री [illegible]), ग्राम-पाण्डरवाडा, तहसील व जिला-राजनांदगांव (कार्यालय का नस्ती क्रमांक 1873)

ऑनलाईन आवेदन – प्रपोजल नम्बर – एसआईए/सीजी/एमआईएन/248804/2021, दिनांक 17/12/2021 द्वारा पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु ऑनलाईन आवेदन किया गया है। परियोजना प्रस्तावक द्वारा प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन में कमियाँ होने से ज्ञापन दिनांक 10/01/2022 द्वारा जानकारी प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया। परियोजना प्रस्तावक द्वारा वांछित जानकारी दिनांक 24/02/2022 को ऑनलाईन प्रस्तुत की गई।

प्रकरण का विवरण – यह प्रस्तावित रेत खदान (नॉन कोलियरी) है। यह खदान ग्राम–[illegible], तहसील व जिला–राजनांदगांव स्थित पार्ट ऑफ खसरा क्रमांक – 75, कुल क्षेत्रफल – 4.9 हेक्टेयर में प्रस्तावित है। उत्खनन [illegible] नदी से किया जाना प्रस्तावित है। खदान की प्रस्तावित रेत उत्खनन क्षमता – 83,000 घनमीटर प्रतिवर्ष है।

तदानुसार परियोजना प्रस्तावक को एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के ज्ञापन दिनांक 18/05/2022 द्वारा प्रस्तुतीकरण हेतु सूचित किया गया।

बैठकों का विवरण –

(अ) समिति की 442वीं बैठक दिनांक 25/05/2022

प्रस्तुतीकरण हेतु श्री [illegible] ऑनलाईन उपस्थित हुए। समिति द्वारा नस्ती, प्रस्तुत जानकारी का अवलोकन एवं परीक्षण करने पर निम्न स्थिति पाई गई:–

1. प्रस्तुतीकरण के दौरान समिति के संज्ञान में यह तथ्य आया कि ऑनलाईन आवेदन करने के दौरान फार्म–1, फार्म–1एम, प्री–फिजिबिलिटी रिपोर्ट एवं माईनिंग प्लान में रेत उत्खनन क्षमता 83,000 घनमीटर (1,07,100 टन) प्रतिवर्ष का उल्लेख किया गया है तथा फार्म–2 एवं माईनिंग प्लान में रेत उत्खनन क्षमता 88,000 घनमीटर (1,88,800 टन) प्रतिवर्ष का उल्लेख किया गया है। इस संबंध में प्रस्तुतीकरण के दौरान परियोजना प्रस्तावक द्वारा बताया गया कि खदान के [illegible] में एनीकट स्थित होने के कारण न्यूनतम 500 मीटर नॉन माईनिंग क्षेत्र छोड़ने के कारण रेत उत्खनन क्षमता 88,000 घनमीटर (1,88,800 टन) प्रतिवर्ष के स्थान पर क्षमता 83,000 घनमीटर (1,07,100 टन) प्रतिवर्ष होगा। परियोजना प्रस्तावक द्वारा उपरोक्त में सुधार कर संशोधित अनुमोदित माईनिंग प्लान प्रस्तुत किया गया है। रेत उत्खनन क्षमता हेतु फार्म–2 में संशोधन कराया जाना आवश्यक है।
2. **पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति संबंधी विवरण**– इस खदान को पूर्व में पर्यावरणीय स्वीकृति जारी नहीं की गई है।
3. कार्यालय कलेक्टर (खनि शाखा), जिला–राजनांदगांव के ज्ञापन क्रमांक 131/खलि.01/2022 राजनांदगांव, दिनांक 18/01/2022 द्वारा विगत वर्षों में किये गये उत्खनन निरंक है।
4. **ग्राम पंचायत का अनापत्ति प्रमाण पत्र** – रेत उत्खनन के संबंध में ग्राम पंचायत [illegible] का दिनांक 02/12/2018 का अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया गया है।
5. **विवादित/लंबितकित** – कार्यालय कलेक्टर, खनिज शाखा से प्राप्त प्रमाण पत्र अनुसार यह खदान विवादित/लंबितकित नहीं घोषित है।
6. **उत्खनन योजना** – माईनिंग प्लान (माईनिंग प्लान इन्क्लूडिंग प्रोग्रेसिव माईन क्लोजर प्लान) प्रस्तुत किया गया है, जो संयुक्त संचालक (खा.प्र.), संचालनालय, भौमिकी तथा खनिकर्म, नवा रायपुर अटल नगर के ज्ञापन क्रमांक 3969/खनि 02/रेत/सर्वे.ए.फो.अनु./न.क्र. 03/2020 नवा रायपुर, दिनांक 18/11/2021 द्वारा अनुमोदित है।
7. **500 मीटर की परिधि में स्थित खदान** – कार्यालय कलेक्टर (खनि शाखा), जिला–राजनांदगांव के ज्ञापन क्रमांक 132/खलि.01/2022 राजनांदगांव

दिनांक 19/01/2022 के अनुसार आवेदित खदान से 500 मीटर के भीतर अवस्थित अन्य लीज खदानों की संख्या निरंक है।

8. **200 मीटर की परिधि में स्थित सार्वजनिक क्षेत्र/संरचनाएं** – कार्यालय कलेक्टर (खनि शाखा), जिला–राजसमंद के ज्ञापन क्रमांक 132/खनि/का/2022 राजसमंद, दिनांक 19/01/2022 द्वारा जारी प्रमाण पत्र अनुसार उक्त खदान के 200 मीटर की परिधि में कोई भी सार्वजनिक क्षेत्र जैसे राष्ट्रीय राजमार्ग, राज्यमार्ग, पुल, बांध, स्कूल, अस्पताल, मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारा, श्मशान एवं एनीकट आदि प्रतिबंधित क्षेत्र स्थित नहीं है।

9. **एल.ओ.आई. का विवरण** – एल.ओ.आई. की प्रति संलग्न की गयी है, जो कार्यालय कलेक्टर (खनि शाखा), जिला–राजसमंद के ज्ञापन क्रमांक 4207/खनि. 08/2019 राजसमंद, दिनांक 06/12/2019 द्वारा जारी की गई, जिसकी अवधि 6 माह हेतु वैध थी। एल.ओ.आई. की वैधता वृद्धि बाबत् संचालक, सोसायटी तथा खनिकर्म, राज. जयपुर आदेश पत्र के पुनरीक्षण प्रकरण क्रमांक 115/2021 द्वारा जारी पारित आदेश दिनांक 10/01/2022 की प्रति प्रस्तुत की गई है जिसके अनुसार "**विवेचना के आधार पर पुनरीक्षण प्रकरण स्वीकार करते हुये, आशय पत्र की अवधि में पारित आदेश दिनांक से पर्यावरण सम्मति प्राप्ति पश्चात अनुज्ञा निष्पादन किये जाने हेतु अतिरिक्त समयावधि प्रदान करते हुए, प्रकरण में गुण–दोष के आधार पर कार्यवाही करने हेतु प्रकरण कलेक्टर, जिला राजसमंद को प्रत्यावर्तित किया जाता है।**" होना बताया गया है।

10. **वन विभाग का अनापत्ति प्रमाण पत्र** – कार्यालय उपवनसंरक्षक अधिकारी, राजसमंद वनमण्डल, जिला–राजसमंद के ज्ञापन क्रमांक/एफ.ओ./एन.ओ. 10–1/2021/1418 राजसमंद, दिनांक 14/02/2022 से जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र अनुसार आवेदित क्षेत्र वन क्षेत्र की सीमा से 18.27 कि.मी. की दूरी पर है।

11. **डिस्ट्रिक्ट सर्वे रिपोर्ट** – वर्ष 2019 की डिस्ट्रिक्ट सर्वे रिपोर्ट (District Survey Report) की प्रति प्रस्तुत की गई है।

12. **महत्वपूर्ण संरचनाओं की दूरी** – निकटतम आबादी ग्राम–कालकरावता 550 मीटर, स्कूल ग्राम–कालकरावता 1 कि.मी. एवं अस्पताल राजसमंद 12 कि.मी. की दूरी पर स्थित है। राष्ट्रीय राजमार्ग 3.7 कि.मी. एवं राज्यमार्ग 13 कि.मी. दूर है। स्वीकृत लीज खदान के 1 कि.मी. तक कुआ स्थित नहीं है। खदान के अपस्ट्रीम में एनीकट 280 मीटर की दूरी पर स्थित है।

13. **पारिस्थितिकीय/जैवविविधता संवेदनशील क्षेत्र** – परियोजना प्रस्तावक द्वारा 10 कि.मी. की परिधि में अंतर्राज्यीय सीमा, राष्ट्रीय उद्यान, अभयारण्य, केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा घोषित क्रिटिकली पोल्यूटेड एरिया, पारिस्थितिकीय संवेदनशील क्षेत्र या घोषित जैवविविधता क्षेत्र स्थित नहीं होना प्रतिवेदित किया है।

14. **खनन स्थल पर नदी के पाट की चौड़ाई एवं खदान की नदी तट से दूरी** – आवेदन अनुसार खनन स्थल पर नदी के पाट की चौड़ाई – अधिकतम 310 मीटर, न्यूनतम 208 मीटर तथा खनन स्थल की औसत लंबाई – 545 मीटर एवं खनन स्थल की औसत चौड़ाई – 80 मीटर दर्शाई गई है। खदान की नदी तट के किनारे से दूरी अधिकतम 40 मीटर, न्यूनतम 26 मीटर है।

15. **खदान स्थल पर रेत की मोटाई** – आवेदन अनुसार स्थल पर रेत की गहराई– 3 मीटर तथा रेत खनन की प्रस्तावित गहराई –2 मीटर दर्शाई गई है। अनुमोदित माईनिंग प्लान अनुसार खदान में माईनेबल रेत की मात्रा – 30,000 घनमीटर है। रेत उत्खनन हेतु प्रस्तावित स्थल पर वर्तमान में उपलब्ध रेत स्तर की मोटाई जानने के लिए, प्रस्तावित स्थल पर गड्ढे (Pits) खोदकर उसकी वास्तविक गहराई का मापन कर, खनिज विभाग से प्रमाणित जानकारी प्रस्तुत नहीं की गई है। रेत की वास्तविक गहराई हेतु फोटोग्राफ भी प्रस्तुत नहीं किया गया है।

16. **खदान क्षेत्र में रेत स्तर के लेवल्स** – रेत उत्खनन हेतु प्रस्तावित स्थल में 25 मीटर गुणा 25 मीटर के ग्रिड बिन्दुओं पर दिनांक 18/03/2020 को रेत स्तर के वर्तमान लेवल्स (Levels) लेकर प्रस्तुत किये गये है। समिति का मत है कि उक्त लेवल्स (Levels) केवल उन्हें खनिज विभाग से प्रमाणीकरण उपरांत फोटोग्राफ्स सहित जानकारी/दस्तावेज प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है।

17. **कॉर्पोरेट पर्यावरणीय दायित्व (C.E.R.)** – परियोजना प्रस्तावक द्वारा समिति के समक्ष सितम्बर में चर्चा उपरांत निम्नानुसार विस्तृत प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है–

Capital Investment (In Lakh Rupees)	Percentage of Capital Investment to be Spent	Amount Required for CER Activities (In Lakh Rupees)	Amount Proposed & Details for CER Activities (In Lakh Rupees)	
			Particulars	CER Fund Allocation (In Lakh Rupees)
35	2%	0.70	Following activities at Nearby, Village- Dhamansara	
			Plantation at river bank near allotted area (500 meter) and the approach road (300 meter)	1.03
			Total	1.03

18. वृक्षारोपण हेतु प्रस्तुत प्रस्ताव अनुसार 400 नग पौधों के लिए राशि 31,000 रूपये, ट्री–गार्ड के लिए राशि 40,000 रूपये, खाद एवं सिंचाई के लिए राशि 20,000 रूपये तथा रख–रखाव आदि के लिए राशि 12,000 रूपये, इस प्रकार कुल राशि 1,03,000 रूपये हेतु पटवार व्यय का विवरण प्रस्तुत किया गया है। जिसे समिति द्वारा अमान्य किया गया। समिति का मत है कि चूंकि पर्यावरणीय स्वीकृति की शर्तों के अधीन नदी तट एवं पहुंच मार्ग पर परियोजना प्रस्तावक द्वारा वृक्षारोपण किया जाना आवश्यक है। अतः सी.ई.आर. के तहत् शासकीय स्कूल एवं शासकीय स्थल में कार्य किये जाने हेतु विस्तृत प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है।

19. **नॉन माईनिंग क्षेत्र** – खदान से एनीकट 290 मीटर की दूरी पर अपस्ट्रीम में स्थित है। नवीन गाइडलाईन अनुसार एनीकट अपस्ट्रीम में स्थित होने के कारण खदान से एनीकट की दूरी कम से कम 500 मीटर होना आवश्यक है। अतः एनीकट की तरफ से खदान से 210 मीटर लंबाई का खनन क्षेत्र को खनन के लिए प्रतिबंधित किया गया है। तदनुसार संशोधित माईनिंग प्लान अनुसार

28,000 घनमीटर गैर माईनिंग क्षेत्र रखा गया है। अतः रेत उत्खनन का कार्य खदान के आंशिक 2.1 हेक्टेयर क्षेत्र में किया जाना प्रस्तावित है।

20. प्रस्तुतीकरण के दौरान परियोजना प्रस्तावक द्वारा बताया गया कि एनीकट की तरफ से खदान में 210 मीटर की लंबाई को गैर माईनिंग क्षेत्र रखने के पश्चात् नदी तट के किनारे से दूरी अधिकतम 34 मीटर, न्यूनतम 26 मीटर है। समिति का मत है कि नदी तट के किनारे से वास्तविक दूरी को नक्शे में (25–25 मीटर के अंतराल में) दर्शाते हुए प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है।

21. प्रस्तुतीकरण के दौरान परियोजना प्रस्तावक द्वारा बताया गया कि आवेदित खदान ([illegible] सैण्ड माईन) एवं [illegible] सैण्ड माईन के मध्य 100 मीटर की दूरी है।

समिति द्वारा विचार विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से निम्नानुसार निर्णय लिया गया–

1. रेत उत्खनन क्षमता हेतु संशोधित फार्म–2 प्रस्तुत किया गया है।
2. प्रस्तावित खनन क्षेत्र की लंबाई एवं चौड़ाई की जानकारी (अधिकतम एवं न्यूनतम सहित) प्रस्तुत की जाए।
3. रेत उत्खनन हेतु प्रस्तावित स्थल एवं प्रस्तावित स्थल के अपस्ट्रीम तथा डाउनस्ट्रीम में 100 मीटर की दूरी तक, 25 मीटर गुणा 25 मीटर का ग्रिड बनाकर, वर्तमान में रेत स्तर के लेवल्स (Levels) लेकर ग्रिड मैप में प्रदर्शित कर, उन्हें क्षेत्रीय निरीक्षण से प्रमाणीकरण उपरांत फोटोग्राफ्स सहित जानकारी/दस्तावेज प्रस्तुत किये जावें।
4. नदी तट के किनारे से वास्तविक दूरी को नक्शे में (25–25 मीटर के अंतराल में) दर्शाते हुए प्रस्तुत किया जाए।
5. रेत उत्खनन हेतु प्रस्तावित स्थल पर वर्तमान में उपलब्ध रेत की मोटाई जानने के लिए, प्रति हेक्टेयर में गड्ढे (Pits) खोदकर उसकी वास्तविक गहराई का मापन कर, क्षेत्रीय निरीक्षण से प्रमाणित जानकारी प्रस्तुत की जाए। रेत की वास्तविक गहराई हेतु पंचनामा भी प्रस्तुत किया जावे।
6. सी.ई.आर. के तहत् शासकीय स्कूल एवं शासकीय स्थल में कार्य किये जाने हेतु विस्तृत प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाए।

उपरोक्त वांछित जानकारी/दस्तावेज प्राप्त होने उपरांत आगामी कार्यवाही की जाएगी।

तदानुसार एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के ज्ञापन दिनांक 11/01/2023 के परिप्रेक्ष्य में परियोजना प्रस्तावक द्वारा दिनांक 12/01/2023 को जानकारी/दस्तावेज प्रस्तुत किया गया।

(ब) समिति की 448वीं बैठक दिनांक 24/01/2023

समिति द्वारा चर्चा, प्रस्तुत जानकारी का अवलोकन एवं परीक्षण करने पर निम्न स्थिति पाई गई–

1. रेत उत्खनन क्षमता हेतु फार्म–2 में संशोधन कराये जाने की आवश्यकता नहीं होने के संबंध में परियोजना प्रस्तावक का कथन है कि आवेदित कुल क्षेत्रफल – 4.8 हेक्टेयर में से खदान के अपस्ट्रीम में एनीकट स्थित होने के कारण न्यूनतम 320 मीटर गैर माईनिंग क्षेत्र छोड़ने के कारण रेत उत्खनन का कार्य खदान के आंशिक 2.1 हेक्टेयर क्षेत्र में करने के कारण रेत उत्खनन क्षमता 88,000 घनमीटर

(1,80,600 टन) प्रतिवर्ष के स्थान पर क्रमशः 63,000 घनमीटर (1,07,100 टन) प्रतिवर्ष होगा। जिसका उल्लेख संशोधित अनुमोदित माइनिंग प्लान में किया गया है।

2. प्रस्तावित खदान क्षेत्रफल – 4.9 हेक्टेयर में खनन क्षेत्र की औसत लम्बाई 345 मीटर, नॉन माइनिंग क्षेत्र छोड़ने के कारण रेत उत्खनन का कार्य खदान के अंतर्गत 2.1 हेक्टेयर क्षेत्र में खनन क्षेत्र की औसत लम्बाई 313 मीटर एवं प्रस्तावित खदान क्षेत्रफल – 4.9 हेक्टेयर में खनन क्षेत्र की औसत चौड़ाई 80 मीटर, नॉन माइनिंग क्षेत्र छोड़ने के कारण रेत उत्खनन का कार्य खदान के अंतर्गत 2.1 हेक्टेयर क्षेत्र में खनन क्षेत्र की औसत चौड़ाई 80 मीटर है। [illegible] का गया है कि प्रस्तावित खनन क्षेत्र की लम्बाई एवं चौड़ाई की जानकारी (अधिकतम एवं न्यूनतम सहित) प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है।

3. रेत उत्खनन हेतु प्रस्तावित स्थल एवं प्रस्तावित स्थल के अपस्ट्रीम तथा डाउनस्ट्रीम में 100 मीटर की दूरी तक, 25 मीटर गुणा 25 मीटर का ग्रिड बनाकर, वर्तमान में रेत स्तर की लेवल्स (Levels) लेकर ग्रिड मैप में प्रदर्शित कर, उन्हें स्थलीय निरीक्षण के प्रमाणीकरण उपरांत फोटोग्राफ्स सहित जानकारी/दस्तावेज प्रस्तुत किये गये हैं।

4. नदी तट के किनारे से वास्तविक दूरी को नक्शे में (25–25 मीटर के अंतराल में) दर्शाते हुए प्रस्तुत किया गया है।

5. रेत उत्खनन हेतु प्रस्तावित स्थल पर वर्तमान में उपलब्ध रेत की मोटाई जानने के लिए, प्रति हेक्टेयर में गड्ढे (Pits) खोदकर उसकी वास्तविक गहराई का मापन कर, स्थलीय निरीक्षण से प्रमाणित जानकारी प्रस्तुत की गई है। इसके अनुसार रेत की उपलब्ध औसत मोटाई 3 मीटर है। रेत की वास्तविक गहराई हेतु पंचनामा प्रस्तुत किया गया है।

6. परियोजना प्रस्तावक को सी.ई.आर. के तहत् शासकीय स्कूल एवं शासकीय स्थल में कार्य किये जाने हेतु विस्तृत प्रस्ताव प्रस्तुत किये जाने का निर्देश दिया गया था परन्तु परियोजना प्रस्तावक द्वारा उक्त प्रस्ताव के स्थान पर पूर्व में दिये गये सी.ई.आर. (C.E.R.) के प्रस्ताव (नदी तट एवं पहुंच मार्ग पर वृक्षारोपण) का ही निम्नानुसार संशोधित विस्तृत प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है–

Capital Investment (in Lakh Rupees)	Percentage of Capital Investment to be Spent	Amount Required for CER Activities (in Lakh Rupees)	Amount Proposed & Details for CER Activities (in Lakh Rupees)	
			Particulars	CER Fund Allocation (in Lakh Rupees)
35	2%	0.70	Following activities at Nearby Village- Dhamaneera	
			Plantation at river bank near allotted area (800 meter) and the approach road (200 meter)	2.18
			Total	2.18

7. सी.ई.आर. के अंतर्गत वृक्षारोपण (अमरूद, नीम एवं आम) हेतु प्रस्तुत प्रस्ताव अनुसार 200 नग पौधों के लिए राशि 14,000 रूपये, फेंसिंग के लिए राशि

10,000 रूपये, खाद एवं सिंचाई के लिए राशि 15,000 रूपये तथा रख-रखाव के लिए राशि 24,000 रूपये आदि इस प्रकार कुल राशि 83,000 रूपये प्रथम वर्ष हेतु एवं रख-रखाव हेतु कुल राशि 1,68,000 रूपये आगामी चार वर्षों हेतु मदवार व्यय का विवरण प्रस्तुत किया गया है। जिसे समिति द्वारा अमान्य किया गया। समिति का मत है कि चूंकि पर्यावरणीय स्वीकृति की शर्तों के अधीन नदी तट एवं पहुंच मार्ग पर परियोजना प्रस्तावक द्वारा वृक्षारोपण किया जाना आवश्यक है। अतः सी.ई.आर. के तहत् शासकीय स्कूल एवं शासकीय स्थल में कार्य किये जाने हेतु विस्तृत प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है।

समिति द्वारा तत्समय सर्वसम्मति से निम्नानुसार निर्णय लिया गया था–

1. प्रस्तावित खनन क्षेत्र की लंबाई एवं चौड़ाई की जानकारी (अधिकतम एवं न्यूनतम सहित) प्रस्तुत की जाए।
2. सी.ई.आर. के तहत् शासकीय स्कूल एवं शासकीय स्थल में कार्य किये जाने हेतु विस्तृत प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाए।

उपरोक्त वांछित जानकारी/दस्तावेज प्राप्त होने उपरांत आगामी कार्यवाही की जाएगी।

तत्संबंध एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के ज्ञापन दिनांक 16/03/2023 के परिपेक्ष्य में परियोजना प्रस्तावक द्वारा दिनांक 10/04/2023 को जानकारी/दस्तावेज प्रस्तुत किया गया।

(स) समिति की 44वीं बैठक दिनांक 11/05/2023

समिति द्वारा नस्ती, प्रस्तुत जानकारी का अवलोकन एवं परीक्षण करने पर निम्न स्थिति पाई गई–

1. प्रस्तावित खनन क्षेत्र पर नदी के पाट की चौड़ाई – अधिकतम 100 मीटर, न्यूनतम 37 मीटर तथा खनन स्थल की लंबाई – अधिकतम 300 मीटर, न्यूनतम 270 मीटर है। खदान की नदी तट के किनारे से दूरी अधिकतम 40 मीटर, न्यूनतम 26 मीटर है।
2. सी.ई.आर. के तहत् परियोजना प्रस्तावक द्वारा निम्नानुसार विस्तृत प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है–

Capital Investment (In Lakh Rupees)	Percentage of Capital Investment to be Spent	Amount Required for CER Activities (In Lakh Rupees)	Amount Proposed & Details for CER Activities (In Lakh Rupees)	
			Particulars	CER Fund Allocation (In Lakh Rupees)
50	2%	1.0	Following activities at Govt. Higher Secondary School Village-Dhamansara	
			Rain Water Harvesting	0.40
			Running Water Arragement in Toilets	0.35

			Plantation in the School premises	1,495
			Total	2,345

सी.ई.आर. की राशि वृक्षारोपण हेतु प्रस्तुत प्रस्ताव अनुसार 100 नग पौधों के लिए प्रथम वर्ष में राशि 40,000 रूपये तथा आगामी वर्ष हेतु राशि 1,00,500 रूपये हेतु घटकवार व्यय का विवरण प्रस्तुत किया गया है।

3. सी.ई.आर. की राशि प्रस्तावित स्कूल के प्राचार्य (Principal) का सहमति पत्र प्रस्तुत किया गया है।

4. समिति का मत है कि सी.ई.आर. एवं वृक्षारोपण कार्यों के मॉनिटरिंग एवं पर्यवेक्षण हेतु त्रि-पक्षीय समिति (प्रोजेक्ट/प्रतिनिधि, ग्राम पंचायत के पदाधिकारी/प्रतिनिधि एवं जिला प्रशासन या छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल के पदाधिकारी/प्रतिनिधि) गठित किया जाना आवश्यक है। साथ ही सी.ई.आर. एवं वृक्षारोपण का कार्य पूर्ण किये जाने के उपरांत गठित त्रि-पक्षीय समिति से सत्यापित कराया जाना आवश्यक है।

5. रेत उत्खनन मैनुअल विधि से एवं भराई का कार्य लोडर द्वारा कराया जाना प्रस्तावित है। समिति का मत है कि लोडर जैसे भारी वाहन की श्रेणी में है। अतः भराई का कार्य मैनुअल विधि से कराई जावे।

6. परियोजना प्रस्तावक द्वारा 2 मीटर की गहराई तक उत्खनन की अनुमति चाही है। अनुमोदित उत्खनन योजना में उत्खनन किए जाने वाले क्षेत्र की वार्षिक रेत पुनःभरण संबंधी अध्ययन कार्य एवं तत्संबंधी आंकड़ों का समावेश नहीं किया गया है। शिवनाथ नदी बड़ी नदी है तथा इसमें वर्षाकाल में सामान्यतः 1.5 मीटर गहराई से अधिक रेत का पुनःभरण होने की संभावना है।

समिति द्वारा विचार विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से निम्नानुसार निर्णय लिया गया:-

1. आवेदित खदान (ग्राम-[illegible]) का रकबा 4.8 हेक्टेयर है। खदान की सीमा से 500 मीटर की परिधि में स्वीकृत/संचालित खदानों का कुल क्षेत्रफल 5 हेक्टेयर या उससे कम होने के कारण यह खदान बी-2 श्रेणी की मानी गयी।

2. परियोजना प्रस्तावक रेत खदान क्षेत्र में आगामी 1.5 वर्षों में विस्तृत गाद अध्ययन (Siltation Study) करायेंगे, ताकि रेत के पुनःभरण (Replenishment) बाबत् सही आंकड़े, रेत उत्खनन का नदी, नदीतल, जलीय वनस्पति, जीव एवं सूक्ष्म जीवों पर प्रभाव तथा नदी के पानी की गुणवत्ता पर रेत उत्खनन के प्रभाव की सही जानकारी प्राप्त हो सके।

3. **लीज क्षेत्र की सतह का बेसलाईन डाटा –**

   i. रेत उत्खनन प्रारंभ करने के पूर्व आवश्यकतानुसार निर्धारित चिन्ह बिन्दुओं पर नदी में रेत की सतह के स्तरों (Levels) का सर्वे कर, उसके आंकड़े सदस्य सचिव एस.ई.आई.ए.ए., छत्तीसगढ़ को प्रस्तुत किये जावें।

   ii. पोस्ट-मानसून (अक्टूबर/नवम्बर माह) में रेत उत्खनन प्रारंभ करने के पूर्व इन्हीं चिन्ह बिन्दुओं में माईनिंग लीज क्षेत्र तथा लीज क्षेत्र के अपस्ट्रीम एवं डाउनस्ट्रीम में 100 मीटर तक तथा खनन लीज के बाहर / नदी तट (दोनों ओर) से 100 मीटर तक के क्षेत्र में नदी सतह के स्तरों (Levels) का सर्वे पूर्व निर्धारित चिन्ह बिन्दुओं पर किया जावेगा।

iii. इसी प्रकार रेत खनन उपरांत मानसून के पूर्व (मई माह के अंतिम सप्ताह/जून के प्रथम सप्ताह) इन्हीं चिह्न बिन्दुओं पर रेत खदान के लेवल्स (Levels) का मापन किया जाएगा।

iv. रेत खदान के पूर्व निर्धारित चिह्न बिन्दुओं पर रेत खदान के लेवल्स Levels के मापन का कार्य आगामी 3 वर्ष तक निरंतर किया जाएगा। पोस्ट–मानसून के आंकड़े दिसम्बर 2023, 2024, 2025 एवं प्री–मानसून के आंकड़े अगस्त 2023, 2024, 2025 तक अनिवार्य रूप से एस.ई.आई.ए.ए., छत्तीसगढ़ को प्रस्तुत किए जाएंगे।

4. समिति द्वारा विचार विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से मेसर्स [illegible] सैण्ड माईन (प्रो.– श्री [illegible]), पार्ट ऑफ खसरा क्रमांक – 79, ग्राम–[illegible], तहसील व जिला–राजनांदगांव, कुल लीज क्षेत्रफल 4.2 हेक्टेयर में से नॉन माईनिंग क्षेत्र 20,000 वर्गमीटर क्षेत्र कम करने पर 2.1 हेक्टेयर क्षेत्र में कुल 21,000 घनमीटर प्रतिवर्ष रेत उत्खनन हेतु पर्यावरणीय स्वीकृति, खनन पट्टे के निष्पादन की तारीख से दो वर्ष तक की अवधि हेतु **परिशिष्ट–05** में दर्शित शर्तों के अधीन दिये जाने की अनुशंसा की गई। रेत की खुदाई श्रमिकों द्वारा (Manually) की जाएगी। रिवर बेड (River Bed) में भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित होगा। लीज क्षेत्र में स्थित रेत खुदाई गड्ढे (Excavation pits) से लोडिंग प्वाईंट तक रेत का परिवहन ट्रैक्टर ट्रॉली द्वारा किया जाएगा।

5. सस्टेनेबल सैण्ड माईनिंग मैनेजमेंट गाईडलाईन्स, 2016 (Sustainable Sand Mining Management Guidelines 2016) एवं इन्फोर्समेंट एण्ड मॉनिटरिंग गाईडलाईन्स फॉर सैण्ड माईनिंग, 2020 (Enforcement & Monitoring Guidelines for Sand Mining) के अनुसार पालन सुनिश्चित किया जाए।

6. इन्फोर्समेंट एण्ड मॉनिटरिंग गाईडलाईन्स फॉर सैण्ड माईनिंग, 2020 (Enforcement & Monitoring Guidelines for Sand Mining) के तहत् 50 प्रतिशत क्षेत्र में ही उत्खनन कार्य किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आकलन प्राधिकरण (एस.ई.आई.ए.ए.), छत्तीसगढ़ को तदानुसार सूचित किया जाए।

14. मेसर्स [illegible] सैण्ड माईन (प्रो.– श्री [illegible]), ग्राम–[illegible], तहसील व जिला–दुर्ग (अभिलेख का नस्ती क्रमांक 2261)

ऑनलाईन आवेदन – प्रपोजल नम्बर – एसआईए/ सीजी/ एमआईएन/ 413668/2023, दिनांक 08/01/2023 द्वारा पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु आवेदन किया गया है।

प्रस्ताव का विवरण – यह पूर्व से संचालित रेत खदान (लीज स्वीकृत) है। खदान ग्राम–[illegible], तहसील व जिला–दुर्ग स्थित पार्ट ऑफ खसरा क्रमांक 502, कुल क्षेत्रफल–4.666 हेक्टेयर में है। उत्खनन शिवनाथ नदी से किया जाता है। खदान की प्रस्तावित रेत उत्खनन क्षमता–46,500 घनमीटर प्रतिवर्ष है।

तदानुसार परियोजना प्रस्तावक को एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के ज्ञापन दिनांक 21/02/2023 द्वारा प्रस्तुतीकरण हेतु सूचित किया गया।

बैठकों का विवरण –

(अ) समिति की 462वीं बैठक दिनांक 28/02/2023

प्रस्तुतीकरण हेतु श्री जे.के. सेन, अधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित हुए। समिति द्वारा चाही, प्रस्तुत जानकारी का अवलोकन एवं परीक्षण करने पर निम्न स्थिति पाई गई–

1. **पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति संबंधी विवरण–**

   i. पूर्व में रेत खदान पार्ट ऑफ खसरा क्रमांक 902, कुल क्षेत्रफल–4.856 हेक्टेयर, क्षमता–44,500 घनमीटर प्रतिवर्ष हेतु पूर्व में राज्य स्तर पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण (एस.ई.आई.ए.ए.), छत्तीसगढ़ द्वारा पर्यावरणीय स्वीकृति दिनांक 15/08/2020 को जारी की गई। यह स्वीकृति जारी दिनांक से 2 वर्ष अर्थात् दिनांक 14/08/2022 वर्ष के लिए वैध थी।

   परियोजना प्रस्तावक द्वारा बताया गया कि भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा जारी अधिसूचना दिनांक 18/01/2021 अनुसार–

   "9A. Notwithstanding anything contained in this notification, the period from the 1st April, 2020 to the 31st March, 2021 shall not be considered for the purpose of calculation of the period of validity of Prior Environmental Clearances granted under the provisions of this notification in view of outbreak of Corona Virus(COVID-19) and subsequent lockdowns (total or partial) declared for its control, however, all activities undertaken during this period in respect of the Environmental Clearance granted shall be treated as valid.".

   उपरोक्त अधिसूचना के अनुसार पर्यावरणीय स्वीकृति की वैधता जारी दिनांक से दिनांक 31/03/2023 तक वैध होगी।

   लीज की वैधता दिनांक 28/10/2022 से दिनांक 31/03/2023 तक की अवधि हेतु है। जारी पर्यावरणीय स्वीकृति की वैधता के संबंध में भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली के अधिसूचना का.आ. 1807(अ), दिनांक 12/04/2022 में उल्लेखित तथ्य दिया है–

   "(i) पैरा 9 में, खनन परियोजनाओं या गतिविधियों के मामले में वैधता खनन पट्टे के निष्पादन की तारीख से लिए जाएगी।"

   उक्त अधिसूचना के तहत् पर्यावरणीय स्वीकृति की वैधता लीज अवधि तक मान्य होगी।

   ii. परियोजना प्रस्तावक द्वारा पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति के शर्तों के पालन में की गई कार्यवाही की जानकारी प्रस्तुत की गई है। समिति का मत है कि परियोजना प्रस्तावक द्वारा एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय, भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नवा रायपुर अटल नगर से पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति का पालन प्रतिवेदन प्राप्त कर प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है।

   iii. निर्धारित कार्ययोजनानुसार वृक्षारोपण नहीं किया गया है।

   iv. कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा), जिला–दुर्ग के ज्ञापन क्रमांक 1820/खनि.लि./खनिज/2023 दुर्ग, दिनांक 23/02/2023 द्वारा जारी प्रमाण पत्र अनुसार विगत वर्षों में किये गये उत्खनन की जानकारी निम्नानुसार है–

वर्ष	उत्खनन (घनमीटर)
2020-21	1,932
2021-22	15,768
2022-23 (दिनांक 31/01/2023 तक)	1,298

समिति का मत है कि दिनांक 01/02/2023 से अद्यतन स्थिति तक किए गए उत्खनन की वास्तविक मात्रा की जानकारी खनिज विभाग से प्रमाणित कराकर प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है।

2. **ग्राम पंचायत का अनापत्ति प्रमाण पत्र** – रेत उत्खनन के संबंध में ग्राम पंचायत [illegible] का दिनांक 28/07/2018 का अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया गया है।

3. **चिन्हांकित/सीमांकित** – कार्यालय कलेक्टर, खनिज शाखा से प्राप्त प्रमाण पत्र अनुसार यह खदान चिन्हांकित/सीमांकित एवं घोषित है।

4. **उत्खनन योजना** – [illegible] प्रस्तुत किया गया है जो उप-संचालक, खनिज प्रशासन, जिला-दुर्ग के ज्ञापन क्रमांक 1028/खनि. अनु.-01/2021 दुर्ग, दिनांक 04/01/2022 द्वारा अनुमोदित है।

5. **500 मीटर की परिधि में स्थित खदान** – कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा), जिला-दुर्ग के ज्ञापन क्रमांक 992/ख.लि.2/खनिज/रेत खदान/2022 दुर्ग, दिनांक 02/11/2022 के अनुसार आवेदित खदान से 500 मीटर की सीमा अंतर्गत अन्य रेत खदानों की संख्या निरंक है।

6. **200 मीटर की परिधि में स्थित सार्वजनिक क्षेत्र/संरचनाएं** – कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा), जिला-दुर्ग के ज्ञापन क्रमांक 992/ख.लि.2/खनिज/रेत खदान/2022 दुर्ग, दिनांक 02/11/2022 द्वारा जारी प्रमाण पत्र अनुसार उक्त खदान के 200 मीटर की परिधि में कोई भी सार्वजनिक क्षेत्र जैसे राष्ट्रीय राजमार्ग, राज्यमार्ग, पुल, बांध, स्कूल, अस्पताल, मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारा, चर्च एवं एनीकट आदि प्रतिबंधित क्षेत्र स्थित नहीं है।

7. **लीज़ डीड का विवरण** – कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा), जिला-दुर्ग के ज्ञापन क्रमांक 818/ख.लि./खनिज/2022 दुर्ग, दिनांक 22/08/2022 द्वारा जारी पत्र अनुसार "[illegible] रेत का उत्खनिपट्टा दिनांक 28/10/2020 से दिनांक 28/10/2022 तक दो वर्ष अवधि के लिए स्वीकृत है। तत्पश्चात् उक्त [illegible] रेत के उत्खनन पट्टा का अवधि विस्तार भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा जारी अधिसूचना दिनांक 18/01/2021 के प्रावधानों के आधार पर दिनांक 28/10/2022 से दिनांक 31/03/2023 तक के लिए किया गया है। यदि उक्त पट्टे का दिनांक 01/04/2023 से दिनांक 28/10/2023 तक के लिए अवधि विस्तारित कराना चाहते हैं, तो अनुमोदित उत्खनन योजना एवं पर्यावरण स्वीकृति समयावधि में कार्यालय में प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें, जिससे तत्पश्चात् अवधि विस्तार की कार्यवाही की जा सके" का उल्लेख है।

8. **डिस्ट्रिक्ट सर्वे रिपोर्ट** – वर्ष 2018 की डिस्ट्रिक्ट सर्वे रिपोर्ट (District Survey Report) की प्रति प्रस्तुत की गई है।

9. **महत्वपूर्ण संरचनाओं की दूरी** – निकटतम आबादी ग्राम–सैदपुरकेडी 450 मीटर, स्कूल ग्राम–सैदपुरकेडी 660 मीटर एवं अस्पताल ग्राम–सैदपुरकेडी 3.50 कि.मी. की दूरी पर स्थित है। राष्ट्रीय राजमार्ग 1.12 कि.मी. एवं राज्यमार्ग 7 कि.मी. दूर है।

10. **इकोसेंसिटिव/जैवविविधता संवेदनशील क्षेत्र** – परियोजना प्रस्तावक द्वारा 10 कि.मी. की परिधि में अन्तर्राज्यीय सीमा, राष्ट्रीय उद्यान, अभयारण्य, केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा घोषित क्रिटिकली पोल्यूटेड एरिया, इकोसेंसिटिव संवेदनशील क्षेत्र या घोषित जैवविविधता क्षेत्र स्थित नहीं होना प्रतिवेदित किया है।

11. **खनन स्थल पर नदी के पाट की चौड़ाई एवं खदान की नदी तट से दूरी** – आवेदन अनुसार खनन स्थल पर नदी के पाट की चौड़ाई – अधिकतम 250 मीटर, न्यूनतम 200 मीटर एवं खनन स्थल की चौड़ाई – अधिकतम 120 मीटर, न्यूनतम 70 मीटर दर्शाई गई है। खनन स्थल की अधिकतम व न्यूनतम लंबाई तथा खदान की नदी तट के किनारे से अधिकतम व न्यूनतम दूरी की जानकारी प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है।

12. **खदान स्थल पर रेत की मोटाई** – आवेदन अनुसार स्थल पर रेत की गहराई – 4 मीटर तथा रेत खनन की प्रस्तावित गहराई – 2 मीटर दर्शाई गई है। अनुमोदित माईनिंग प्लान अनुसार खदान में माईनेबल रेत की मात्रा – 88,980 घनमीटर है। रेत उत्खनन हेतु प्रस्तावित स्थल पर वर्तमान में उपलब्ध रेत परत की मोटाई जानने के लिए प्रस्तावित स्थल पर 4 गड्ढे (Pits) खोदकर उसकी वास्तविक गहराई का मापन कर, ग्राम पंचायत से प्रमाणित जानकारी प्रस्तुत की गई है। इसके अनुसार रेत की उपलब्ध औसत गहराई 3.5 मीटर है। रेत की वास्तविक गहराई हेतु पंचनामा प्रस्तुत किया गया है। समिति का मत है कि रेत की वास्तविक गहराई हेतु पंचनामा खनिज विभाग से प्रमाणित करवाकर अद्यतन जानकारी प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है।

13. **खदान क्षेत्र में रेत सतह के लेवल्स** – रेत उत्खनन हेतु प्रस्तावित स्थल एवं प्रस्तावित स्थल के चारों ओर में 25 मीटर गुणा 25 मीटर के ग्रिड बिन्दुओं पर पोस्ट–मानसून डाटा दिनांक 14/02/2020, प्री–मानसून डाटा दिनांक 08/06/2021 एवं पोस्ट–मानसून डाटा दिनांक 07/02/2022 को रेत सतह के वर्तमान लेवल्स (Levels) लेकर जानकारी/दस्तावेज प्रस्तुत किये गये है। प्रस्तुत रेत सतह के वर्तमान लेवल्स (Levels) लेकर जानकारी/दस्तावेज खनिज विभाग से प्रमाणित नहीं है। समिति का मत है कि रेत उत्खनन हेतु प्रस्तावित स्थल एवं प्रस्तावित स्थल के चारों ओर में 25 मीटर गुणा 25 मीटर के ग्रिड बिन्दुओं पर रेत सतह के वर्तमान लेवल्स (Levels) लेकर जानकारी/दस्तावेज खनिज विभाग से प्रमाणित करवाकर प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है। साथ ही परियोजना प्रस्तावक द्वारा रिप्लेनिशमेन्ट स्टडी रिपोर्ट, 2022 प्रस्तुत किया गया है, जिसके अनुसार पोस्ट–मानसून उपरांत 48,980 घनमीटर क्षेत्र में 3 मीटर की गहराई तक रेत का पुनर्भरण होना बताया गया है।

14. **कॉर्पोरेट पर्यावरणीय दायित्व (C.E.R.)** – परियोजना प्रस्तावक द्वारा सी.ई.आर. के अंतर्गत ग्राम–सैदपुरकेडी के तालाब के चारों ओर 200 नग वृक्षारोपण किया जाना बताया गया है। समिति का मत है कि सी.ई.आर. के अंतर्गत तालाब पर किये जाने वाले वृक्षारोपण हेतु ग्राम पंचायत के सहमति उपरांत वृक्षारोपण स्थान (प्रस्तावित तालाब का खसरा क्रमांक एवं लोकेशन सहित) में वृक्षारोपण हेतु पौधों, फेंसिंग, खाद एवं सिंचाई तथा रख–रखाव के लिए 5 वर्षों का पर्याप्त बजट एवं

रखरखाव व्यय का विवरण विस्तृत प्रस्ताव सहित प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है।

15. प्रस्तुतीकरण के दौरान परियोजना प्रस्तावक द्वारा प्रस्तुत जानकारी में राष्ट्रीय राजमार्ग 1.12 कि.मी. दूर होना बताया गया, जबकि प्रस्तुतीकरण के दौरान ही के.एम.एल. में लीज क्षेत्र से निकटतम राष्ट्रीय राजमार्ग की दूरी 860 मीटर पाया गया है। इस संबंध में समिति का मत है कि Enforcement & Monitoring Guidelines for Sand Mining January, 2020 के अनुसार "Sand and gravel shall not be extracted up to a distance of 1 kilometre (1 km) from major bridges and highways on both sides" है। अतः राष्ट्रीय राजमार्ग से 1 कि.मी. की दूरी तक के क्षेत्र को नॉन माईनिंग क्षेत्र रखते हुए संशोधित अनुमोदित माईनिंग प्लान प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है।

समिति द्वारा परियोजना प्रस्तावक को निम्नानुसार निर्देश दिया गया था:-

1. एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय, भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नवा रायपुर अटल नगर से पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति का पालन प्रतिवेदन प्राप्त कर प्रस्तुत किया जाए।
2. दिनांक 01/03/2023 से अद्यतन स्थिति तक किए गए उत्खनन की वास्तविक मात्रा की जानकारी खनिज विभाग से प्रमाणित करवाकर प्रस्तुत किया जाए।
3. रेत उत्खनन हेतु प्रस्तावित स्थल पर वर्तमान में उपलब्ध रेत की मोटाई जानने के लिए, प्रति हेक्टेयर में कम से कम एक गड्ढा (Pit) खोदकर उसकी वास्तविक गहराई का मापन कर, खनिज विभाग से प्रमाणित करवाकर अद्यतन जानकारी प्रस्तुत की जाए। साथ ही रेत की वास्तविक गहराई हेतु पंचनामा खनिज विभाग से प्रमाणित करवाकर अद्यतन जानकारी प्रस्तुत किया जाए।
4. रेत उत्खनन हेतु प्रस्तावित स्थल एवं प्रस्तावित स्थल के चारों ओर से 25 मीटर गुणा 25 मीटर के ग्रिड बिन्दुओं पर रेत स्तर से लिये गये लेवल्स (Levels) को खनिज विभाग से प्रमाणित करवाकर प्रस्तुत किया जाए।
5. खदान स्थल की अधिकतम व न्यूनतम ऊंचाई तथा खदान की नदी तट के किनारे से लीज क्षेत्र की अधिकतम व न्यूनतम दूरी की जानकारी खनिज विभाग से प्रमाणित करवाकर प्रस्तुत किया जाए।
6. Enforcement & Monitoring Guidelines for Sand Mining January, 2020 के अनुसार "Sand and gravel shall not be extracted up to a distance of 1 kilometre (1 km) from major bridges and highways" के तहत् राष्ट्रीय राजमार्ग से 1 कि.मी. की दूरी तक के क्षेत्र को नॉन माईनिंग क्षेत्र रखते हुए संशोधित अनुमोदित माईनिंग प्लान प्रस्तुत किया जाए।
7. सी.ई.आर. के अंतर्गत तालाब पर किये जाने वाले वृक्षारोपण हेतु ग्राम पंचायत से [illegible] तालाब का खसरा क्रमांक एवं क्षेत्रफल का उल्लेख करते हुए सहमति उपरांत उपयुक्त स्थान में वृक्षारोपण हेतु पौधे, फेंसिंग, खाद एवं सिंचाई तथा रख-रखाव के लिए 5 वर्षों का पूंजीगत एवं रखरखाव व्यय का विवरण विस्तृत प्रस्ताव सहित प्रस्तुत किया जाए।
8. पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति के शर्तों के अनुरूप निर्धारित मानदंडानुसार वृक्षारोपण करते हुए पौधों में संख्यांकन (Numbering) एवं पौधे के नाम का उल्लेख किया जाकर फोटोग्राफ्स सहित जानकारी प्रस्तुत किये जाने बाबत् शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया जाए।

9. नदी तट एवं पहुंच मार्ग में वेल प्लेस्ड रोपित कर सघन वृक्षारोपण किये जाने एवं रोपित पौधों का सरवाईवल रेट (Survival rate) 80 प्रतिशत सुनिश्चित किये जाने बाबत् शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया जाए।
10. छत्तीसगढ़ आदर्श पुनर्वास नीति के तहत् स्थानीय लोगों को रोजगार दिये जाने हेतु शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया जाए।
11. परियोजना प्रस्तावक द्वारा अंडरटेकिंग (Undertaking) प्रस्तुत किया जाए कि उनके विरूद्ध इस परियोजना/खदान से संबंधित कोई न्यायालयीन प्रकरण देश के अंतर्गत किसी भी न्यायालय में लंबित नहीं है।
12. परियोजना प्रस्तावक द्वारा अंडरटेकिंग (Undertaking) प्रस्तुत किया जाए कि उनके विरूद्ध भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना का.आ. 804(अ), दिनांक 14/03/2017 के अंतर्गत कोई उल्लंघन का प्रकरण लंबित नहीं है।

उपरोक्त वांछित जानकारी/दस्तावेज प्राप्त होने उपरांत आगामी कार्यवाही की जाएगी।

तदनुसार एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के ज्ञापन दिनांक 11/04/2023 के परिपेक्ष्य में परियोजना प्रस्तावक द्वारा दिनांक 20/04/2023 को जानकारी/दस्तावेज प्रस्तुत किया गया।

(4) समिति की आगामी बैठक दिनांक 11/05/2023

समिति द्वारा चाही, प्रस्तुत जानकारी का अवलोकन एवं परीक्षण करने पर निम्न स्थिति पाई गई:-

1. परियोजना प्रस्तावक द्वारा पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति के पालन हेतु क्षेत्रीय कार्यालय, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, भिलाई से प्रतिवेदन प्राप्त कर प्रस्तुत किया गया है, जिसके अनुसार गांव के स्कूल परिसर में 200 नग, नदीतट पर लगभग 1,300 नग वृक्षारोपण किया गया है। अन्य शर्तों का भी पालन किया जाने का उल्लेख है।
2. कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा), जिला-दुर्ग के ज्ञापन क्रमांक 61/खलि.लि./खनिज/2023 दुर्ग, दिनांक 17/04/2023 द्वारा जारी प्रमाण पत्र अनुसार विगत वर्षों में किये गये उत्खनन की जानकारी निम्नानुसार है:-

वर्ष	उत्खनन (घनमीटर)
जनवरी 2023	70
मार्च 2023	130

3. रेत उत्खनन हेतु प्रस्तावित स्थल पर वर्तमान में उपलब्ध रेत स्तर की मोटाई जानने के लिए, प्रस्तावित स्थल पर 4 गड्ढे (Pits) खोदकर उसकी वास्तविक गहराई का मापन कर, खनिज विभाग से प्रमाणित जानकारी प्रस्तुत की गई है। इसके अनुसार रेत की उपलब्ध औसत गहराई 3.5 मीटर है। रेत की वास्तविक गहराई हेतु पंचनामा प्रस्तुत किया गया है।
4. रेत उत्खनन हेतु प्रस्तावित स्थल एवं प्रस्तावित स्थल में 25 मीटर गुणा 25 मीटर के ग्रिड बिन्दुओं पर दिनांक 14/03/2023 को रेत स्तर के वर्तमान लेवल्स (Levels) लेकर, उन्हें खनिज विभाग से प्रमाणीकरण उपरांत फोटोग्राफ्स सहित जानकारी/दस्तावेज प्रस्तुत किये गये है।

5. प्रस्तावित खनन क्षेत्र एवं खनन स्थल पर नदी के पाट की चौड़ाई – अधिकतम 250 मीटर, न्यूनतम 250 मीटर एवं खनन स्थल की लंबाई – अधिकतम 684 मीटर, न्यूनतम 668 मीटर है। खदान की नदी तट के किनारे से दूरी अधिकतम 36 मीटर, न्यूनतम 24 मीटर है।

6. Enforcement & Monitoring Guidelines for Sand Mining January, 2020 के अनुसार "Sand and gravel shall not be extracted up to a distance of 1 kilometre (1 km) from major bridges and highways" के तहत् राष्ट्रीय राजमार्ग से 1 कि.मी. की दूरी तक के क्षेत्र को नॉन माईनिंग क्षेत्र रखते हुए संशोधित अनुमोदित माईनिंग प्लान प्रस्तुत किया गया है। माईनिंग प्लान अनुसार 1.037 हेक्टेयर नॉन माईनिंग क्षेत्र रखा गया है।

7. सी.ई.आर. के अंतर्गत तालाब पर किये जाने वाले वृक्षारोपण हेतु (बड़, पीपल, नीम, करंज, आम, इमली, अर्जुन आदि) प्रस्तुत प्रस्ताव अनुसार 110 नग पौधों के लिए राशि 8,800 रूपये, फेंसिंग के लिए राशि 21,250 रूपये, खाद के लिए राशि 1,750 रूपये, रख-रखाव आदि के लिए राशि 67,650 रूपये, इस प्रकार प्रथम वर्ष में कुल राशि 99,450 रूपये तथा आगामी 4 वर्षों में रख-रखाव हेतु कुल राशि 2,65,000 रूपये हेतु पंचवर्षीय व्यय का विवरण प्रस्तुत किया गया है। परियोजना प्रस्तावक द्वारा ग्राम पंचायत [illegible] के सहमति उपरांत वृक्षारोपण स्थल (खसरा 342 एवं क्षेत्रफल 0.74 हेक्टेयर) में किये जाने हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत है।

8. पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति के शर्तों के अनुरूप निर्धारित कार्ययोजना वृक्षारोपण करते हुए पौधों में संख्यांकन (Numbering) एवं पौधे के नाम का उल्लेख किया जाकर फोटोग्राफ्स सहित जानकारी प्रस्तुत किये जाने बाबत् शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है।

9. नदी तट एवं पहुंच मार्ग में ग्रीन बेल्ट फेंसिंग का सघन वृक्षारोपण किये जाने एवं रोपित पौधों का सरवाईवल रेट (Survival rate) 80 प्रतिशत सुनिश्चित किये जाने बाबत् शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है।

10. छत्तीसगढ़ आदर्श पुनर्वास नीति के तहत् स्थानीय लोगों को रोजगार दिये जाने हेतु शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है।

11. परियोजना प्रस्तावक द्वारा शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है कि उसके विरुद्ध भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना का.आ. 804(अ), दिनांक 14/03/2017 के अंतर्गत कोई उल्लंघन का प्रकरण लंबित नहीं है।

12. परियोजना प्रस्तावक द्वारा शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है कि उनके विरुद्ध इस परियोजना/खदान से संबंधित कोई न्यायालयीन प्रकरण देश के अंतर्गत किसी भी न्यायालय में लंबित नहीं है, जबकि समिति द्वारा पाया गया कि माननीय उच्च न्यायालय, बिलासपुर छ.ग. में श्री अशोक सिंह विरुद्ध स्टेट ऑफ छत्तीसगढ़ एवं अन्य हेतु न्यायालयीन प्रकरण विचाराधीन है। अतः उक्त के संबंध में परियोजना प्रस्तावक से स्पष्टीकरण मंगाया जाना आवश्यक है।

समिति द्वारा विचार विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि परियोजना प्रस्तावक द्वारा उनके विरुद्ध इस परियोजना/खदान से संबंधित कोई न्यायालयीन प्रकरण देश के अंतर्गत किसी भी न्यायालय में लंबित नहीं है के संबंध में शपथ पत्र

प्रस्तुत किया गया है, जबकि माननीय उच्च न्यायालय, बिलासपुर छ.ग. में भी अशोक सिंह विरुद्ध स्टेट ऑफ छत्तीसगढ़ एवं अन्य हेतु न्यायालयीन प्रकरण के संबंध में परियोजना प्रस्तावक से स्पष्टीकरण प्राप्त होने के उपरांत आगामी कार्यवाही की जायेगी।

परियोजना प्रस्तावक को तदानुसार सूचित किया जाए।

18. मेसर्स जानकारी इण्डस्ट्रीज लिमिटेड, ग्राम–सोण्ड्रा, तहसील व जिला–रायपुर (सचिवालय का नस्ती क्रमांक 1204)

ऑनलाईन आवेदन – पूर्व में प्रपोजल नम्बर – एसआईए/सीजी/आईएनडी/60768/2021, दिनांक 14/02/2021 द्वारा टी.ओ.आर. हेतु आवेदन किया गया था। वर्तमान में प्रपोजल नम्बर – एसआईए/ सीजी/ आईएनडी/60768/ 2021, दिनांक 01/08/2022 द्वारा पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त करने के लिए फाईनल ई.आई.ए. रिपोर्ट प्रस्तुत की गई है।

प्रस्ताव का विवरण – यह क्षमता विस्तार का प्रकरण है। परियोजना प्रस्तावक द्वारा प्रस्तावित कार्यकलाप के तहत ग्राम–सोण्ड्रा, तहसील व जिला–रायपुर स्थित खसरा क्रमांक 404, 405/1, 405/2, 406/1, 406/2, 406/3, 406/4, 407/1, 407/2, 408/1, 408/2, 409/3, 410/1, 410/2, 411/1, 411/2, 412, 413, 414, 415, 416/1, 416/4, 416/5, 416/6, 416/7, 417/1, 417/2, 417/3, 417/4, 417/5, 417/6, 418/1, 418/2, 418/3, 418/4, 419, 454/1, 454/2, 458, 459, 463/1, 463/2, 463/3, 463/4, 463/5, 463/6, 463/7, 463/8 एवं 464/1, क्षेत्रफल – 11.84 हेक्टेयर से 18.8 हेक्टेयर (46.5 एकड़) में इण्डक्शन फर्नेस विथ एल.आर.एफ. से (एम.एस. बिलेट, इनगट्स/हॉट बिलेट्स) – 36,000 टन प्रतिवर्ष से बढ़ाकर 1,50,000 टन प्रतिवर्ष, न्यू रोलिंग मिल (टी–एमटी सरिया/पत्ता/स्ट्रक्चरल स्टील/वायर रॉड) – 1,50,000 टन प्रतिवर्ष के लिए पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त करने के लिए आवेदन किया गया है। प्रस्तावित कार्यकलाप के उपरांत निवेश का कुल लागत 27 करोड़ होगा।

पूर्व में एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के ज्ञापन क्रमांक 646, दिनांक 28/08/2021 द्वारा प्रकरण 'बी' कैटेगरी का होने के कारण भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा अप्रैल, 2015 में प्रकाशित स्टेण्डर्ड टर्म्स ऑफ रिफरेंस (टीओआर) फॉर ई.आई.ए./ई.एम.पी. रिपोर्ट फॉर प्रोजेक्ट्स/एक्टिविटीज रिक्वायरिंग इन्वायरमेंट क्लीयरेंस अण्डर ई.आई.ए. नोटिफिकेशन, 2006 में वर्णित श्रेणी 3(a) का स्टेण्डर्ड टीओआर (प्राइमरी सेकेण्डरी मेटलर्जिकल इण्डस्ट्रीज (फेरस एण्ड नॉन फेरस)) हेतु टी.ओ.आर. जारी किया गया है।

तदानुसार परियोजना प्रस्तावक को एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के पत्र दिनांक 05/12/2022 द्वारा प्रस्तुतीकरण हेतु सूचित किया गया।

बैठकों का विवरण –

(अ) समिति की 436वीं बैठक दिनांक 08/12/2022:

प्रस्तुतीकरण हेतु कोई भी प्रतिनिधि उपस्थित नहीं हुए। परियोजना प्रस्तावक के पत्र दिनांक 08/12/2022 द्वारा सूचना दी गयी है कि अपरिहार्य कारणों से आज बैठक में प्रस्तुतीकरण किया जाना संभव नहीं है। अतः आगामी आयोजित बैठक में समय प्रदान करने हेतु अनुरोध किया गया है।

समिति द्वारा तत्समय सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया था कि परियोजना प्रस्तावक को पूर्व में चाही गई वांछित जानकारी एवं समस्त सुसंगत जानकारी / दस्तावेज सहित प्रस्तुतीकरण दिये जाने हेतु निर्देशित किया जाए।

तदनुसार परियोजना प्रस्तावक को एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के ज्ञापन दिनांक 23/02/2023 द्वारा प्रस्तुतीकरण हेतु सूचित किया गया।

(अ) समिति की 482वीं बैठक दिनांक 08/03/2023

प्रस्तुतीकरण हेतु श्री सौरभ रायजादा, डीजीएम एवं पर्यावरण सलाहकार के रूप में मेसर्स पायोनियर इन्वायरो लेबोरेट्रीज एण्ड कन्सल्टेन्ट्स प्राईवेट लिमिटेड, हैदराबाद की ओर से श्री राम. रेड्डी उपस्थित हुए। समिति द्वारा नस्ती, प्रस्तुत जानकारी का अवलोकन एवं परीक्षण करने पर निम्न स्थिति पाई गई:-

1. **जल एवं वायु सम्मति –**
   - छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, नवा रायपुर अटल नगर, रायपुर के स्थापित आदेश क्षमता-60,000 मीट्रिक टन प्रतिवर्ष, डब्ल्यू.एच.आर.बी. आधारित कैप्टिव पॉवर प्लांट-8 मेगावॉट, ए.एफ.बी.सी. आधारित कैप्टिव पॉवर प्लांट-2.5 मेगावॉट एवं एम.एस. इनगट्स/बिलेट्स क्षमता-36,000 मीट्रिक टन प्रतिवर्ष हेतु जल एवं वायु सम्मति नवीनीकरण दिनांक 08/04/2021 को जारी की गई है, जो कि दिनांक 31/03/2024 तक वैध है।
   - छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, नवा रायपुर अटल नगर, रायपुर के ज्ञापन दिनांक 08/01/2022 द्वारा वर्तमान में स्थापित इकाईयों हेतु छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा जारी सम्मति शर्तों के पालन में की गई कार्यवाही की बिन्दुवार जानकारी प्रस्तुत की गई है, जिसके अनुसार शर्त क्रमांक 5 का अपूर्ण पालन होना बताया गया है एवं शेष सभी शर्तों का पूर्ण पालन किया जाना बताया गया है। इस संबंध में समिति का मत है कि अपूर्ण शर्त का पूर्ण पालन करने के संबंध में कार्ययोजना एवं जानकारी प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है।
2. भूमि स्वामित्व/भूमि आबंटन संबंधी दस्तावेज खसरावार सहित प्रस्तुत नहीं किया गया है।
3. **संवेदनशील स्थित क्रियाकलापों संबंधी जानकारी –**
   - समीपस्थ आबादी ग्राम-सोण्ड्रा 100 मीटर एवं शहर रायपुर 7 कि.मी. की दूरी पर स्थित है। निकटतम अस्पताल 2.6 कि.मी., स्कूल 2.3 कि.मी. दूर है। निकटतम रेलवे स्टेशन मांढर 7.2 कि.मी. की दूरी पर स्थित है। स्वामी विवेकानंद विमानतल, माना, रायपुर 22 कि.मी. की दूरी पर स्थित है। राजमार्ग 2 कि.मी. दूर है। खारून नदी 2.8 कि.मी., पोखरा नाला 1.2 कि.मी. दूर है।
   - परियोजना प्रस्तावक द्वारा 10 कि.मी. की परिधि में अंतर्राज्यीय सीमा, राष्ट्रीय उद्यान, अभयारण्य, केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा घोषित क्रिटिकलीपॉल्यूटेड औद्योगिक क्षेत्र या घोषित जैवविविधता क्षेत्र स्थित नहीं होना प्रतिवेदित किया है।
4. **ग्रीन बेल्ट कवरेज –** वर्तमान में इकाई 11.84 हेक्टेयर में स्थापित है। क्षमता विस्तार हेतु 6.76 हेक्टेयर अतिरिक्त भूमि अधिग्रहित की गई है। कुल क्षेत्रफल

18.6 हेक्टेयर (45.9 एकड़) है, जिसमें से डीआरआई किल्न (डब्ल्यू.एच.आर.बी.) का क्षेत्रफल 3 एकड़, इण्डक्शन फर्नेस का क्षेत्रफल 2 एकड़, रोलिंग मिल का क्षेत्रफल 2 एकड़, एफ.बी.सी. आधारित पॉवर प्लांट का क्षेत्रफल 1.5 एकड़, स्टोरेज एरिया 8 एकड़, आंतरिक मार्ग का क्षेत्रफल 3 एकड़, पार्किंग का क्षेत्रफल 1 एकड़, वाटर रिजर्वायर एवम् रेन वॉटर हार्वेस्टिंग का क्षेत्रफल 2.8 एकड़, एडमिन बिल्डिंग का क्षेत्रफल 0.28 एकड़, ओपन एरिया 7.48 एकड़ तथा हरित पट्टिका हेतु प्रस्तावित क्षेत्रफल 15.4 एकड़ है।

5. रॉ-मटेरियल –

S. No.	Raw Material	Quantity (TPA)	Sources	Mode Of Transport
1	For Steel Melting Shop (MS Billets/ Ingots) – 1,50,000 TPA			
A	Sponge iron	1,50,000	Own generation & Open market	By road (through covered trucks)
B	MS Scrap / Pig iron	23,000	Chhattisgarh	By road (through covered trucks)
C	Ferro alloys	2,000	Open market	By road (through covered trucks)
2	For Rolling Mill through Hot charging (Rolled Products) – 1,50,000TPA			
A	Hot billets / MS Billets / Ingots	1,55,000	Own generation & Open market	By road (through covered trucks)
3	Gasifier for Rolling mill (2,000 Nm^3/hr)			
A	Coal (Indian)	6,040	SECL Chhattisgarh / MCL Odisha	By rail & road (through covered trucks)
B	Coal (Imported)	3,600	Indonesia / south Africa / Australia	Through sea route, rail route & by road

6. स्थापित एवं प्रस्तावित इकाईयों संबंधी जानकारी –

S. No.	Unit (product)		Existing Operating Plant	Proposed Expansion project	After Expansion project
1	DRI Kilns (Sponge iron)		60,000 TPA (2 x100 TPD)	–	60,000 TPA (2 x100 TPD)
2	Induction Furnace (MS Billet / Ingot)		36,000 TPA (2 x8 T)	1,14,000 TPA (Replacement of 2x8 T with 2x10 T IF & installation of new 2x15MT IF with matching LRF)	1,50,000 TPA (2x10 T & 2x15 T)
3	Rolling mill (Re-rolled product (structural steel/wire rod)		-	1,50,000 TPA (1 x 500 TPD) [1,27,500 TPA through hot charging & 22,500 TPA through Reheating furnace]	1,50,000 TPA (1 x 500 TPD) [1,27,500 TPA through hot charging & 22,500 TPA through Reheating furnace]
4	Power Plant	WHRB	9 MW	-	9 MW
		FBC	2.5 MW	-	2.5 MW

7. **वायु प्रदूषण नियंत्रण व्यवस्था** – वर्तमान में इण्डक्शन फर्नेस में वायु प्रदूषण नियंत्रण हेतु फ्यूम एक्सट्रेक्शन सिस्टम के साथ बैग फिल्टर एवं 2 नग 35 मीटर ऊंची चिमनी स्थापित है। क्षमता विस्तार के पश्चात् इण्डक्शन फर्नेस में फ्यूम एक्सट्रेक्शन सिस्टम (कनोपी हुड) के साथ बैग फिल्टर एवं चिमनी से पार्टिकुलेट मैटर का उत्सर्जन 30 मिलीग्राम/सामान्य घनमीटर से कम रखा जाना प्रस्तावित है। रि-हिटिंग फर्नेस आधारित रोलिंग मिल में वायु प्रदूषण

निस्तारण हेतु स्थान आरक्षित है। प्रस्तावित कार्यकलाप के लिए उपलब्ध भू [illegible] के पारिस्थितिक [illegible] 30 मिलीग्राम/सामान्य घनमीटर से [illegible] 30 मिलीग्राम/सामान्य घनमीटर होना प्रस्तावित है। [illegible] 30 मीटर ऊंची चिमनी उपलब्ध है। [illegible] निस्तारण हेतु [illegible] किया जाएगा।

ii. ठोस अपशिष्ट प्रबंधन व्यवस्था –

S. No.	Waste	Capacity (TPA)		Method of disposal
		Existing	Proposed	
1	Ash from DRI	18,200	-	Is being used in two brick manufacturing units operating in plant premises.
2	Dolochar	27,000	-	Is being used as fuel for FBC based power plant.
3	Kiln Accretion slag	810	-	Is being utilized in road construction & used in two brick manufacturing units operating in plant premises.
4	Wet scraper sludge	4,140	-	Is being utilized in road construction & used in two brick manufacturing units operating in plant premises.
5	SMS Slag	3,600	11,400	Slag from SMS is being crushed and iron is being recovered & remaining non-magnetic material being inert by nature is used as sub base material in road construction/ used in two brick manufacturing units operating in plant premises. The same will be continued even after expansion also.
6	Mill scales from rolling mill	-	3,000	Will be given to near by ferro alloy units.
7	End cutting from rolling mill	-	4,500	Will be recycled back as raw material in induction furnace.
8	Ash from power plant (with 100% Indian coal)	7,518	-	Is being used in two brick manufacturing units operating in plant premises.
	OR			
	Ash from power plant (with 100% imported coal)	1,200	-	Is being used in two brick manufacturing units operating in plant premises.
	OR			
	Ash from power plant (with Dolochar + Indian coal)	17,843	-	Is being used in two brick manufacturing units operating in plant premises.
	OR			
	Ash from power plant (with Dolochar + Imported coal)	10,448	-	Is being used in two brick manufacturing units operating in plant premises.
9	Municipal Solid Waste			
a	Construction debris (generated during construction phase)			Used for land fill within the plant site and Recyclables will be given to authorized recyclers.
b	Canteen waste			Used in composting/ vermiculture, used as manure for greenbelt development.
c	Recyclables			Given to SPCB authorized dealers.

9. जल प्रबंधन व्यवस्था –

- **जल खपत एवं स्त्रोत** – वर्तमान में परियोजना हेतु कुल 960 घनमीटर प्रतिदिन (घरेलू उपयोग हेतु 20 घनमीटर प्रतिदिन एवं औद्योगिक उपयोग हेतु 940 घनमीटर प्रतिदिन) का उपयोग किया जाता है। क्षमता विस्तार उपरांत परियोजना हेतु कुल 1,200 घनमीटर प्रतिदिन (घरेलू उपयोग हेतु 30 घनमीटर प्रतिदिन एवं औद्योगिक उपयोग हेतु 1,170 घनमीटर प्रतिदिन) का उपयोग किया जाना प्रस्तावित है। आवश्यक जल की आपूर्ति हेतु छत्तीसगढ़ इस्पात भूमि लिमिटेड से 12 लाख लीटर (1,200 घनमीटर) प्रतिदिन के लिये अनुमति लिया गया है।

- **जल प्रदूषण नियंत्रण व्यवस्था** – वर्तमान में उत्पन्न दूषित जल की मात्रा 180 घनमीटर प्रतिदिन एवं प्रस्तावित कार्यकलाप के पश्चात् उत्पन्न दूषित जल की कुल मात्रा 178 घनमीटर प्रतिदिन होगी। उत्पन्न दूषित जल का पुनःचक्रण कर उपयोग में लाया जाता है। साथ ही उत्पन्न दूषित जल के उपचार हेतु इफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट की स्थापना की गई है। प्रस्तावित कार्यकलाप के पश्चात् उपरोक्त व्यवस्था अपनाई जाएगी। वर्तमान में घरेलू दूषित जल के उपचार हेतु सेप्टिक टैंक एवं सोकपिट निर्माण किया गया है। घरेलू दूषित जल के उपचार हेतु सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट की स्थापना किया जाना प्रस्तावित है। मैकेनिकल से जनित सिलिकेटिक दूषित जल की स्लज को धूप से सुखाकर स्लैग आधारित सिरेमिक में उपयोग किया जाना प्रस्तावित है। शून्य निस्सारण की स्थिति रखी जाएगी। समिति का मत है कि उत्पन्न औद्योगिक दूषित जल अनुसार इफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट एवं घरेलू दूषित जल अनुसार सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट की व्यवस्था हेतु जानकारी (क्षमता, डिजाइन सहित) प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है।

- **भू-जल उपयोग प्रबंधन** – उद्योग स्थल सेंट्रल ग्राउण्ड वाटर बोर्ड के अनुसार क्रिटिकल जोन में आता है। जिसके अनुसार–

  (अ) वृहद एवं मध्यम उद्योगों को कम से कम 50 प्रतिशत दूषित जल का पुनःचक्रण एवं पुनःउपयोग किया जाना है।
  (ब) ग्राउण्ड वाटर रिचार्ज हेतु अपनाई गई तकनीक तथा रेनवाटर हार्वेस्टिंग / आर्टिफिशियल जल रिचार्ज के आधार पर भू-जल निकाले जाने की अनुमति सेंट्रल ग्राउण्ड वाटर बोर्ड द्वारा दिये जाने का प्रावधान था। उद्योग को रेनवाटर हार्वेस्टिंग व्यवस्था किया जाना आवश्यक है।

- **रेन वॉटर हार्वेस्टिंग व्यवस्था** – उद्योग परिसर में वर्षा जल का कुल रनऑफ 3,884 घनमीटर प्रति घण्टा है। वर्तमान में रेन वॉटर हार्वेस्टिंग व्यवस्था के अंतर्गत 6 नग रिचार्ज पिट (चौड़ाई 2 मीटर, गहराई 6 मीटर) निर्मित किया गया है। प्रस्तावित कार्यकलाप उपरांत कुल 12 नग रिचार्ज पिट (व्यास 4 मीटर, गहराई 8 मीटर) निर्मित किया जाना प्रस्तावित है। प्रस्तावित रेन वॉटर हार्वेस्टिंग व्यवस्था पश्चात् परिसर के पूर्ण रनऑफ को रिचार्ज किया जा सकेगा। सभी रिचार्ज स्ट्रक्चर्स इस प्रकार निर्मित किए जाएंगे कि इनमें समान मात्रा में वर्षा जल का बहाव हो सके।

10. **विद्युत आपूर्ति स्त्रोत** – वर्तमान में परियोजना हेतु 12 मेगावॉट विद्युत की आवश्यकता है। क्षमता विस्तार उपरांत परियोजना हेतु कुल 17 मेगावॉट विद्युत की आवश्यकता होगी जिसमें से 5.5 मेगावॉट विद्युत की आपूर्ति सीएसपीडीसीएल

एवं 11.5 मेगावॉट विद्युत की आपूर्ति कैप्टिव पॉवर प्लांट से किया जाएगा। वैकल्पिक व्यवस्था हेतु डी.जी. सेट की संख्या सहित एवं चिमनी संबंधी जानकारी प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है।

11. **वृक्षारोपण संबंधी जानकारी** – परिसर में 1.72 हेक्टेयर क्षेत्र में वृक्षारोपण किया गया है। प्रस्तावित कार्यकलाप उपरांत हरित पट्टिका के विकास हेतु कुल क्षेत्रफल के 18.4 एकड़ (7.45 हेक्टेयर) 40.08 प्रतिशत क्षेत्र में पौधे रोपित किया जाना प्रस्तावित है। परिसर के चारों तरफ 20 मीटर की चौड़ी ग्रीन पट्टी में एवं समीपस्थ ग्राम की तरफ 40 मीटर की चौड़ी ग्रीन पट्टी में वृक्षारोपण कार्य किया जाएगा। केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के दिशा-निर्देशों के अनुसार प्रति हेक्टेयर 2,500 नग वृक्षारोपण किया जाएगा। समिति का मत है कि प्रस्तावित उद्योग परिसर के चारों ओर एवं उद्योग क्षेत्र के रिक्त स्थान में भी वृक्षारोपण हेतु 5 से 8 फीट ऊंचाई वाले पौधों का रोपण (80 प्रतिशत जीवित दर सहित), सुरक्षा हेतु फेंसिंग, खाद एवं सिंचाई तथा रख-रखाव के लिए 5 वर्षों का बजटवार व्यय का विवरण सहित विस्तृत प्रस्ताव ले-आउट प्लान में दर्शाते हुए प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है। समिति का मत है कि 33 प्रतिशत क्षेत्रफल में पौधे रोपित किया जाना आवश्यक है।

12. **ई.आई.ए. रिपोर्ट का विश्लेषण–**

i. **जल एवं वायु आदि गुणवत्ता संबंधी जानकारी** – मॉनिटरिंग कार्य 01 मार्च, 2021 से 20 जून, 2021 के मध्य किया गया है। 10 किलोमीटर के अंतर्गत 8 स्थानों पर परिवेशीय वायु गुणवत्ता मापन, 8 स्थानों पर भू-जल गुणवत्ता मापन, 8 स्थानों पर ध्वनि स्तर मापन, 2 स्थानों पर सतही जल गुणवत्ता तथा 8 स्थानों पर मिट्टी के नमूने एकत्रित कर विश्लेषण किया गया है।

ii. **परिवेशीय परिणामों के अनुसार पीएम, एसओ$_2$, एनओ$_2$ का सान्द्रण स्तर–**

Concentration level (µg/m³) of criteria pollutants			
Criteria Pollutants	Minimum (µg/m³)	Maximum (µg/m³)	CPCB Standard (µg/m³)
$PM_{2.5}$	30.8	52.6	60
PM_{10}	54.1	87.5	100
SO_2	8.9	25.8	80
NO_2	9.1	33.4	80

iii. **परियोजना स्थल के आसपास जल स्रोतों की गुणवत्ता–** ई.आई.ए. के Chapter-3 Description of environment में दर्शाये गये टेबल अनुसार क्लोराइड्स, नाइट्रेट्स, सल्फेट, कार्बोनेट्स, लेड, आर्सेनिक एवं अन्य रासायनिक तत्वों का सान्द्रण लेवल मानकीय मापक से कम है।

iv. **परिवेशीय ध्वनि स्तर–**

Noise level - dB (A)			
Equivalent Noise level	Minimum dB (A)	Maximum dB (A)	CPCB Standard dB (A)
Day L_{eq}	46.2	58.8	75
Night L_{eq}	38.2	56.9	70

जो उक्त क्षेत्र के निर्धारित मानक स्तर से कम है।

v. **पी.सी.यू. की गणना–** भारी वाहनों / मल्टीएक्सल हैवी वाहनों को सम्मिलित करते हुये ट्रैफिक अध्ययन रिपोर्ट प्रस्तुत की गई है, जिसके अनुसार–

Status	PCU / Day
Before operation of the expansion project	15,960.5
After operation of the Proposed expansion project	17,387.5

विस्तार के उपरांत भी ई–व्हीकल / सेंसरयुक्त के परिवहन हेतु सड़क मार्ग की लोड वहन क्षमता निर्धारित मानक (As per IRC: 73-1980 carrying capacity 20,000 PCU per day for National Highway) के भीतर है।

13. लोक सुनवाई दिनांक 18/04/2022 प्रातः 10:30 बजे स्थान – सीएसआईडीसी भवन के परिसर, औद्योगिक क्षेत्र, फेस–2, सिलतरा, जिला–रायपुर में संपन्न हुई। लोक सुनवाई प्रतिवेदन सदस्य सचिव, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, नवा रायपुर अटल नगर, जिला–रायपुर के पत्र दिनांक 13/06/2022 द्वारा प्रेषित किया गया है।

14. **जनसुनवाई के दौरान मुख्य रूप से निम्न सुझाव/विचार प्रस्तुत किये गये है–**

i. स्थानीय बेरोजगारों को योग्यतानुसार रोजगार प्रदान किया जाए। साथ ही रोड डेवलपमेंट, गांव के विकास, स्कूल, पानी के निकास आदि में भी सहयोग प्रदान किया जाए।

ii. उद्योग के विस्तार से प्रदूषण बहुत अधिक बढ़ता जा रहा है। सड़कों में डस्ट उत्सर्जन अत्यधिक मात्रा में होती है।

iii. उद्योग की वाहनों के आवागमन से आस–पास के सड़क मार्ग प्रभावित होते है, जिससे आम नागरिकों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

iv. उद्योग के अंदर वृक्षारोपण पर विशेष ध्यान देना चाहिए।

लोक सुनवाई के दौरान उठाये गये विभिन्न मुद्दों के निराकरण की दिशा में परियोजना प्रस्तावकों की ओर से उपस्थित प्रतिनिधि/कंसलटेंट का कथन निम्नानुसार है–

i. वर्तमान में उद्योग में लगभग 380 से 400 लोग काम कर रहे है जिनमें से 71 प्रतिशत स्थानीय लोगों को रोजगार दिया गया है। स्थानीय ग्राम के साथ–साथ समीपवर्ती ग्रामों में विकास कार्य किया जाएगा।

ii. उद्योग में प्रदूषण नियंत्रण हेतु बैग फिल्टर की स्थापना की गई है जिससे पर्यावरण प्रभावित न हो। सड़कों की सफाई के लिए मशीन लगा हुआ है एवं वॉटर टैंकर से जल छिड़काव किया जाता है।

iii. क्षतिग्रस्त सड़कों का मरम्मत किया जाएगा। साथ ही सड़कों में वाहनों के आवागमन से होने वाले फ्यूजिटिव डस्ट उत्सर्जन के रोकथाम हेतु जल छिड़काव का कार्य किया जाएगा।

iv. वृक्षारोपण हेतु 30 एकड़ में से 11.50 एकड़ भूमि में पौधे रोपित किये गये है जिसमें लगभग 14,800 पौधे लगे हुए हैं एवं प्रतिवर्ष अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने की कोशिश करते है। पर्यावरण प्रदूषण नियंत्रण एवं वृक्षारोपण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

15. **कॉर्पोरेट पर्यावरणीय दायित्व (C.E.R.)** – परियोजना प्रस्तावक द्वारा सी.ई.आर. (Corporate Environment Responsibility) हेतु समिति के समक्ष विचार के पश्चात् उपरांत निम्नानुसार प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है–

Additional Capital Investment (in Lakh Rupees)	Percentage of Capital Investment to be Spent	Amount for CER Activities (in Lakh Rupees)	Amount Proposed & Details for CER Activities (in Lakh Rupees)	
			Particulars	CER Fund Allocation (in Lakh Rupees)
2700	1%	27	Following activities at **Village Bhaismuda**	
			Eco-Park Nirman	28.26
			Total	**28.26**

सी.ई.आर. के अंतर्गत "ईको पार्क निर्माण" हेतु प्रस्तुत प्रस्ताव अनुसार 3,500 नग पौधों के लिए राशि 7,17,500 रूपये, फेंसिंग के लिए राशि 6,00,000 रूपये, खाद एवं सिंचाई के लिए राशि 1,75,000 रूपये, रख-रखाव के लिए राशि 1,84,250 रूपये, इस प्रकार प्रथम वर्ष में कुल राशि 16,66,750 रूपये तथा आगामी 4 वर्षों में कुल राशि 11,69,250 रूपये हेतु पंचवर्षीय व्यय का विवरण प्रस्तुत किया गया है। सी.ई.आर. के तहत् ईको पार्क निर्माण हेतु ग्राम पंचायत भैंसमुड़ा के सहमति उपरांत प्रस्तावित स्थान (खसरा क्रमांक 22/3(डी), क्षेत्रफल 2.5 हेक्टेयर) के संबंध में जानकारी प्रस्तुत की गई है। समिति का मत है कि सी.ई.आर. के तहत् कुल लागत के 2 प्रतिशत अनुसार प्रस्ताव (डी.पी.आर.) प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है। साथ ही ईको पार्क निर्माण के अतिरिक्त प्रस्तावित ग्राम में किये जाने वाले कार्यों का विस्तृत प्रस्ताव (डी.पी.आर.) प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है।

समिति द्वारा प्रस्तावक कंपनी को निम्नानुसार निर्देश दिया गया था:-

1. भूमि स्वामित्व/भूमि आवंटन संबंधी दस्तावेज प्रमाणपत्र सहित प्रस्तुत किया जाए।
2. उत्पन्न औद्योगिक दूषित जल अनुसार इफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट एवं घरेलू दूषित जल अनुसार सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट की व्यवस्था हेतु जानकारी (क्षमता, ड्राइंग सहित) प्रस्तुत किया जाए।
3. स्थापित इकाई एवं प्रस्तावित कार्यक्षमता उपरांत उत्पादन की दशा में कुल प्रदूषण भार की गणना कर (जल उपयोग की मात्रा, दूषित जल की मात्रा/गुणवत्ता, प्रदूषकों के उत्सर्जन की मात्रा एवं उत्पन्न ठोस अपशिष्टों की मात्रा) जानकारी प्रस्तुत किया जाए।
4. विद्युतिक व्यवस्था हेतु डी.जी. सेट की संख्या सहित एवं चिमनी संबंधी जानकारी प्रस्तुत की जाए।
5. उद्योग में काम करने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों की संख्या संबंधी जानकारी प्रस्तुत किया जाए।
6. उद्योग परिसर के चारों ओर एवं उद्योग क्षेत्र के रिक्त स्थान में भी अर्थात् 33 प्रतिशत क्षेत्र में वृक्षारोपण हेतु 5 से 6 फीट ऊंचाई वाले पौधों का रोपण (80 प्रतिशत जीवन दर सहित), सुरक्षा हेतु फेंसिंग, खाद एवं सिंचाई तथा रख-रखाव के लिए 5 वर्षों का पंचवर्षीय व्यय का विवरण सहित विस्तृत प्रस्ताव ले-आउट प्लान में दर्शाते हुए प्रस्तुत किया जाए।
7. वर्तमान में स्थापित इकाईयों हेतु छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा जारी सम्मति शर्तों के पालन में प्रस्तुत पालन प्रतिवेदन अनुसार शर्त क्रमांक 8 के

अपूर्ण पालन का पूर्ण पालन करने के संबंध में कार्ययोजना एवं जानकारी प्रस्तुत किया जाए।

8. सी.ई.आर. के तहत् कुल लागत के 2 प्रतिशत अनुसार प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाए। साथ ही ईको पार्क निर्माण के लिए विस्तृत प्रस्ताव (डी.पी.आर.), के अतिरिक्त प्रस्तावित प्रस्ताव में किये जाने वाले कार्य का विस्तृत प्रस्ताव (डी.पी. आर.) प्रस्तुत किया जाए।

9. उद्योग परिसर के अंदर सघन वृक्षारोपण किये जाने एवं रोपित पौधों का सरवाईवल रेट (Survival rate) कम से कम 80 प्रतिशत सुनिश्चित किये जाने बावत् शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया जाए।

10. छत्तीसगढ़ आदर्श पुनर्वास नीति के तहत् स्थानीय लोगों को समस्त रोजगार दिये जाने हेतु शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया जाए।

11. जनसुनवाई के दौरान विभिन्न मुद्दों के निराकरण की दिशा में परियोजना प्रस्तावक द्वारा ग्रामीणों के समक्ष दिये गये आश्वासन को पूरा करने हेतु शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया जाए।

12. परियोजना प्रस्तावक द्वारा अंडरटेकिंग (Undertaking) प्रस्तुत किया जाए कि उनके विरूद्ध इस परियोजना/खदान से संबंधित कोई न्यायालयीन प्रकरण देश के अंतर्गत किसी भी न्यायालय में लंबित नहीं है।

13. परियोजना प्रस्तावक द्वारा अंडरटेकिंग (Undertaking) प्रस्तुत किया जाए कि उसके विरूद्ध भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना का.आ. 804(अ), दिनांक 14/03/2017 के अंतर्गत कोई उल्लंघन का प्रकरण लंबित नहीं है।

14. वर्तमान में स्थापित इकाईयों हेतु छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा जारी सम्मति शर्तों के पालन में की गई कार्यवाही की बिन्दुवार शर्तों का पूर्ण पालन किये जाने बावत् शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया जाए।

उपरोक्त वांछित जानकारी/दस्तावेज प्राप्त होने पश्चात आगामी कार्यवाही की जाएगी।

तदानुसार एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के ज्ञापन दिनांक 21/03/2023 के परिपेक्ष्य में परियोजना प्रस्तावक द्वारा दिनांक 21/04/2023 को जानकारी/दस्तावेज प्रस्तुत किया गया।

(ख) समिति की 462वीं बैठक दिनांक 11/05/2023:

समिति द्वारा नस्ती, प्रस्तुत जानकारी का अवलोकन एवं परीक्षण करने पर निम्न स्थिति पाई गई–

1. भूमि स्वामित्व/भूमि आवंटन संबंधी दस्तावेज यथावश्यक सहित प्रस्तुत किया गया है।

2. **जल प्रदूषण नियंत्रण व्यवस्था** – औद्योगिक प्रक्रिया से दूषित जल उत्पन्न होता है। कूलिंग उपरांत प्राप्त दूषित जल को ठंडा कर पुनः कूलिंग हेतु उपयोग में लाया जाता है। यही व्यवस्था प्रस्तावित कार्यकलाप हेतु अपनाई जाएगी। पॉवर प्लांट से जनित दूषित जल के उपचार हेतु इफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट की व्यवस्था की गई है। वर्तमान में घरेलू दूषित जल के उपचार हेतु सेप्टिक टैंक एवं सोकपिट निर्माण किया गया है। प्रस्तावित कार्यकलाप उपरांत घरेलू दूषित जल

के उपचार हेतु एस.बी.आर. तकनीक आधारित सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट क्षमता 25 घनमीटर प्रतिदिन की स्थापना किया गया है। यही व्यवस्था प्रस्तावित कार्यकलाप हेतु अपनाई जाएगी। गैसीफायर से जनित फिनोलिक वेस्ट वाटर को डी.आर.आई. किल्न के आफ्टर बर्निंग चेम्बर में जलाये जाने का प्रस्ताव है। शून्य निस्त्राव की स्थिति रखी जाती है।

3. **प्रदूषण भार संबंधी जानकारी** – वर्तमान में स्थापित स्पंज आयरन किल्न से पार्टिकुलेट मैटर 50 मिलीग्राम/सामान्य घनमीटर से कम सुनिश्चित किये जाने से उत्सर्जन की मात्रा 28 टन प्रतिवर्ष एवं सल्फर डाईऑक्साईड उत्सर्जन की मात्रा 621.84 टन प्रतिवर्ष है। वर्तमान में स्थापित इण्डक्शन फर्नेस से उत्पादन की दशा में पार्टिकुलेट मैटर 50 मिलीग्राम/सामान्य घनमीटर से कम सुनिश्चित किये जाने से उत्सर्जन की मात्रा 8.18 टन प्रतिवर्ष है तथा स्थापित एफ.बी.सी. आधारित पॉवर प्लांट से पार्टिकुलेट मैटर 50 मिलीग्राम/सामान्य घनमीटर से कम सुनिश्चित किये जाने से उत्सर्जन की मात्रा 48.6 टन प्रतिवर्ष एवं सल्फर डाईऑक्साईड उत्सर्जन की मात्रा 162.0 टन प्रतिवर्ष है। इस प्रकार स्थापित इकाई से कुल पार्टिकुलेट मैटर उत्सर्जन की मात्रा 84.78 टन प्रतिवर्ष एवं सल्फर डाईऑक्साईड उत्सर्जन की मात्रा 783.84 टन प्रतिवर्ष है।

प्रस्तावित कार्यकलाप उपरांत स्थापित इण्डक्शन फर्नेस (2x8 टन) के स्थान पर प्रस्तावित इण्डक्शन फर्नेस (2x10 टन) से उत्पादन की दशा में पार्टिकुलेट मैटर 30 मिलीग्राम/सामान्य घनमीटर से कम सुनिश्चित किये जाने से उत्सर्जन की मात्रा 19.952 टन प्रतिवर्ष होगा तथा नवीन इण्डक्शन फर्नेस (2x15 टन) से उत्पादन की दशा में पार्टिकुलेट मैटर 30 मिलीग्राम/सामान्य घनमीटर से कम सुनिश्चित किये जाने से उत्सर्जन की मात्रा 20.736 टन प्रतिवर्ष होगा। प्रस्तावित री-हीटिंग फर्नेस आधारित रोलिंग मिल से उत्पादन की दशा में पार्टिकुलेट मैटर 30 मिलीग्राम/सामान्य घनमीटर से कम सुनिश्चित किये जाने से उत्सर्जन की मात्रा 6.221 टन प्रतिवर्ष एवं सल्फर डाईऑक्साईड उत्सर्जन की मात्रा 216.136 टन प्रतिवर्ष होगा। स्थापित स्पंज आयरन किल्न एवं स्थापित एफ.बी.सी. आधारित पॉवर प्लांट से पार्टिकुलेट मैटर उत्सर्जन एवं सल्फर डाईऑक्साईड उत्सर्जन की मात्रा में कोई परिवर्तन प्रस्तावित नहीं है। इस प्रकार प्रस्तावित कार्यकलाप उपरांत कुल पार्टिकुलेट मैटर उत्सर्जन की मात्रा 123.509 टन प्रतिवर्ष एवं सल्फर डाईऑक्साईड उत्सर्जन की मात्रा 999.976 टन प्रतिवर्ष होगा।

समिति द्वारा पाया गया कि प्रस्तावित क्षेत्र सिलतरा औद्योगिक क्षेत्रान्तर्गत है, जिसके कारण माननीय एन.जी.टी. के आदेश दिनांक 13/07/2018 एवं दिनांक 23/08/2018 के अनुक्रम में छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल द्वारा कार्यालय आदेश जारी किया गया है। जिसके अनुसार "For expansion and diversification activity, the pollution load shall not exceed the existing load for which consent has been granted." जारी किया गया है। परियोजना प्रस्तावक द्वारा स्थापित इकाई से क्षमता विस्तार उपरांत प्रस्तुत प्रदूषण भार की गणना अनुपात आधारित की गई है। इस संबंध में समिति का मत है कि प्रस्तुत प्रदूषण भार की गणना अनुसार विचार किया जाना संभव नहीं है। अतः पार्टिकुलेट मैटर उत्सर्जन एवं सल्फर डाईऑक्साईड उत्सर्जन की मात्रा में कमी करते हुए पुनः प्रदूषण भार की गणना कर प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है।

4. विद्युतीय व्यवस्था हेतु 2 नग 750 के.वी.ए. एकॉस्टिक इन्क्लोजर में स्थापित है, जिसकी चिमनी की ऊंचाई बिल्डिंग की ऊंचाई से 3.5 मीटर अधिक है। किया जाना प्रस्तावित है।

5. उद्योग में कार्य करने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों की संख्या संबंधी जानकारी प्रस्तुत किया गया है।

6. परियोजना प्रस्तावक द्वारा बताया गया कि पूर्व में प्रस्तुत प्रस्ताव में कुल क्षेत्रफल का 40.26 प्रतिशत में वृक्षारोपण प्रस्तावित किया गया था। वर्तमान में पुनः उद्योग परिसर का परीक्षण उपरांत कुल क्षेत्रफल के 42.6 प्रतिशत क्षेत्र में वृक्षारोपण किये जाने हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है। जिसके तहत् प्रस्तुत प्रस्ताव अनुसार पौधों के लिए राशि 6,15,000 रूपये, सिंचाई तथा खाद के लिए राशि 1,30,000 रूपये, रख-रखाव के लिए राशि 1,84,280 रूपये, इस प्रकार प्रथम वर्ष में कुल राशि 9,29,280 रूपये एवं आगामी 4 वर्ष हेतु कुल राशि 19,81,013.23 रूपये पंचवर्षीय व्यय का विवरण प्रस्तुत किया गया है।

7. परियोजना प्रस्तावक द्वारा स्वीकृति शर्तों के अपूर्ण पालन (स्थापित इण्डक्शन फर्नेस में सी.ई.एम.एस. की स्थापना नहीं करने) का पूर्ण पालन करने के संबंध में बताया गया कि नियमानुसार इण्डक्शन फर्नेस में सी.ई.एम.एस. की स्थापना किया जाना अनिवार्य नहीं है। अन्य इकाई जैसे कि स्थापित स्पंज आयरन एवं एफ.बी.सी. आधारित पॉवर प्लांट में सी.ई.एम.एस. की स्थापना की गई है। प्रस्तावित कार्यकलाप उपरांत इण्डक्शन फर्नेस एवं री-हीटिंग फर्नेस रोलिंग मिल में सी.ई.एम.एस. की स्थापना प्रस्तावित है।

8. परियोजना प्रस्तावक द्वारा सी.ई.आर. (Corporate Environment Responsibility) हेतु आवेदन किया होने के कारण पूर्व में सी.ई.आर. के तहत् प्रस्तुत कुल लागत का 1 प्रतिशत प्रस्ताव (26.26 लाख) को मान्य किये जाने का अनुरोध किया गया है। समिति का मत है कि प्रस्तावित परियोजना समिति के समक्ष पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु प्रथम बार लायी जाने के कारण सी.ई.आर. के तहत् कुल लागत के 2 प्रतिशत अनुसार प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है। साथ ही ईको पार्क निर्माण के लिए विस्तृत प्रस्ताव (डी.पी.आर.) के अतिरिक्त प्रस्तावित स्कूल में किये जाने वाले कार्य का विस्तृत प्रस्ताव (डी.पी.आर.) प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है।

9. उद्योग परिसर के अंदर सघन वृक्षारोपण किये जाने एवं रोपित पौधों का सरवाईवल रेट (Survival rate) कम से कम 80 प्रतिशत सुनिश्चित किये जाने बाबत् शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है।

10. छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार स्थानीय लोगों को समस्त रोजगार दिये जाने हेतु शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है।

11. जनसुनवाई के दौरान विभिन्न मुद्दों के निराकरण की दिशा में परियोजना प्रस्तावक द्वारा ग्रामीणों के समक्ष दिये गये आश्वासन को पूरा करने हेतु शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है।

12. परियोजना प्रस्तावक द्वारा शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है कि उनके विरूद्ध इस परियोजना/स्थल से संबंधित कोई न्यायालयीन प्रकरण देश के अंतर्गत किसी भी न्यायालय में लंबित नहीं है।

13. परियोजना प्रस्तावक द्वारा शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है कि उसके विरूद्ध भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना का.आ. 804(अ), दिनांक 14/03/2017 के अंतर्गत कोई उल्लंघन का प्रकरण लंबित नहीं है।

14. वर्तमान में स्थापित इकाईयों हेतु छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा जारी सम्मति शर्तों के पालन में की गई कार्यवाही की बिन्दुवार शर्तों का पूर्ण पालन किये जाने बाबत् शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है।

समिति द्वारा विचार विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से निम्नानुसार निर्णय लिया गया–

1. पार्टिकुलेट मैटर उत्सर्जन एवं सल्फर डाईऑक्साईड उत्सर्जन की मात्रा में कमी करते हुए पुनः प्रदूषण भार की गणना कर प्रस्तुत किया जाए।
2. ईको पार्क निर्माण के लिए विस्तृत प्रस्ताव (डी.पी.आर.), के अतिरिक्त प्रस्तावित प्लाण्ट में किये जाने वाले कार्यों का विस्तृत प्रस्ताव (डी.पी.आर.) प्रस्तुत किया जाए।

उपरोक्त वांछित जानकारी/दस्तावेज प्राप्त होने उपरांत आगामी कार्यवाही की जाएगी।

परियोजना प्रस्तावक को तदानुसार सूचित किया जाए।

15. मेसर्स पुष्प स्टील्स एण्ड माईनिंग (प्रा.) लिमिटेड, ग्राम–हाहालद्दी, तहसील–भानुप्रतापपुर, जिला–कांकेर (सचिवालय का नस्ती क्रमांक 1827)

ऑनलाईन आवेदन – प्रपोजल नम्बर – एसआईए/सीजी/एमआईएन/72046/2022, दिनांक 07/02/2022 द्वारा टी.ओ.आर. हेतु आवेदन किया गया है।

प्रस्ताव का विवरण – परियोजना प्रस्तावक द्वारा ग्राम–हाहालद्दी, तहसील–भानुप्रतापपुर, जिला–कांकेर स्थित [illegible], कुल क्षेत्रफल – 88 हेक्टेयर में क्षमता विस्तार के तहत् आयरन ओर माईन्स (मुख्य खनिज), एवं क्रशर एण्ड स्क्रीनिंग प्लान्ट क्षमता – 0.4 मिलियन टन प्रतिवर्ष से 1.2 मिलियन टन प्रतिवर्ष एवं न्यू आयरन ओर बेनिफिसिएशन (ड्राई/ वेट) क्षमता – 0.96 मिलियन टन प्रतिवर्ष के टी.ओ.आर. हेतु आवेदन किया गया है। परियोजना का कुल विनियोजन लागत 88 करोड़ होगी।

तदानुसार परियोजना प्रस्तावक को एस.ई.ए.सी. छत्तीसगढ़ के ज्ञापन दिनांक 09/05/2022 द्वारा प्रस्तुतीकरण हेतु सूचित किया गया।

बैठकों का विवरण –

(अ) समिति की 403वीं बैठक दिनांक 13/05/2022:

प्रस्तुतीकरण हेतु श्री सुरेन्द्र कुमार जैन, अधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित हुए। परियोजना प्रस्तावक द्वारा अनुरोध किया गया कि वांछित जानकारी अपूर्ण होने के कारण से समिति के समक्ष आज बैठक में प्रस्तुतीकरण दिया जाना संभव नहीं है। अतः आगामी आयोजित बैठक में समय प्रदान करने हेतु अनुरोध किया गया है।

समिति द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया था कि परियोजना प्रस्तावक को पूर्व में चाही गई वांछित जानकारी एवं समस्त सुसंगत जानकारी / दस्तावेज सहित प्रस्तुतीकरण किये जाने हेतु निर्देशित किया जाए।

तदानुसार परियोजना प्रस्तावक को एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के ज्ञापन दिनांक 21/07/2022 द्वारा प्रस्तुतीकरण हेतु सूचित किया गया।

(अ) समिति की [illegible] बैठक दिनांक 26/07/2022

प्रस्तुतीकरण हेतु श्री सुरेन्द्र कुमार जैन, पार्टनर (प्रोजेक्ट) उपस्थित हुए। समिति द्वारा नस्ती, प्रस्तुत जानकारी का अवलोकन एवं परीक्षण करने पर निम्न स्थिति पाई गई:-

1. **पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति संबंधी विवरण:-**
   i. पूर्व में [illegible] माईन (चूना पत्थर), [illegible], कुल क्षेत्रफल – 60 हेक्टेयर, उत्खनन क्षमता – 0.4 मिलियन टन प्रतिवर्ष हेतु पर्यावरणीय स्वीकृति भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा दिनांक 28/01/2008 को जारी की गई।
   ii. परियोजना प्रस्तावक द्वारा पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति के शर्तों के पालन में की गई कार्यवाही की जानकारी प्रस्तुत की गई है। समिति का मत है कि परियोजना प्रस्तावक द्वारा एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार, रायपुर से पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति का पालन प्रतिवेदन प्राप्त कर प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है।
   iii. कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा), जिला-[illegible] के ज्ञापन क्रमांक/124/खनिज/2022-23 [illegible], दिनांक 13/05/2022 के अनुसार विगत वर्षों में किये गये उत्खनन का विवरण निम्नानुसार है:-

वर्ष	वास्तविक उत्खनन (मि.टन)
2017-18	निरंक
2018-19	79,000
2019-20	79,300
2020-21	84,800
2021-22	2,72,400
2022-23 (मिड अप्रैल)	14,800

2. छत्तीसगढ़ शासन वन विभाग, [illegible] मंत्रालय, रायपुर के पृ. ज्ञापन क्रमांक एफ-5-60/08/10-3 रायपुर, दिनांक 21/07/2009 से जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र अनुसार "[illegible] खनिज उत्खनन के गैर वानिकी कार्य हेतु [illegible] की अनुमति प्रदान करता है।" का उल्लेख है।
3. **ग्राम पंचायत का अनापत्ति प्रमाण पत्र** – उत्खनन के संबंध में ग्राम पंचायत [illegible] का दिनांक 12/08/2008, ग्राम पंचायत [illegible] का दिनांक 16/08/2008 एवं ग्राम पंचायत [illegible] का दिनांक 12/08/2008 का अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण की स्वीकृति हेतु ग्राम पंचायत अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है।
4. **उत्खनन योजना** – [illegible] प्लान प्रस्तुत किया गया है, जो क्षेत्रीय खान नियंत्रक, भारतीय खान ब्यूरो, रायपुर के ज्ञापन क्रमांक/[illegible]-1268/2020 रायपुर, दिनांक 20/08/2021 द्वारा अनुमोदित है।
5. **200 मीटर की परिधि में स्थित सार्वजनिक क्षेत्र/संरचनाएं** – कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा), के आवेदित खदान से 200 मीटर की परिधि में कोई भी

सांस्कृतिक क्षेत्र जैसे मंदिर, मस्जिद, मजार, स्कूल, अस्पताल, पुल, बांध, एनीकट, राष्ट्रीय राजमार्ग, राज्यमार्ग एवं जल आपूर्ति स्रोत आदि प्रतिबंधित क्षेत्र स्थित होने अथवा नहीं? होने के संबंध में जानकारी/ शपथपत्र प्रस्तुत नहीं की गई है।

6. **लीज का विवरण** – लीज क्षेत्र मेसर्स पुष्प स्टील्स एण्ड माईनिंग (प्रा.) लिमिटेड के नाम पर है। छत्तीसगढ़ शासन, खनिज साधन विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन के ज्ञापन क्रमांक एफ 3-92/2003/12 नवा रायपुर, दिनांक 06/01/2017 द्वारा मेसर्स पुष्प स्टील्स एण्ड माईनिंग प्रा. लि. के पक्ष में जिला–उत्तर बस्तर कांकेर, वनमण्डल पूर्व भानुप्रतापपुर, तहसील दुर्गुकोंदल स्थित वन कक्ष क्रमांक 355 से 358 के कुल रकबा 215 हेक्टेयर क्षेत्र पर 50 वर्ष की अवधि के लिए खनिज लौह अयस्क का खनिपट्टा स्वीकृत किया गया है तथा स्वीकृत माईनिंग लीज क्षेत्र 215 हेक्टेयर में से 88 हेक्टेयर (सेफ्टी जोन एरिया सहित) क्षेत्र का खनिपट्टा अनुबंध (लीज डीड) का निष्पादन किया गया है।

7. **वन विभाग का अनापत्ति प्रमाण पत्र** – लीज सीमा से निकटतम वन क्षेत्र की वास्तविक दूरी संबंधी जानकारी हेतु वन विभाग से जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र की प्रति प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है। साथ ही लीज क्षेत्र से निकटतम अभयारण्य/राष्ट्रीय उद्यान/ईको सेंसेटिव जोन की दूरी का उल्लेख किया जाना आवश्यक है।

8. **डिस्ट्रिक्ट सर्वे रिपोर्ट** – वर्ष 2019 की डिस्ट्रिक्ट सर्वे रिपोर्ट (District Survey Report) की प्रति प्रस्तुत की गई है।

9. **महत्वपूर्ण संरचनाओं की दूरी** – निकटतम आबादी ग्राम–दुर्गुकोंदल 8.15 कि.मी. एवं रेलवे स्टेशन केवटी 3.2 कि.मी. की दूरी पर स्थित है। राष्ट्रीय राजमार्ग 12 कि.मी. दूर है। खारी नदी 430 मीटर दूर है।

10. **पारिस्थितिकीय/जैवविविधता संवेदनशील क्षेत्र** – परियोजना प्रस्तावक द्वारा 10 कि.मी. की परिधि में अंतर्राज्यीय सीमा, राष्ट्रीय उद्यान, अभयारण्य, केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा घोषित क्रिटिकली पॉल्यूटेड एरिया, पारिस्थितिकीय संवेदनशील क्षेत्र या घोषित जैवविविधता क्षेत्र स्थित नहीं होना प्रतिवेदित किया है।

11. **खनन संरचना एवं खनन का विवरण** – अनुमोदित खदान प्लान अनुसार जियोलॉजिकल रिजर्व 61,60,548 टन एवं माईनेबल रिजर्व 52,50,377 टन है। लीज की 7.5 मीटर चौड़ी सीमा पट्टी (उत्खनन के लिए प्रतिबंधित क्षेत्र) का क्षेत्रफल 6.2 हेक्टेयर (3,87,793 टन) है। ओपन कास्ट फुली मेकेनाइज्ड विधि से उत्खनन किया जाता है। बेंच की ऊंचाई 6 मीटर एवं चौड़ाई 20 मीटर है। खदान की संभावित आयु 7 वर्ष है। लीज क्षेत्र में क्रशर स्थापित किया जाना प्रस्तावित है। ड्रिलिंग, हाईड्रोलिक एक्सकेवेटर एवं कंट्रोल्ड ब्लास्टिंग किया जाता है। खदान में वायु प्रदूषण नियंत्रण हेतु जल का छिड़काव किया जाता है। वर्षवार प्रस्तावित उत्खनन का विवरण निम्नानुसार है–

वर्ष	प्रस्तावित उत्खनन (टन)
2021–22	2,99,103
2022–23	6,49,484
2023–24	7,49,716

2024-25	8,76,264
2025-26	9,02,290

12. **जल आपूर्ति** – परियोजना हेतु आवश्यक जल की मात्रा 80 घनमीटर प्रतिदिन होती है। जल की आपूर्ति भू-जल के माध्यम से की जाती है। परियोजना हेतु आवश्यक जल की आपूर्ति हेतु सेन्ट्रल ग्राउण्ड वॉटर अथॉरिटी से 40 घनमीटर प्रतिदिन के लिए दिनांक 31/01/2022 से 30/01/2024 तक अनुमति प्राप्त की गई है। शेष जल की आपूर्ति हेतु सक्षम प्राधिकारी से अनुमति प्राप्त किया जाना आवश्यक है।
13. **वृक्षारोपण कार्य** – लीज क्षेत्र की सीमा से चारों ओर 7.5 मीटर की पट्टी में 6,000 नग वृक्षारोपण किया जाएगा।
14. **खदान की 7.5 मीटर की चौड़ी सीमा पट्टी में उत्खनन** – लीज क्षेत्र के चारों ओर 7.5 मीटर की सीमा पट्टी में उत्खनन कार्य नहीं किया गया है।
15. **विद्युत खपत एवं स्त्रोत** – परियोजना हेतु 1,200 के.वी.ए. विद्युत की आवश्यकता है, जिसकी आपूर्ति छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी से की जाएगी। वैकल्पिक व्यवस्था हेतु 1,250 के.वी.ए. का डी.जी. सेट स्थापित किया जाएगा। डी.जी. सेट को एकॉस्टिक इनक्लोजर में स्थापित किया जाएगा।
16. प्रस्तुतिकरण के दौरान परियोजना प्रस्तावक द्वारा बताया गया कि खदान के लिए बेसलाईन डाटा कलेक्शन का कार्य दिनांक 01/10/2021 से दिनांक 31/12/2021 तक किया गया।
17. समिति का मत है कि लीज क्षेत्र की सीमा से चारों ओर 7.5 मीटर की पट्टी एवं प्रस्तावित वृक्षारोपण को के.एम.एल. फाईल में दर्शाते हुये प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है।
18. समिति का मत है कि संबंधित वनमण्डलाधिकारी द्वारा जारी इस आशय का प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है कि उक्त खनन कार्य से स्टेज-1 तथा स्टेज-2 में दिये गये शर्तों का उल्लंघन हुआ है अथवा नहीं हुआ है ?

समिति द्वारा उपरोक्त कार्यवाही के निम्नानुसार निर्णय लिया गया था:-

1. पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति का पालन प्रतिवेदन एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय, भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय से मंगाये जाने हेतु पत्र लेख किया जाए।
2. वन संरक्षण अधिनियम, 1980 के अंतर्गत स्टेज-1 एवं स्टेज-2 स्वीकृति आदेश की पठनीय प्रति प्रस्तुत की जाए।
3. परियोजना प्रस्तावक द्वारा पूर्व में प्रस्तुत वन्य प्राणी संरक्षण योजना (अनुमोदित) की प्रति प्रस्तुत की जाए।
4. क्रशर की स्थापना हेतु ग्राम पंचायत का अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया जाए।
5. क्रशर की क्षमता, लोकेशन आदि संबंधी जानकारी प्रस्तुत की जाए। साथ ही क्रशर से होने वाले फिजिटिव डस्ट उत्सर्जन को कम करने हेतु अपनाये जाने वाले उपकरणों की जानकारी प्रस्तुत किया जाए।
6. वर्तमान ले-आउट प्लान (माईनिंग क्षेत्र, क्रशर क्षेत्र, बेनिफिसिएशन क्षेत्र, नॉन माईनिंग क्षेत्र, सिविल/ऑफिस क्षेत्र, सेफ्टी जोन क्षेत्र एवं अन्य घटकों को के.एम.एल. फाईल में दर्शाते हुये) प्रस्तुत किया जाए। इसी प्रकार क्षमता विस्तार हेतु प्रस्तावित ले-आउट प्लान के.एम.एल. फाईल सहित प्रस्तुत की जाए।

7. लीज क्षेत्र की सीमा से चारों ओर 7.5 मीटर की पट्टी एवं प्रस्तावित वृक्षारोपण को के.एम.एल. फाईल में दर्शाते हुये प्रस्तुत किया जाए।
8. संबंधित वनमण्डलाधिकारी द्वारा जारी इस आशय का प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया जाए कि उक्त खनन कार्य से स्टेज–1 तथा स्टेज–2 में दिये गये शर्तों का उल्लंघन हुआ है अथवा नहीं हुआ है?
9. लीज सीमा से निकटतम वन क्षेत्र, निकटतम अभयारण्य/राष्ट्रीय उद्यान/ईको सेंसेटिव जोन की दूरी का उल्लेख करते हुए वन विभाग से जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया जाए।
10. परियोजना प्रस्तावक द्वारा इस आशय का शपथ पत्र प्रस्तुत किया जाए कि उनके विरूद्ध इस परियोजना/खदान से संबंधित कोई न्यायालयीन प्रकरण देश के अंतर्गत किसी भी न्यायालय में लंबित नहीं है।
11. परियोजना प्रस्तावक द्वारा इस आशय का नोटरी से सत्यापित शपथ पत्र प्रस्तुत किया जाए कि उनके विरूद्ध भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना का.आ. 804(अ), दिनांक 14/03/2017 के अंतर्गत कोई उल्लंघन का प्रकरण लंबित नहीं है।

उपरोक्त वांछित जानकारी/दस्तावेज प्राप्त होने उपरांत आगामी कार्यवाही की जावेगी।

तदानुसार एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के ज्ञापन दिनांक 08/08/2022 के परिपेक्ष्य में परियोजना प्रस्तावक द्वारा जानकारी/दस्तावेज दिनांक 03/11/2022 को प्रस्तुत किया गया है।

(स) समिति की 432वीं बैठक दिनांक 18/11/2022

समिति द्वारा नस्ती, प्रस्तुत जानकारी का अवलोकन एवं परीक्षण करने पर निम्न स्थिति पाई गई–

1. पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति का पालन प्रतिवेदन एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय, भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय से प्राप्त करने के संबंध में परियोजना प्रस्तावक का कथन है कि उनके द्वारा छःमाहीय पालन प्रतिवेदन प्रत्येक 6 माह में एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय, भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को प्रेषित किया जाता है। वर्तमान में दिनांक 13/07/2022 को क्षेत्रीय कार्यालय, भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को छःमाहीय पालन प्रतिवेदन प्रेषित किये जाने की जानकारी दी गई है। समिति का मत है कि एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय, भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नवा रायपुर अटल नगर से प्राप्त कर प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है।
2. वन संरक्षण अधिनियम, 1980 के अंतर्गत स्टेज–1 स्वीकृति आदेश दिनांक 18/12/2008 एवं स्टेज–2 स्वीकृति आदेश दिनांक 08/08/2009 की सत्यापित प्रति प्रस्तुत की गई है।
3. परियोजना प्रस्तावक द्वारा वन्य प्राणी संरक्षण योजना तैयार की गई है। समिति का मत है कि उक्त तैयार वन्य प्राणी संरक्षण योजना का अनुमोदन प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्य प्राणी) से अनुमोदित करवाकर प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है।
4. खनन की स्वीकृति हेतु ग्राम पंचायत का अनापत्ति प्रमाण पत्र के संबंध में परियोजना प्रस्तावक का कथन है कि पूर्व में प्रस्तुत ग्राम पंचायत अनापत्ति

प्रमाण पत्र में "स्वीकृत क्षेत्र में खनन से संबंधित एवं उसके परिवहन से संबंधित जो-जो भी कार्य स्थाई एवं अस्थाई रूप से किया जाएगा" का उल्लेख है।

5. लीज क्षेत्र के भीतर 1.4 हेक्टेयर क्षेत्र में 400 टन प्रतिघंटा क्षमता का क्रशर स्थापित किया जाना प्रस्तावित है। प्रस्तावित क्रशर में फ्यूजिटिव डस्ट उत्सर्जन के नियंत्रण हेतु वॉटर स्प्रिंकलिंग सिस्टम प्रस्तावित है।

6. खनन ले-आउट प्लान (माईनिंग क्षेत्र, क्रशर क्षेत्र, बेनिफिसिएशन क्षेत्र, नॉन माईनिंग क्षेत्र, सिविल/ऑफिस क्षेत्र, सेफ्टी जोन क्षेत्र एवं अन्य घटकों को के.एम.एल. फाईल में दर्शाते हुये) प्रस्तुत किया गया है। इसी प्रकार क्रशर स्थापना हेतु प्रस्तावित ले-आउट प्लान के.एम.एल. फाईल सहित प्रस्तुत किया गया है।

7. लीज क्षेत्र की सीमा में चारों ओर 7.5 मीटर की पट्टी एवं प्रस्तावित वृक्षारोपण को के.एम.एल. फाईल में दर्शाते हुये प्रस्तुत किया गया है।

8. वनमण्डलाधिकारी भानुप्रतापपुर द्वारा जारी खनन कार्य के स्टेज-1 तथा स्टेज-2 में दिये गये शर्तों का उल्लंघन नहीं हुआ है बाबत् प्रमाण पत्र वर्ष 2008 का प्रस्तुत किया गया है। समिति का मत है कि उक्त के संबंध में अद्यतन प्रमाण पत्र वन विभाग से प्राप्त कर प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है।

9. लीज सीमा से निकटतम वन क्षेत्र, निकटतम अभयारण्य/राष्ट्रीय उद्यान/ईको सेंसेटिव जोन की दूरी का उल्लेख करते हुए वन विभाग से जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं किया गया है। समिति का मत है कि उक्त जानकारी/दस्तावेज प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है।

10. परियोजना प्रस्तावक द्वारा इस आशय का शपथ पत्र प्रस्तुत किया गया है कि उनके विरूद्ध इस परियोजना/खदान से संबंधित कोई न्यायालयीन प्रकरण देश के अंतर्गत किसी भी न्यायालय में लंबित नहीं है।

11. परियोजना प्रस्तावक द्वारा इस आशय का शपथ पत्र प्रस्तुत किया गया है कि उसके विरूद्ध भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना का.आ. 804(अ), दिनांक 14/03/2017 के अंतर्गत कोई उल्लंघन का प्रकरण लंबित नहीं है।

समिति द्वारा विचार विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से निम्नानुसार निर्णय लिया गया था:-

1. पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति का पालन प्रतिवेदन एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय, भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय से प्राप्त कर प्रस्तुत किया जाए।

2. वन्य प्राणी संरक्षण योजना का अनुमोदन प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्य प्राणी) से अनुमोदन कराकर प्रस्तुत किया जाए।

3. वनमण्डलाधिकारी भानुप्रतापपुर द्वारा जारी खनन कार्य के स्टेज-1 तथा स्टेज-2 में दिये गये शर्तों का उल्लंघन नहीं हुआ है बाबत् अद्यतन प्रमाण पत्र वन विभाग से प्राप्त कर प्रस्तुत किया जाए।

4. लीज सीमा से निकटतम वन क्षेत्र, निकटतम अभयारण्य/राष्ट्रीय उद्यान/ईको सेंसेटिव जोन की दूरी का उल्लेख करते हुए वन विभाग से जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया जाए।

उपरोक्त वांछित जानकारी/दस्तावेज प्राप्त होने उपरांत आगामी कार्यवाही की जाएगी।

तदानुसार एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के ज्ञापन दिनांक 10/01/2023 के परिपेक्ष्य में परियोजना प्रस्तावक द्वारा दिनांक 08/05/2023 को जानकारी/दस्तावेज प्रस्तुत किया गया।

(ब) समिति की आगामी बैठक दिनांक 11/05/2023

समिति द्वारा चाही गई, प्रस्तुत जानकारी का अवलोकन एवं परीक्षण करने पर निम्न स्थिति पाई गई:-

1. परियोजना प्रस्तावक द्वारा बताया गया कि पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति का पालन प्रतिवेदन हेतु एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय, भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय में आवेदन किया गया है। एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय, भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को प्रेषित पत्र की प्रति संलग्न कर प्रेषित की गई है।

2. कार्यालय वन मण्डलाधिकारी पूर्व भानुप्रतापपुर वनमंडल भानुप्रतापपुर, जिला-उत्तर बस्तर कांकेर के ज्ञापन क्रमांक/मा.चि./2023/1788 भानुप्रतापपुर, दिनांक 15/03/2023 द्वारा प्रस्तुत जानकारी अनुसार वन्य प्राणी संरक्षण योजना को प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्य प्राणी) द्वारा अनुमोदित किया गया है, अनुमोदन पश्चात् आवेदक संस्थान द्वारा वन्य प्राणी संरक्षण योजना की लागत राशि 33.00 लाख रूपये कैम्पा मद में जमा की जा चुकी है।

3. कार्यालय वन मण्डलाधिकारी पूर्व भानुप्रतापपुर वनमंडल भानुप्रतापपुर, जिला-उत्तर बस्तर कांकेर के ज्ञापन क्रमांक/मा.चि./2023/1788 भानुप्रतापपुर, दिनांक 15/03/2023 द्वारा प्रस्तुत जानकारी अनुसार उप वन मण्डलाधिकारी भानुप्रतापपुर के प्रतिवेदन के अनुसार आवेदक संस्थान द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन में स्टेज-1 एवं स्टेज-2 के शर्तों का पालन आवेदक संस्थान द्वारा किया गया है। प्रतिवेदन से सहमत होने का लेख किया गया है।

4. कार्यालय वन मण्डलाधिकारी पूर्व भानुप्रतापपुर वनमंडल भानुप्रतापपुर, जिला-उत्तर बस्तर कांकेर के ज्ञापन क्रमांक/मा.चि./2023/1788 भानुप्रतापपुर, दिनांक 15/03/2023 द्वारा प्रस्तुत जानकारी अनुसार लीज सीमा आवंटित वन क्षेत्र आर.एफ. 832, 833, 834 एवं 835 में निकटतम वन खण्ड क्रमांक पी.एफ. 831, पी.एफ. 832 स्थित है। आवंटित क्षेत्र के अंतर्गत अभयारण्य/राष्ट्रीय उद्यान/ईको सेंसिटिव जोन स्थित नहीं है।

समिति द्वारा विचार विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से निम्नानुसार निर्णय लिया गया:-

1. आवंटित खदान (ग्राम-हाहालद्दी) का रकबा 80 हेक्टेयर है। अतः यह खदान बी-1 श्रेणी की है। यह प्रकरण क्षमता विस्तार के लौह अयस्क और फाइन (मुख्य खनिज) एवं भिन्न आकार हेतु खनिज खनन क्षमता – 2.4 मिलियन टन प्रतिवर्ष से 1.2 मिलियन टन प्रतिवर्ष एवं न्यू आयरन ओर बेनिफिसिएशन (ड्राई/वेट) क्षमता – 0.88 मिलियन टन प्रतिवर्ष का है।

2. समिति द्वारा विचार विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से प्रकरण बी-1 कैटेगरी का होने के कारण भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा अप्रैल, 2015 में प्रकाशित स्टैण्डर्ड टर्म्स ऑफ रिफरेंस (टीओआर) फॉर ई.आई.ए./ई.एम.पी. रिपोर्ट फॉर प्रोजेक्ट्स/एक्टिविटीज रिक्वायरिंग इन्वायरमेंट क्लीयरेंस अण्डर ई.आई.ए. नोटिफिकेशन, 2006 में वर्णित श्रेणी 1(ए) एवं 2(बी) का स्टैण्डर्ड टीओआर (लोक सुनवाई सहित) नॉन कोल माइनिंग प्रोजेक्ट्स एवं मिनरल

[illegible] हेतु निम्न अतिरिक्त टीओआर के साथ जारी किये जाने की अनुशंसा की गई:-

i. Project proponent shall inform SEIAA & S.E.A.C. Chhattisgarh before commencement of Baseline Data Generation and start of monitoring work for preparation of EIA Study Report.

ii. Project proponent shall submit compliance report of previous environment clearance from Integrated Regional Office, MoEF&CC Raipur.

iii. Project proponent shall submit Environment Management Plan.

iv. Project proponent shall submit the noc from gram panchyat for installation of crusher in the lease area.

v. Project proponent shall submit certificate regarding important structure within 200 meter radius from the mine, from the concerned department.

vi. Project proponent shall submit the top soil & over burden management plan & incorporate the details in the EIA report.

vii. Project Proponent shall submit an undertaking that the top soil & over burden would be stacked at the earmarked place and shall use the same in plantation and backfilling of the mined out area.

viii. Project proponent shall submit an affidavit for commitment to the public (Objections/suggestions raised by public) during Public Hearing.

ix. Project proponent shall ensure that mining lease area to be demarcated by erection of boundary pillars at all corner and area to be fenced.

x. EIA study shall be done at minimum 8 no. of stations for data collection considering the pre-dominant wind direction.

xi. Project proponent shall submit the copy of panchnama and photographs of every monitoring station.

xii. Project proponent shall submit an affidavit stating that no harm, no damage and no contamination shall be committed to nearby water bodies.

xiii. Project proponent shall undertake plantation during the monsoon & incorporate in the EIA report.

xiv. Project proponent shall submit the 7.5 meter width of mine lease periphery & do plantation during the current year incorporating the plant cost, fertilizer cost, irrigation cost, maintainance cost for atleast 5 years and the details alongwith photographs in the EIA report.

xv. Project proponent shall undertake plantation (as far as possible tree species) within the mining lease area as per guidelines issued from time to time and particularly in the 7.5 meter safety zone area of minimum 05 feet height and shall maintain 90% survival rate. The plantation shall be maintained by project proponent for atleast 5 years. Project proponent shall submit half yearly reports regarding compliance to the Authority. The details to be submitted alongwith Geotag photographs in the EIA report.

xvi. Project proponent shall submit CER proposals preferably for creation of ECO park with details of works alongwith their estimates including land

cost and incorporating the plant cost, fertilizer cost, irrigation cost and maintenance cost for atleast 5 years & incorporate in the EIA report

राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आकलन प्राधिकरण (एस.ई.आई.ए.ए.), छत्तीसगढ़ को तदानुसार सूचित किया जाए।

17. **मेसर्स एसकेएस बायोफ्यूल्स प्राईवेट लिमिटेड, एनएच–30, ग्राम–कुकदरा एवं रामपुर, तहसील–बोड़ला, जिला–कबीरधाम (प्रकरण का नस्ती क्रमांक 1526)**

ऑनलाईन आवेदन – पूर्व में प्रपोजल नम्बर – एसआईए /सीजी /आईएनडी2/ 68825/2021, दिनांक 20/07/2021 द्वारा पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त करने के लिए आवेदन किया गया था। वर्तमान में प्रपोजल नम्बर – एसआईए/ सीजी/ आईएनडी2/ 266887/2022, दिनांक 25/02/2022 द्वारा पर्यावरणीय स्वीकृति में संशोधन हेतु आवेदन किया गया है।

प्रस्ताव का विवरण – परियोजना प्रस्तावक द्वारा तहसील–बोड़ला, जिला–कबीरधाम, ग्राम–रामपुर स्थित भूमि खसरा क्रमांक 1/2, 2, 3/1, 3/2, 4, 6 एवं ग्राम–कुकदरा स्थित भूमि खसरा क्रमांक 62/1 तथा 62/4, कुल क्षेत्रफल – 97.125 हेक्टेयर (24 एकड़) में न्यू मोलासेस क्षमता – 60 किलोलीटर प्रतिदिन (एनहाईड्रस एल्कोहल (इथेनॉल) / रेक्टिफाईड स्प्रिट / एक्स्ट्रा न्यूट्रल एल्कोहल उत्पादन हेतु) के स्थान पर न्यू मोलासेस /ग्रेन बेस्ड डिस्टिलरी क्षमता – 60 किलोलीटर प्रतिदिन (एनहाईड्रस एल्कोहल (इथेनॉल) / रेक्टिफाईड स्प्रिट / एक्स्ट्रा न्यूट्रल एल्कोहल उत्पादन हेतु) करने के लिए पर्यावरणीय स्वीकृति में संशोधन हेतु आवेदन किया गया है। परियोजना में विनिवेश की कुल लागत 141.26 करोड़ होगी।

एस.ई.आई.ए.ए., छत्तीसगढ़ के ज्ञापन क्रमांक 1284/एस.ई.आई.ए.ए.छ.ग./इ.ए./1526 नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 28/09/2021 द्वारा मेसर्स एसकेएस बायोफ्यूल्स प्राईवेट लिमिटेड, तहसील–बोड़ला, जिला–कबीरधाम, ग्राम–रामपुर स्थित भूमि खसरा क्रमांक 1/2, 2, 3/1, 3/2, 4, 6 एवं ग्राम–कुकदरा स्थित भूमि खसरा क्रमांक 62/1 तथा 62/4, कुल क्षेत्रफल – 97.125 हेक्टेयर (24 एकड़) में न्यू मोलासेस बेस्ड डिस्टिलरी क्षमता – 60 किलोलीटर प्रतिदिन (एनहाईड्रस एल्कोहल (इथेनॉल) / रेक्टिफाईड स्प्रिट / एक्स्ट्रा न्यूट्रल एल्कोहल उत्पादन हेतु) हेतु पर्यावरणीय स्वीकृति जारी किया गया।

तदानुसार परियोजना प्रस्तावक को एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के ज्ञापन दिनांक 18/04/2022 द्वारा प्रस्तुतीकरण हेतु सूचित किया गया।

बैठकों का विवरण –

(अ) समिति की [illegible] बैठक दिनांक 25/04/2022

प्रस्तुतीकरण हेतु श्री राकेश गौतम, डीजीएम कार्पोरेट उपस्थित हुए। समिति द्वारा नस्ती, प्रस्तुत जानकारी का अवलोकन एवं परीक्षण करने पर निम्न स्थिति पाई गई:–

1. परियोजना प्रस्तावक द्वारा पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति में निम्न संशोधन चाहा गया है:–

EC Reference	Existing	Amendment	Justification
Point 3. Raw Material (Page No. 3)	Molasses-C: 207 TPD Or Molasses-B heavy: 258 TPD Or Syrup (40-50° Brix): 315 TPD **Source:** From SSSUKM sugar factory + Remaining molasses will be purchased from nearby sugar factories and other vendors in raw material also involved N,P – 120 kg/day turkey red oil (TRO) – 400 Kg/D	Molasses-C: 207 TPD Or Molasses-B heavy: 258 TPD Or Syrup (40-50° Brix): 315 TPD **Source:** From SSSUKM sugar factory + Remaining molasses will be purchased from nearby sugar factories and other vendors Or Grains (Broken rice/ FCI rice), Maize, Sorghum: 180 TPD Source: Nearby open market In raw material also involved N, P – 120 kg/day & turkey red oil (TRO) – 400 Kg/D. In case of grain additional raw material Amylase 50 kg/day and Amyl glucosidase 90 kg/day involved.	In case of less/unavailability of Raw material (Molasses-C, B-heavy / Syrup) from the SSSUKM and nearby sugar mills, the distillery will be operated on waste grains as feedstock. Distillery unit will install all the necessary arrangements to achieve Zero liquid discharge (ZLD).
